दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◊◊ 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 19 जुलाई, 2023, सावन शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-94 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

महाराष्ट्र में चाचा भतीजा पता नहीं कौन सी खिचड़ी पका रहे हैं? चाचा का साथ छोड़ने वाले भतीजे ने भाजपा के साथ गठजोड़ कर लिया। एक बार फिर उपमुख्यमंत्री बन गए। मन पसंद विभाग ले लिया। इसके बाद वे चाचा के पास आशीर्वाद लेने पहुंच गए। इसे पारिवारिक मुलाकात माना जा सकता है, लेकिन दूसरे दिन फिर अजीत पवार अपने समर्थक विधायकों के साथ शरद पवार से मिलने पहुंच गये। समझ में नहीं आता कि चाचा अपने भतीजे को शीशे में उतार रहे हैं या भतीजा अपने चाचा को चने के झाड़ पर चढ़ा रहा है? दया! कुछ तो गड़बड़ है।

//-- सुविचार --//

विश्वास और भरोसे की बात तो सब करते हैं, पर जिस का विश्वास टूटता है उसी को पता होता है की विश्वास किसे कहते हैं!!

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 05:13 प्रात:

अस्त : 06:37 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.0	24.0
जमशेदपुर	34.0	27.0
हजारीबाग	32.0	28.0
डालटनगंज	34.0	27.0

सियासत. 26 विपक्षी दलों के गठबंधन का नया नाम हुआ तय, चार बिंदुओं पर बनी सहमति, अगली बैठक मुंबई में

नये गठबंधन का नाम इंडिया

इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस अर्थात भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समावेशी गठबंधन

बेंगलुरु : बेंगलुरु में विपक्षी दलों के महागठबंधन को नया नाम मिल गया है। इसे अब INDIA यानी इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस के नाम से जाना जाएगा। हिंदी में इसे भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समावेशी गठबंधन नाम दिया गया है। 26 दलों के नेता इस नाम पर सहमति बना चुके हैं और बेंगलुरु बैठक में चार अहम मुद्दों पर सहमति बनने की खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, विपक्षी दलों की इस बैठक में यूपीए की तर्ज पर राज्यवार गठबंधन, सीट बंटवारे समेत महागठबंधन के नए नाम पर चर्चा हुई है। बैठक में सभी दलों के साथ समन्वय और तालमेल के लिए एक संयोजक बनाने पर चर्चा हुई है। सूत्र बताते हैं कि सोनिया गांधी या नीतीश कुमार में से किसी एक को संयोजक बनाया जा सकता है। सोनिया गांधी के नाम पर किसी भी दल को कोई एतराज नहीं होगा। क्योंकि वे पीएम पद की दावेदार भी नहीं होंगी। हालांकि अगर इस पद को लेकर कोई विवाद उठेगा तो कांग्रेस इससे पीछे भी हट सकती है। अगली बैठक मुंबई में होने पर सहमति बनी है।

26 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया

जानकारी के मुताबिक, विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक में करीब 26 दलों ने हिस्सा लिया। इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई बड़े नेता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। बैठक में एक सामूहिक संकल्प पेश किया गया, जिस पर सभी दलों ने सहमति जताई।

कपिल सिब्बल ने पीएम मोदी को घेरा

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि विपक्ष ने यह नाम इसलिए है, क्योंकि आने वाले महीनों में यह भारत बनाम पीएम मोदी होगा, क्योंकि यहां (विपक्ष) सभी लोग समावेशी भारत के लिए लड़ रहे हैं, जो संविधान में लिखा है और पीएम मोदी विशिष्ट भारत के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने वंशवादी राजनीति पर पीएम मोदी के बयान पर कहा कि पीएम मोदी कौन सी वंशवादी राजनीति की बात कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और अशोक गहलोत से इसका क्या संबंध है। ये बयान किसी भी ठोस चीज पर आधारित नहीं है।

भाजपा ने अचानक से एनडीए को पुनर्जीवित क्यों किया : उमर

नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा ने अचानक से एनडीए के विचार को पुनर्जीवित क्यों किया? वे जो प्रभाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि 2024 में भाजपा जीत रही है वो सच नहीं है। उनका गठबंधन एक जरूरत बन गई है। हम अभी तक जब बैठक करते थे तो भाजपा कहती थी की देखिए, हर कोई एक के खिलाफ है, अभी वे भी गठबंधन कर रहे हैं। उन्हें अपनी गठबंधन की चिंता करनी चाहिए हमारे गठबंधन की नहीं।

हम देश के लिए एक हुए हैं : उद्धव

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि राजनीति में विचारधारा अलग तो होती ही है लेकिन हम देश के लिए एक हुए हैं। लोगों को लगता है कि हम परिवार को बचाने के लिए एक हुए हैं, देश हमारा परिवार है और उसे बचाने के लिए हम एक हुए हैं। इस तानाशाह सरकार के खिलाफ हम लड़ेंगे।

'नरेंद्र मोदी और 'इंडिया' के बीच लड़ाई : राहुल

बेंगलुरु : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विपक्षी दलों के नए गठबंधन के नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के बहाने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जमकर घेरा। उन्होंने मंगलवार को कहा कि अब लड़ाई इंडिया और नरेंद्र मोदी के बीच है। इन सब के बीच यह बताने की जरूरत नहीं है कि जीत किसकी होगी। जब भी कोई हिंदुस्तान के सामने खड़ा होता है, तो जीत किसकी होती है, यह बताने की जरूरत नहीं है। बाद में राहुल गांधी ने एक ट्वीट भी किया। उन्होंने लिखा, 'भारत जुड़ेगा, इंडिया जीतेगा।' बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में राहुल ने कहा कि जब हम चर्चा कर रहे थे, तो हमने खुद से सवाल पूछा कि लड़ाई किसके बीच है। हमने पाया कि यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। यह देश की आवाज के लिए लड़ाई है, क्योंकि देश की आवाज को दबाया जा रहा है। इसीलिए हमने यह नाम चुना। राहुल ने कहा कि यह लड़ाई एनडीए और इंडिया के बीच है। पीएम मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच लड़ाई है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होगी। हमने तय किया है कि एक विस्तृत योजना तैयार करेंगे। हम अपनी विचारधारा और देश के लिए जो करने जा रहे हैं, उसके बारे में लोगों को बताएंगे।

पिछले 9 वर्षों में अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 26 पार्टियां एकत्रित हुई, यह दूसरी मीटिंग थी और यह अच्छी बात है कि कुनबा बढ़ रहा है। आज 26 पार्टियां अपने लिए एकत्रित नहीं हुए हैं, हमें एक तरफ देश को नफरत से बचाना है और दूसरी तरफ एक नए भारत का सपना लेकर हम सब इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा ने पिछले 9 वर्षों में अर्थव्यवस्था, रेलवे को बर्बाद कर दिया है। युवा, किसान, व्यापारी, उद्योगपति हर कोई इस एनडीए सरकार से नाखुश है।

हम देशभक्त हैं : ममता

ममता ने कहा कि आपने यूपीए के बारे में सुना, एनडीए अभी भी है, लेकिन एनडीए क्या आप भारत को चुनौती दे सकते हैं? भाजपा क्या आप भारत को चुनौती दे सकते हैं? पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हम अपनी मातृभूमि से प्यार करते हैं, हम देशभक्त हैं। भारत जीतेगा, हमारा देश जीतेगा और बीजेपी हारेगी।

संक्षिप्त खबरें

मोदी 27 को जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त

सीकर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जुलाई को सीकर आएंगे। प्रधानमंत्री यहां जिला स्टेडियम में किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करेंगे। वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन पीएम प्रणाम योजना की शुरुआत भी करेंगे। पिछले 9 वर्षों में सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के अथक प्रयास से यहां पर किसानों के लिए रेलवे, मेडिकल कॉलेज, सड़कों सहित अन्य विकास के कार्य करवाए हैं, उसको देखते हुए प्रधानमंत्री का यहां पर दौरा प्रस्तावित किया गया है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने एक सवाल में बताया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाले अन्य राजनीतिक दलों का प्रभाव एक राज्य से दूसरे राज्य में नहीं है। इन दलों के नेताओं को उनके भ्रष्टाचार के कारण जेल भेजा जा रहा है, इससे बचने के लिए ये गठबंधन बना रहे हैं। पत्रकार वार्ता के बाद केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री ने जिला स्टेडियम का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

एनडीए की बैठक में पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

'नकरात्मकता के साथ बने गठबंधन कभी भी सफल नहीं हो पाए'

नई दिल्ली : एनडीए के घटक दलों के साथ मंगलवार को हुई बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। बैठक के बाद ढट मोदी ने विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से होता है, जब गठबंधन भ्रष्टाचार के इरादे से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया जाता है तो वह गठबंधन देश को बहुत नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए के 25 वर्षों की इस यात्रा के साथ एक और संयोग जुड़ा है। ये वह समय है, जब हमारा देश आने वाले 25 वर्षों में एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कदम बड़ा रहा है। ये लक्ष्य विकसित भारत का है, आत्मनिर्भर भारत का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक तरह से एनडीए अटल जी की एक ओर विरासत है, जो हमें जोड़े हुए है। एनडीए के निर्माण में आडवाणी जी ने भी बहुत अहम भूमिका निभाई थी और वो आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में एनडीए के गठन के 25 साल पूरे हुए हैं। ये 25 वर्ष देश की प्रगति को गति देने

और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि राज्यों के विकास से देश का विकास, इस मंत्र के साथ एनडीए ने हमेशा काम किया है। मैं नए साथियों का ह्दय का स्वागत करता हूं। एनडीए के 25 वर्षों की यात्रा के साथ एक और सुखद संयाग जुड़ा है। यह वह समय है , जब हमारा देश आने वाले 25 साल के लिए बड़े लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। यह लक्ष्य विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का है। इस अहम कालखंड में एनडीए की बहुत बड़ी भूमिका है।

उन्होंने कहा कि एनडीए का मतलब है एन-न्यू इंडिया, डी- विकसित राष्ट्र, ए- लोगों की आकांक्षा। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचितों को ठऊअ पर भरोसा है। सभी का विश्वास एनडीए पर है। अर्थशास्त्री से लेकर कई अहम लोग भी यही मानते हैं। सरकारें बहुमत से बनता है, लेकिन देश सबके प्रयास से चलता है। ऐसे में एनडीए सबके प्रयास के साथ आगे बढ़ रहा है।

राहुल-सोनिया गांधी की फ्लाइट की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग

भोपाल : कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी की फ्लाइट की भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते भोपाल में लैंड की गई। दोनों नेता विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने के बाद बेंगलुरु से दिल्ली जा रहे थे। एयरपोर्ट अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों नेता नॉन शेड्यूल फ्लाइट से दिल्ली जा रहे थे। रात करीब 8 बजे तकनीकी खराबी की चलते उनकी फ्लाइट भोपाल में लैंड हुई। दोनों नेता भोपाल से इंडिगो की फ्लाइट से 9:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुए। इससे पहले बेंगलुरु में मंगलवार को विपक्षी दलों की बैठक हुई। बैठक में 26 विपक्षी दल एक साथ शामिल हुए। बैठक समाप्त होने के बाद सोनिया व राहुल गांधी दिल्ली वापस लौट रहे थे।

पैंगोलिन बरामद, वन विभाग को सौंपा

गुवाहाटी। गुवाहाटी महानगर पुलिस ने एक पैंगोलिन को बरामद कर वन विभाग को सौंपा है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सिटी पुलिस ने गाड़ीगांव के नूर इस्लाम अली और राजू अहमद की मदद से एक पैंगोलिन को पकड़ा है। पैंगोलिन को वन विभाग को सौंप दिया गया है।

प. सिंहभूम व लोहरदगा के डीसी को राष्ट्रपति के हाथों मिला भूमि सम्मान

रांची। भूमि संसाधन विभाग के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में मंगलवार को पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल व उनकी टीम को भूमि सम्मान-2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान कर भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए संचालित अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया।

पुरस्कार प्राप्त करने वाली जिले की टीम में अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा एवं जिला भू अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर शामिल थे। सम्मान मिलने के बाद उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान जिले के लिए गर्व की बात है। इसमें पूरी टीम की मेहनत है। इस तरह का सम्मान मिलने से टीम का मनोबल बढ़ता है। उपायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी कर्मचारियों को दिया।

लोहरदगा जिले के डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और उप विकास आयुक्त समीरा एस को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भूमि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया है। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीसी और डीडीसी ने यह सम्मान राष्ट्रपति के हाथों प्राप्त किया, जो लोहरदगा के लिए यह गौरव की बात है।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे देश के 75 जिलों में लोहरदगा को भी यह सम्मान मिला है।लोहरदगा जिले की ओर से उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस को लैंड डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया है। लोहरदगा के साथ झारखंड के नौ जिलों को भी यह सम्मान मिला है। इसमें पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, दुमका, चतरा, गुमला, गिरिडीह, खूंटी और सिमडेगा शामिल हैं।

डीसी और डीडीसी के नेतृत्व में सेल डीड, खतियान और अन्य जमीन संबंधी डॉक्यूमेंट का डिजिटलाइजेशन करने का 99 प्रतिशत से अधिक सफलतापूर्वक किया गया है। लोहरदगा डीसी और डीडीसी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलने पर यहां के लोगों ने खुशी जताई है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई दी है।

ऊर्जा | कोयला स्टॉक 28 प्रतिशत से बढ़कर 33.46 मिलियन टन तक पहुंचा

बिजली संयंत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में है कोयला

नवप्रदेश ब्यूरो

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश के ताप विद्युत संयंत्रों (टीपीपी) के लिए कोयला पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। 16 जुलाई तक ताप विद्युत संयंत्रों का कोयला स्टॉक 33.46 मिलियन टन (एमटी) था, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। खदान के अंत में पिटहेड कोयला स्टॉक, पारगमन में स्टॉक और टीपीपी सहित सभी स्थानों पर कोयले की उपलब्धता पिछले वर्ष के 76.85 एमटी की तुलना में 103 एमटी है, जो 34त्न अधिक है। कोयला मंत्रालय सभी केंद्रीय और राज्य की विद्युत उत्पादन कंपनियों के साथ भी निकटता से समन्वय कर रहा है

और बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है। कोयला मंत्रालय ने यह भी कहा है कि जुलाइ 2023 के दौरान उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में काफ ी अधिक रहा है। दरअसल, वर्षा के कारण कोयले के उत्पादन पर बहुत ही मामूली असर पड़ा है। यह मानसून ऋतु के लिए खदान-वार अग्रिम योजना के माध्यम से संभव हुआ है। कोयला कंपनियों ने बड़ी खदानों से निर्बाध निकासी के लिए सीमेंटेड सड़कों का निर्माण किया है। मशीनीकृत कोयला हैंडलिंग संयंत्रों के माध्यम से नौ कोयला खदानों से रेलवे साइडिंग तक परिवहन शुरू किया गया है। कोयला कंपनियों ने ऊपरी परतों से कोयला निकालने की भी योजना बनाई है, जिसके फलस्वरूप 1 अप्रैल से 16 जुलाई तक कोयला उत्पादन 258.57 मिलियन टन (एमटी) रहा है, जबकि पिछले साल यह 236.69 एमटी था।

वहीं, बिजली क्षेत्र को भेजा गया कोयला पिछले साल के 224 एमटी के मुकाबले इस साल 233 एमटी रहा है। वास्तव में, पर्याप्त उपलब्धता के कारण, कोयला कंपनियों ने इस अवधि के दौरान गैर-विनियमित क्षेत्र को भारी अतिरिक्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति की है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि इस वर्ष तापीय विद्युत उत्पादन में वृद्धि केवल 2.04 प्रतिशत है, जबकि कोयले के उत्पादन में वृद्धि 9 प्रतिशत से अधिक रही है। जहां तक रेलवे रेक की उपलब्धता का सवाल है, रेल मंत्रालय द्वारा सभी सहायक कंपनियों के लिए पर्याप्त रेक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले के स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कोयला, रेल और बिजली मंत्रालय सभी ताप विद्युत संयंत्रों के लिए कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निकट समन्वय में काम कर रहे हैं। कोयला मंत्रालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोयले की अनुपलब्धता के कारण किसी भी बिजली संयंत्र को बंद नहीं किया गया है। जो संयंत्र बंद हुए हैं, वे किन्हीं अन्य कारणों से बंद हुए हैं।

जापान में निकाली गयी कांवड़ यात्रा, बिहार से लाया गया गंगाजल

टोक्यो। दुनिया के तमाम देशों में होली, दीवाली और छठ जैसे आयोजन होते रहते हैं, किन्तु इस बार कांवड़ यात्रा भी सात समंदर पार जापान तक पहुंच गयी है। जापान की राजधानी टोक्यो से कांवड़ यात्रा निकाली गयी है। टोक्यो से सीतामा तक कावंड़ियों का उल्लास छाया रहा। बिहार से लाए गए गंगाजल से सीतामा के शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया।

जानकारी के मुताबिक कांवड़ यात्रा का उत्साह इस बार जापान तक पहुंच गया है। पवित्र सावन माह में भगवान भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक करने के लिए जापान की राजधानी टोक्यो से कांवड़ यात्रा शुरू हुई। बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ जापान और बिहार फाउंडेशन की पहल पर भारी

संख्या में कावंड़िये कांवड़ यात्रा के साथ बम भोले का उद्घोष करते हुए निकले। जापान में भारत के राजदूत सीबी जॉर्ज ने मुख्य अतिथि के रूप में कावंड़ियों को विदा किया।

जापान में बिहार-झारखंड एसोसिएशन और बिहार फाउंडेशन के प्रमुख आनंद विजय सिंह ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लाया गया है। टोक्यो के फुनाबोरी स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से कांवड़ यात्रा शुरू हुई। यात्री सीतामा के शिव मंदिर तक कांधे पर पवित्र गंगाजल की कांवड़ लेकर सीतामा स्थित शिव मंदिर तक पहुंचे। वहां गंगा जल से भगवान महादेव का जलाभिषेक किया गया। रास्ते में जगह-जगह भारतवंशियों ने इन कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। कांवड़िये भी शिव के जयघोष में डूब कर भक्ति के गीत गाते चल रहे थे।

झारखंड में शत-प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य, तैयारियों में जुटा चुनाव आयोग

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर अर्बन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तौर तरीके बताए जा रहे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय सभागार में तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए चुनाव आयोग राज्यभर में 800 मास्टर ट्रेनर तैयार कर रहा है, जो जिला स्तर पर अधीनस्थ कर्मियों को प्रशिक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान झारखंड की सभी 14 सीटों पर शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने तय किया है। इसके लिए वैसे शहरों और उसमें पड़ने वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में मतदान औसतन 66 फीसदी होते रहे हैं जबकि पश्चिम बंगाल में इसका प्रतिशत 80 तक पहुंच चुका है। ऐसे में झारखंड के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि चुनाव के दरम्यान मतदान प्रतिशत किस तरह से बढ़ाया जाए। छत्तीसगढ़ से आए दो विशेषज्ञ झारखंड के 800 ऐसे पदाधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करने में जुटे हैं।

आमतौर पर यह कहा जाता है कि पढ़े-लिखे और शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान के प्रति जागरूक होते हैं लेकिन इसके ठीक विपरीत झारखंड के शहरी इलाकों में देखा जाता है। राजधानी रांची सहित राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो जैसे शहर में मतदान के दिन पढ़े-लिखे और शिक्षित जो पॉश इलाकों में रहने वाले लोग मतदान करने नहीं पहुंचते। ऐसे में इन शहरों में मतदान का प्रतिशत 50 तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। चुनाव आयोग ने इन शहरों के ऐसे मतदान केंद्रों को चिन्हित करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक तैयारी की है, जिसके तहत 18 वर्ष पूरा करने वाले युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक करने और अपने घर के सदस्यों को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर राज्यभर में विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

एक नजर

मुख्यमंत्री ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर दुःख जताया

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक प्रतिशील और जन नेता खो दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

सीबीआई की कहा, तारा शाहदेव को धोखे में रखकर की गई शादी

रांची। रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई की ओर से बहस की गयी। सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि तारा शाहदेव को धोखे में रखकर शादी की गयी। कहा गया कि शादी के बाद निकाह पढ़ाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। इतना ही नहीं इस केस के दूसरे अभियुक्त मुश्ताक अहमद ने तारा को शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रताड़ित भी किया। सीबीआई की बहस के बाद अब अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की गयी है। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का टाइम टेबल जारी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत कुछ दिन पहले की गई है। अब लोगों के लिए इस ट्रेन को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी है। अब रांची से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन बहुत जल्द चलने वाली है। इसकी समय सारणी और रूट भी तय हो चुका है। वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद और आसनसोल होते हुए हावड़ा जाएगी। पूर्व में रेलवे ने वंदे भारत के लिए जो समय तय किया था उसके मुताबिक, हावड़ा से ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होने वाली थी और धनबाद होते हुए ट्रेन के दोपहर 12.55 बजे रांची पहुंचने का समय निर्धारित था। वापसी में ट्रेन के दोपहर 3.20 बजे रांची से खुल कर रात 8.10 बजे हावड़ा पहुंचने का समय तय हुआ था। रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जाएगी। वहीं, हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट में खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंच जाएगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी। रांची से हावड़ा पहुंचने के बाद करीब साढ़े तीन घंटा के अंतराल पर इसी ट्रेन से वापसी होगी। रेलवे अधिकारी का कहना है कि वंदे भारत ट्रेन खासकर व्यापारियों के लिए लाभदायक होगी, जो कोलकाता व्यवसाय के लिए जाते हैं। इमरजेंसी का काम कर उसी दिन हावड़ा से लौटा भी जा सकता है। वंदे भारत ट्रेन के जरिए रांची से हावड़ा का सफर महज छह घंटा 35 मिनट में पूरा होगा। हालांकि, किराए के संबंध में अभी विशेष जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभी स्पेशल ट्रेन के रूप में किराया सामान्य किराए से 30 प्रतिशत ज्यादा था लेकिन स्थाई होने से इस ट्रेन का किराया 30 प्रतिशत कम हो जाएगा। यह साप्ताहिक ट्रेन है।

राजेश ठाकुर ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर जताया शोक

रांची। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर मंगलवार को शोक प्रकट करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी ने एक बड़ा स्तंभ खो दिया, उन्हें मेरी विनम्र श्रद्धांजली। उनकी अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व ने केरल की प्रगति को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे एक जन नेता के रूप में हमेशा याद किये जाएंगे।

लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द

रांची। रांची नगर निगम ने मंगलवार को लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 14 लाभुकों का आवंटन रद्द कर दिया है। नगर निगम का कहना है कि इन लाभुकों ने पहली किश्त के बाद कोई राशि जमा नहीं की है। आवंटन रद्द करने की सूचना नगर निगम के सहायक प्रशासक की ओर से जारी की गयी है। जिन लोगों का आवंटन रद्द हुआ है, उनमें रेणु देवी सिंघानिया, जीतेंद्र कुमार, सचिव कुमार, सोनी कुमारी, मुन्ना महली, रूबी देवी, सुप्रिया देवी, जशो देवी, राम बरन सिंह, दीपक तिवारी, बीना देवी, शशिकांत दास, संतोष दीक्षित और अमरेश कुमार झा के नाम हैं। निगम ने इन आवंटियों को आपत्ति दर्ज कराने के लिए 22 जुलाई तक का समय दिया है।

हाई कोर्ट ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

रांची(हि.स.)। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड विधानसभा की ओर से कोर्ट के आदेश के आलोक में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की वन मैन कमिटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है तो सचिव, विधानसभा कोर्ट में अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी।

इससे पहले विधानसभा की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा गया की जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमिशन की रिपोर्ट अभी जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास है। इस पर खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को निर्देश दिया कि वे जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की कमीशन से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट लेकर हाई कोर्ट में प्रस्तुत करें।

वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति की जांच करने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश एवं अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की जबकि याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? वह रिपोर्ट कब तक आएगी।

हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनोज पुनमिया की याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। मनोज पुनमिया की ओर से ईडी की विशेष अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह कोर्ट से किया गया है। उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है। ईडी कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावे अरविंद व्यास , मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपितों के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। फिलहाल इस मामले में ईडी कोर्ट में गवाही चल रही है।

पंचायती राज विभाग ने 15वें वित्त आयोग से 650 करोड़ आवंटन के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

रांची(हि.स.)। 15वें वित्त आयोग के पहली किस्त के लिए 650 करोड़ की अनुदान राशि प्रस्ताव तैयार कर पंचायती राज विभाग ने भारत सरकार को भेज दिया है। बताया जाता है कि सारी अर्हताएं पूरी करने के बाद ही यह प्रस्ताव भेजा गया है। झारखंड को 15वें वित्त आयोग से इस साल 1309 करोड़ रुपये प्राप्त होने हैं। पंचायती राज विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव पहले भेजा था लेकिन पूर्व की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि नहीं होने की वजह से आवंटन लटका हुआ था। अब विभाग ने नये सिरे से प्रस्ताव तैयार करते हुए इसे स्वीकृति के लिए भेजा है। 15वें वित्त आयोग से झारखंड से त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित की जानी है। इस वित्तीय वर्ष के करीब साढ़े तीन माह बीत गये हैं लेकिन अभी तक राशि नहीं मिलने से विकास प्रभावित है। विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अब राशि मिलने की संभावना जताई जा रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सं0-2, रांची।

शुद्धि - पत्र

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबंधित श्रेणी में निबंधित संवेदकों को सूचित किया जाता है कि P.R. No. 302464 Building (23-24)D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0-27/2022-23, जिसका परिमाण निविदा की बिक्री की तिथि 04.08.2023 है। क्रमांक सं0-(1) Repair Work for Exterior Surface of the Building and Boundary Wall at State Musium, Hotwar, Ranchi के कार्य का प्राक्कलित राशि-28,02,200.00 के स्थान पर प्राक्कलित राशि- 28,02,200.00 पढ़ा जाए। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0-2, रांची।

PR 302648 (Building) 23-24 (D)

राजनीतिक दलों को ऑनलाइन देना होगा वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। अब राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को ऑनलाइन वित्तीय लेखा-जोखा उपलब्ध कराना होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन लेखा-जोखा की शुरुआत चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 से शुरू की है। भारत निर्वाचन आयोग के इस निर्णय के बाद झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टी को पत्र भेजकर ससमय रिपोर्ट आयोग को देने को कहा है।

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों के वित्तीय लेखा जोखा को वार्षिक ऑडिट अकाउंट रिपोर्ट के माध्यम से जमा करने को कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की ओर से जारी पत्र के अनुसार जो राजनीतिक दल ऑनलाइन मोड में वित्तीय रिपोर्ट दाखिल नहीं करना चाहते हैं, उन्हें लिखित रूप में इसकी वजह बतानी होगी। इसके अलावा आयोग के द्वारा निर्धारित प्रारूप में सीडी या पेन ड्राइव के साथ हार्ड कॉपी प्रारूप में रिपोर्ट भी दाखिल कर सकते हैं।भारत निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों के द्वारा वित्तीय डिटेल ऑनलाइन दाखिल नहीं करने की वजह को सार्वजनिक करने का काम करेगी।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एनआरआई महिला के पास गोली बरामद



रांची। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक एनआरआई महिला यात्री के पास से गोली बरामद हुई। सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी एयरपोर्ट थाना को दी है। महिला से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया। महिला के पास से बरामद 40 बोर की गोली को भी जब्त कर लिया गया है। एलिजाबेथ एल पीटर ने दिल्ली जाने वाली एयर एशिया की फ्लाइट में टिकट बुक था। एयरपोर्ट थाना में एलिजाबेथ के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

विपक्षी दलों की बैठक पर बाबूलाल मरांडी का कटाक्ष

नवप्रदेश संवाददाता

रांची(हि.स.)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर कटाक्ष किया। उन्होंने विपक्षी बैठक को परिवार बचाओ मोर्चा की बैठक बताया। साथ ही कहा कि विपक्षी दलों के बीच ही आपसी संघर्ष है। इसके बाद भी सब जहर का घूंट पीकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए गोलबंद होने का प्रयास कर रहे हैं। बाबूलाल ने कहा कि यूपी में अखिलेश यादव कांग्रेस से लड़ रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस से लड़ रहे हैं। बिहार में कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश में नीतीश-लालू लगे हैं। झारखंड में कांग्रेस पिछलग्गू बनकर रह गई। कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस को कोस रही हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने-अपने परिवार की सल्तनत बचाने के लिए बड़े घरानों की बेटे-बेटियां बेंगलुरु में शिरकत कर रहे हैं। ये सारे के सारे खानदानी जनता द्वारा नकारे जा चुके हैं। राजनीति में दो निगेटिव मिलकर कभी पॉजिटिव नहीं बन सकते। उन्होंने उदाहरण दिया कि गांधी परिवार में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे परिवारवादी लोग हैं। इसी तरह मुलायम परिवार में अखिलेश यादव, लालू परिवार में तेजस्वी यादव, करुणानिधि परिवार में एमके स्टालिन, अजीत सिंह परिवार में जयंत चौधरी, सोरेन परिवार में हेमंत सोरेन, ठाकरे परिवार में उद्धव और आदित्य ठाकरे, पवार खानदान में शरद पवार, सुप्रिया सुले, अब्दुल्ला खानदान में फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार में महबूबा मुफ्ती जैसे परिवारवादी हैं।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI
Very Short e-Quotation No. 01/2023-24 (3rd Call)

P.R. No. [illegible] Drinking Water and Sanitation (23-24)D

Rates through e-Quotation has been invited for the items/materials uploaded in https://jharkhandtenders.gov.in for finalisation & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Transformer (Kirloskar/ ABB/ Crompton Greaves/ Synergy make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to items/ materials with specification shall be submitted online to the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer with other allied materials under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 24.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 25.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

Address for Communication
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi.
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- [illegible]

Executive Engineer,
D.W.& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi

PR 302588 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

बेटियों के सशक्तिकरण में सहायक बन रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना ने सात लाख से अधिक बेटियों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। राज्य सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से आच्छादित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 691770 और 18 से 19 वर्ष की 37862 किशोरियां शामिल हैं। किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा जाना है।

सबसे अधिक गिरिडीह की बेटियां

योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियां जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870 किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं।

जिला स्तर पर चल रहा अभियान

राज्य की नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सभी किशोरियों को योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए किशोरियों को जरूरी प्रमाण पत्र निर्गत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि योजना के दायरे में आने वाली सभी पात्र बेटियों को योजना से जोड़ा जाए।

पढ़ाई छूटे नहीं, जागरुकता का हो संचार

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर जोर दे रही है, ताकि आर्थिक तंगी की वजह से उनकी पढ़ाई न छूटे। बेटियां शिक्षित होंगी तो बाल विवाह प्रथा पर विराम लगेगा और बेटियां अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम होंगी।

किन किशोरियों को मिल रहा लाभ

राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरियों को 2500-2500 रुपये दे रही है। इसके अतिरिक्त 10वीं, 11वीं और 12वीं की किशोरियों को 5000-5000 हजार रुपये की राशि मिल रही है। 18 से 19 आयु की बेटियों को एकमुश्त 20 हजार रुपये देने का प्रावधान है। इस तरह किशोरियों को पढ़ाई के क्रम में कुल 40 हजार रुपये मिल रहा है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-09/2023-24

[illegible]

क्र. सं.	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
1	Const. of 3 Additional Class Room Basic School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
2	Const. of 4 Additional Class Room Upgraded High School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
3	Const. of 4 Additional Class Room UPG H.S [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
4	Const. of 4 Additional Class Room UPG High School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
5	Const. of 4 Additional Class Room UPG High School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
6	Const. of 4 Additional Class Room UPG High School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
7	Const. of 4 Additional Class Room Primary School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह
8	Const. of 4 Additional Class Room Primary School [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	6 माह

* [illegible] www.jharkhandtenders.gov.in [illegible]

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, रामगढ़

PR 302637 Building(23-24)D

दवा दुकान गोलीकांड की घटना में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः टाटीसिलवे थाना की पुलिस ने रंगदारी की मांग कर गोली फायरिंग की घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार की है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अपराधी राजू कुमार गुप्ता (कोर्रा पर मीना बाजार गुलजारबाग थाना गुलजारबाग, जिला पटना(बिहार), वर्तमान पता गौरीशंकर के मकान में किरायेदार कटरा बाजार, थाना मालसलामी, जिला पटना बिहार), नव नेहाल सिंह उर्फ चन्दन, (नेवरी विकास, सदबी०आई०टी० मेसरा) और अभिषेक रंजन,(रोड न0-02 आदर्शनगर, थाना टाटीसिल्वे, जिला राँची) के पास से एक देशी पिस्टल, गोली, खोखा, गोली का अग्रभागा पिलेट और मोबाइल बरामद की है।

इस संबंध में रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि वादी के द्वारा थाना में दिये अपने लिखित आवेदन में उल्लेख किया गया कि दिनांक 13.06.23 को बादी अपनी बेटी के ससुराल धनबाद गये हुए थे तथा वादी का टाटीसिलवे बाजार बीड बंगला स्थित दवा दुकान पर अपाची मोटरसाईकिल पर सवार दो अपराधकर्मी पहुंचे और रंगदारी हेतु धमकी भरा पत्र वादी के स्टॉफ को देते हुए उसके ऊपर जानलेवा फायरिंग किया गया था, जिसमें वादी का स्टॉफ किसी तरह से अपनी जान बचाया। इसी प्रकार महिलौग स्थित वादी के मोटरसाईकिल गैरेज में भी वहीं अपाची मोटरसाईकिल सवार अपराधकर्मी आये तथा बादी के स्टॉफ को रंगदारी हेतु धमकी भरा पत्र देते हुए जानलेवा फायरिंग किया गया उक्त दोनों स्थानों से जाते समय अपराधकर्मियों ने वादी के स्टॉफ को धमकी देते हुए गये कि अगर रंगदारी नहीं दिया गया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा।

- **टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में रंगदारी की मांग कर अपराधियों ने की थी गोली फायरिंग**
- **देशी पिस्टल, गोली, खोखा, गोली का अग्रभागा पिलेट और मोबाइल बरामद**

उक्त कांड का उदभेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) प्रथम रांची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अप्राथमिकी अभियुक्त 1. राजू कुमार गुप्ता, नवनेहाल सिंह उर्फ चन्दन,और अभिषेक रंजन को गिरतार किया गया, जिन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त अवैध देशी पिस्टल, गोली, घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, घटना के समय अपराधकर्मियों द्वारा पहना हुआ वस्त्र एवं जुता, 03 मोबाईल तथा घटना स्थल से एक खोखा, 01 गोली का अग्रभाग पिलेट) एवं धमकी भरा पत्र को बरामद किया गया है।

एसएसपी ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आये गिरफ्तार अपराधकर्मी राजू कुमार गुप्ता का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ गोन्दा , सदर , सुखदेवनगर थाना , टाटीसिलवे में कई मामलें दर्ज है। वहीं गिरफ्तार अपराधकर्मी नवनेहाल सिंह उर्फ चन्दन का भी आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ सदर बीआइटी मेसरा थाना में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस टीम में मुमल राजपुरोहित, सहायक पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) प्रथम राँची ,पुनि महेन्द्र कुमार करमाली, थाना प्रभारी टाटीसिलवे, पुअनि रवि कुस्कू टाटीसिलवे थाना ,पुअनि पंकज चौधरी, टाटीसिलवे थाना सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

एक नजर

एनआरआई महिला यात्री के पास से गोली बरामद

- **एयरपोर्ट थाना में प्राथमिकी दर्ज**
- **पुलिस ने पूछताछ के बाद महिला को पीआर बांड पर छोड़ा**

रांचीः बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक एनआरआई महिला यात्री के पास से गोली बरामद हुई। सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी एयरपोर्ट थाना को दी है। इस संबंध में एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद प्रकाश ने बताया कि महिला से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया है। महिला के पास से बरामद 40 बोर की एक गोली को भी जब्त किया गया है। एलिजाबेथ एल पीटर ने दिल्ली जाने वाली एयर एशिया की फ्लाइट में टिकट बुक था। एयरपोर्ट थाना में एलिजाबेथ के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसे बिरसा नगर के पास गोली सड़क में गिरा हुआ मिला था,जिसे वह जेवर बनाने के लिये अपने पास रखी थी। बिरसा नगर में महिला के पिता का घर है।

एटीएस टीम पर हमले के बाद जांच करने पतरातू पहुंची सीआईडी की टीम

रांची/रामगढ़। आपराधिक गिरोह के द्वारा एटीएस की टीम पर किए गए हमले की जांच सीआईडी कर रही है। मंगलवार कि सुबह सीआईडी एसपी जेबीएन चौधरी पतरातू पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। पतरातू थाना क्षेत्र के खैरा मांझी द्वार खलारी रोड में डाड़ीडीह सरना उच्च विद्यालय के समीप घटनास्थल की जांच की। इस दौरान उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जानकारी के बाद टीम यहां पहुंची है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। विदित हो कि सोमवार की रात अमन साहू गिरोह के लोगों के द्वारा एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और दरोगा सोनू साहू को गोली मार दी गई थी । घटना को लेकर रामगढ़ एसपी रात में घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। घटना के 10 घंटे बीत जाने के बाद सीआईडी की टीम भी घटनास्थल पहुंचकर पूरे मामले को लेकर पड़ताल कर रही है। जिस जगह वारदात हुई है वहां पर नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया गया है।

घायल एटीस डीएसपी और दारोगा को देखने मेडिका पहुंचे डीजीपी

रांची। अमन साहू के गुर्गे को पकड़ने गये मुठभेड़ में घायल एटीस डीएसपी और दारोगा अब खतरे से बाहर है। डीजीपी अजय कुमार समेत कई आला अधिकारी सोमवार देर रात मेडिका अस्पताल पहुंचे और घायल अधिकारियों की स्थिति की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार रांची से रामगढ़ पहुंची एटीएस की टीम पर रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा में सोमवार की शाम अचानक अमन साहू के गुर्गे ने फायरिंग कर दी, इस मुठभेड़ में एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और एक दरोगा सोनू साव घायल हो गए। अमन साहू के गुर्गों ने डीएसपी नीरज कुमार के पेट में गोली मारी। वहीं दरोगा सोनू साव के पांव में गोली मारी, जिसके बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायल दोनों अधिकारी को रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर ट्रैफिक पुलिस को पहले से अलर्ट कर दिया गया था।ट्रैफिक पुलिस की टीम कांके के चांदनी चौक से घायल डीएसपी को एस्कार्ट करते हुए मेडिका पहुंचायी। अस्पताल के चिकित्साकर्मी पहले से मुश्तैद थे।घायल के आने के साथ ही उन्हे ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। वहीं, कुछ देर के बाद घायल सब इंस्पेक्टर को भी लाया गया, जहां दोनों अधिकारियों का इलाज चल रहा है। मौके पर डीजीपी , होम सेक्रेटरी अविनाश कुमार, एडीजे अभियान संजय अनांद लाठकर, आईजी पंकज कम्बोज, आईजी अखिलेश झा, एसएसपी किशोर कौशल, एटीस एसपी सुरेन्द्र झा मौजूद थे।

सीबीआई के लखनऊ ब्रांच की दस्तावेज एसीबी कार्यालय से चोरी

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) झारखंड के कार्यालय से सीबीआई के एक अहम कांड के दस्तावेज की चोरी हो गई है। इस संबंध में कांके रोड स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की निर्गत शाखा में पदस्थापित आरक्षी राजू रंजन कुमार ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार दरअसल सीबीआई के लखनऊ ब्रांच की तरफ से रांची स्थित सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को डाक के माध्यम से कुछ दस्तावेज भेजे गए थे। डाक के ऊपर सीबीआई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो लिखा हुआ था। जब दस्तावेज डाकघर में पहुंचे, तो डाकिए को लगा कि वह दस्तावेज झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो के हैं। इसके बाद डाकिया ने उस दस्तावेज को एसीबी झारखंड के ऑफिस में पहुंचा दिया। एंटी करप्शन ब्यूरो में डाक को रिसीव भी कर लिया गया, जबकि उसके ऊपर सीबीआई एसीबी लिखा हुआ था।

इसी दौरान आरक्षी राजू, जो एंटी करप्शन ब्यूरो में ही तैनात हैं, ने डाक को देखा और जानकारी हासिल की कि यह डाक सीबीआई का है और गलती से यहां आ गया है। उन्होंने डाक को पुनम कुमार की, जो एंटी करप्शन ब्यूरो झारखंड की महिला आरक्षी हैं, को देने को कहा। हालांकि, दूसरे एसीबी के कर्मचारियों ने कहा कि इस डाक को पोस्टमैन को ही वापस कर देना उचित रहेगा। जिसके बाद सभी कर्मचारियों के सामने ही पूनम कुमारी ने डाक को अपने टेबल के दराज में रख दिया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जब सुबह एसीबी के कर्मचारी ऑफिस पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पूनम कुमारी के ड्राबर से वह दस्तावेज गायब है, और काफी खोजबीन के बाद भी वह दस्तावेज नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी जब सीबीआई डाक एंटी करप्शन ब्यूरो में नहीं मिला, तब मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने रांची के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। वहीं, इस मामले की जानकारी सीबीआई को भी दी गई है।

सीबीआई भी कर रहे मामले की जांच

सीबीआई के अधिकारी भी इस मामले की जांच कर रहे हैं कि आखिरकार एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय से डाक कैसे चोरी हो गया। रांची के कोतवाली थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा डाक चोरी होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है, और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

संदेह के घेरे में कर्मचारी

सीबीआई सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ से एक महत्वपूर्ण कागजात डाक के माध्यम से रांची भेजा गया था। डाक में पते की जगह सीबीआई एसीबी लिखा गया था। लेकिन डाकिया के द्वारा उस डाक को रांची के एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय में रिसीव करा दिया गया। हालांकि, अब वही डाक एंटी करप्शन ब्यूरो के कार्यालय से चोरी हो गया है। पूरा मामला संदेहास्पद है, ऐसे में एंटी करप्शन ब्यूरो में कार्यरत कुछ कर्मचारी संदेह के घेरे में हैं।

चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल छह लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। चार पुलिसकर्मियों की हत्या में शामिल पांच लाख के इनामी भाकपा माओवादी नक्सली खुदी मुंडा ने मंगलवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में खुदी मुंडा ने विधिवत रूप से रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान गुमला एसपी और सीआरपीएफ के अधिकारी भी उपस्थित थे।

भरनो प्रखंड के बटकुरी गांव का रहने वाला खुदी मुंडा भाकपा माओवादी संगठन में सब जोनल कमांडर है। उसके पर झारखंड पुलिस ने पांच लाख और एनआईए ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। खुदी पर गुमला, सिमडेगा, लातेहार जिला के थानों में 50 केस दर्ज हैं। चैनपुर थाना में हमला, चैनपुर ब्लॉक भवन को उड़ाने व चैनपुर पुलिस पर हमला कर चार पुलिसकर्मियों को मारने की घटना में भी खुदी शामिल रहा है। खुदी मुंडा पिछले दो वर्ष से पालकोट और

सिमडेगा के सीमांत में अपनी गतिविधि चलाता था। पिछले माह दो कमांडर राजेश उरांव और लाजिम के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद से ही खुदी ने आत्मसमर्पण कर दिया।संगठन में ऐसे शामिल हुआ खुदी मुंडा

सरेंडर के बाद नक्सली खुदी मुंडा ने कहा कि 1996 में अपने चचेरे भाई पूर्व में माओवादी का सक्रिय सदस्य बॉबी मुंडा के लिए सामान पहुंचाने और पुलिस के आवागमन की सूचना देने का कार्य करता था। 1999 में चचेरा भाई के साथ लापुंग थाना क्षेत्र में हथियारों की लूटपाट और कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2001 में गिरफ्तार होकर जेल चला गया। जेल में बंद रहने के दौरान उग्रवादी संगठन के कई सदस्यों से जान पहचान हुई।

2005 में जेल से बाहर आने के बाद पारिवारिक विवाद के कारण भाकपा माओवादी के कमांडर मनोज नगेसिया और सिलबेस्तर लकड़ा के संपर्क में आया और दस्ता के साथ रहने लगा। वर्ष 2008 में पालकोट कोलेबिरा सिमडेगा गुमला क्षेत्र का एरिया कमांडर बनाया गया। इसके बाद वर्ष 2009 में रीजनल कमांडर सिलबेस्तर लकड़ा द्वारा पालकोट सिमडेगा क्षेत्र का सब जोनल कमांडर बनाया गया। सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसने सरेंडर किया।

आपसी विवाद में पति पर चापड़ से जानलेवा हमला, पत्नी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः चान्हों थाना की पुलिस ने पति पर जानलेवा हमला करने के आरोप पत्नी को गिरफ्तार की है। पुलिस की गिरफ्त में आयी आरोपी महिला कोयल कुमारी उर्फ करीना परवीन चान्हों के हुटरी गांव की रहनेवाली है। पुलिस ने आरोपी महिला की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चापड एवं घटना के समय अभियुक्त द्वारा पहना हुआ खून लगा साड़ी बरामद की है।

इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि उक्त कांड के बादी पुरन साहू(हुटरी, थाना चान्हो, जिला रांची) के द्वारा थाना में दिये अपने लिखित आवेदन में बताया गया कि उसके पुत्र विकाश साहु को17 जुलाई 2023 की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा किसी धारदार हथियार से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया है। उक्त कांड का उदभेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी चान्हो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर वादी की बहु कोयल कुमारी उर्फ करीना परवीन को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया तो इनके द्वारा अपने पति विकाश साहू पर जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार कोयल कुमारी उर्फ करीना परवीन ने बताया कि आये दिन इनका पति के साथ किसी-किसी बात को लेकर विवाद होते रहता था, जिससे तंग आकर सोमवार की रात्रि करीब घर में रखे चापड़ से हमला कर अपने पति विकाश साहु को गम्भीर रूप से घायल कर दिये और बाथरूम में रखे पानी में चापड़ को धोकर घर में छुपा दिये। पुलिस द्वारा गिरफ्तार कोयल कुमारी उर्फ करीना परवीन के निशानदेही के आधार पर घटना में प्रयुक्त चापड एवं घटना के समय कोयल कुमारी उर्फ करीना परवीन द्वारा पहना हुआ खून लगा साड़ी को बरामद किया गया है। पुलिस टीम में पअनि रंजय कुमार, थाना प्रभारी चान्हो ,सअनि नितीश कुमार, सअनि साजिद खाँ, सअनि अनिल मांझी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

मुहर्रम के जुलूस पर इमामबख्श अखाड़ा की बैठक सम्पन्न

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः इमामबख्श अखाड़ा के तत्वाधान में सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रधान कार्यालय मेन रोड रांची स्थित मधुबन मार्केट में इमामबख्श अखाड़ा के सरपरस्त व इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा मो. सईद की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में इमामबख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले तमाम खलीफा एवं अखाड़े के प्रमुख पदाधिकारीगण के साथ-साथ सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के प्रमुख पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में इमामबख्श अखाड़ा के अधीन निकाले जाने वाले मुहर्रम के जुलूस पर विभिन्न क्षेत्रों से आए खलीफाओं एवं पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष 2023 के मुहर्रम का

जुलूस आपसी भाईचारे एवं पूरे पारम्परिक रीति रिवाज के साथ निकाला जाएगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि तीनों प्रमुख खलीफाओं के संयुक्त तत्वाधान में मुहर्रम से सम्बन्धित लिए गए फैसले का सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के द्वारा जारी किए जाने वाले दिशा- निर्देश (गाईड लाईन) का इमामबख्श अखाड़ा के तमाम खलीफा विधिवत रूप से पालन करेंगे। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए इमामबख्श अखाड़ा के मो. सईद ने आपसी भाईचारा ,सदभावना एवं अनुशासन पर जोर देते हुए इस वर्ष मुहर्रम वर्ष 2023 के जुलूस को एतिहासिक तौर पर निकाले जाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष मुहर्रम के जुलूस में समय की पाबंदी अति आवश्यक होगी। साथ ही साथ प्रत्येक अखाड़ाधारी अपने - अपने अखाड़े में नशेड़ियों को हर हाल में शामिल नहीं होने देंगे एवं आपसी सौहार्द का विशेष रूप से ख्याल रखेंगे। जुलूस का सही ढंग से संचालन एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु प्रत्येक अखाड़ा धारी अपने- अपने अखाड़ा के 10 सदस्यों का नाम मोबाइल नम्बर के साथ इमामबख्श अखाड़ा के प्रमुख खलीफा को दे देंगे एवं उनकी ही निगरानी में जुलूस सबंधित उनके जुलूस की निगरानी किया जा सके। इमामबख्श अखाड़ा के खलीफा मो. महजूद ने भी आपसी सौहार्द के साथ मिलकर मुहर्रम का जुलूस निकाले जाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के उपाध्यक्ष आफताब आलम, प्रवक्ता इसलाम, सचिव तौहीद, शम्स नौजवान कमिटी के सरपरस्त गुलाम कादिर रब्बानी, एकराम पप्पू, हुसैन, 84 पंचायत के सदर इसलाम, मंसूर चिश्ती, सत्य भारती के खलीफा कलाम, हबीबिया लकड़ी फंड के फहीम, इसलाहुल अखाड़ा के शफीक खलीफा, सन्नू खलीफा, हस्मत अखाड़ा के आब्दुल बारीक, पीर अखाड़ा के अय्यूब खलीफा, गुलजार लकड़ी फंड बर मुहल्ला के इसलाम खलीफा, छत्ता मस्जिद के मुश्ताक खलीफा, कर्बला चौक के जमाल खलीफा, खालिद उमर सहित अनेक गणमान्य खलीफा एवं पदाधिकारीगण बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त ने भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर व विशेष विनियमन पदाधिकारी, (एसएआर) कार्यालय का किया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर कार्यालय राँची/विशेष विनियमन पदाधिकारी, राँची (एसएआर) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर, राँची, राजीव कुमार सिंह एवं संबंधित सभी अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

उपायुक्त द्वारा भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता सदर कार्यालय राँची व विशेष विनियमन पदाधिकारी, राँची (एसएआर) कार्यालय का निरीक्षण क्रम में सभी संबंधित मामलों में समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने निरीक्षण क्रम में यहाँ विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए यहां स्थापना एवं कार्यरत्त कार्यबल की जानकारी और उनके द्वारा निष्पादित कार्य के बारें में पूरी विस्तृत जानकारी लेते हुए, उन्हें तय सीमा पर कार्य निष्पादित करने का निर्देश दिया एवं यहाँ कार्यरत्त कर्मी को समय-समय पर ट्रेनिंग कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया गया। ताकि यह कार्य और भी बेहतर ढंग से पूरा कर पाए, जिससे कार्य की गति बढ़े।

संबंधित अधिकारी द्वारा उपायुक्त राँची को कार्यालय में लिपिक की कमी के बारें में जानकारी दी गई। जिस पर उपायुक्त राँची द्वारा कर्मी की कमी को दूर करने की दिशा में कार्य करने का भरोसा दिया गया। उपायुक्त, राँची ने यहाँ कार्यरत्त कर्मी के बारें में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए उन्हें ससमय मानदेय,वेतन,प्रोन्नति,एसीपी और सेवा संपुष्टि अन्य लाभ की जानकारी मांगी, जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई इन्हें समय से सारा लाभ

मिल रहा हैं। जिसपर उपायुक्त राँची ने संतोष जाहिर करते हुए इन्हें सारा लाभ समय पर मिलें यह सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त, राँची ने भू-हस्तांतरण के मामलों की समीक्षा की गई। जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि इसमें अधिकांशतः मामलें निष्पादित हो चुके हैं, भू-हस्तांतरण से संबंधित पांच मामलें जो वर्तमान में विभिन्न अंचलों द्वारा प्रेषित किये गए उनपर कार्रवाई की जा रही हैं। जिसपर उपायुक्त, राँची द्वारा इसे जल्द से जल्द अनुमंडल पदाधिकारी को प्रेषित करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया।

उपायुक्त, राँची द्वारा दाखिल खारिज अपीलवाद में ऐसे मामलें जिसमें भू-सुधार उप-समाहर्त्ता के न्यायालय के द्वारा आदेश पारित कर दिया हैं, उनपर संबंधित अंचलों द्वारा कार्रवाई की गई है अथवा नही की गई हैं उसकी समीक्षा करने के लिए भूमि उप-समाहर्त्ता को करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त, राँची द्वारा खास महाल से संबंधित सभी प्राप्त आवेदन ,जो विभिन्न अंचलों को जांचोपरांत प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु भेजे गए हैं एवं लंबित हैं, वैसे सभी मामलों पर अंचल अधिकारीयों से प्रतिवेदन प्राप्त करते हुए प्रस्ताव अपर समाहर्त्ता राँची को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त, राँची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने विशेष विनियमन पदाधिकारी, राँची (एसएआर) कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में विशेष विनियमन पदाधिकारी, राँची, मनीषा तिर्की एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे। उपायुक्त, राँची ने भूमि वापसी वाद से संबंधित जो पुराने मामलें हैं, उसे निष्पादित करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

उपायुक्त, राँची ने वाद के संचालन की प्रक्रिया का पालन करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि नोटिस के तामिला हो जाये इस विशेष ध्यान देने को कहा। इसका पालन करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त राँची, ने संबंधित अधिकारी से निर्देश देते हुए कहा कि दखल दिहानी का जो आदेश न्यायालयों द्वारा प्राप्त होता हैं, उसका अनुपालन संबंधित अंचल द्वारा कराने को कहा। उपायुक्त, राँची द्वारा वाद से संबंधित ट्रायल पंजी को देखा जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस न्यायालय में वर्ष-1971 से वर्ष 2023 तक का भू- वापसी से संबंधित दायर/निष्पादित वादों का ट्रायल पंजी संधारित/अघतन हैं, जिसपर उपायुक्त द्वारा संतोष जाहिर किया गया। उपायुक्त, राँची द्वारा रक्षि संचिका का अवलोकन किया जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि निष्पादित वादों से संबंधित मूल अभिलेखों को जिला अभिलेखगार, राँची में जमा किये जाने से संबंधित रक्षि संचिका संधारित एवं उपलब्ध है। जिसपर उपायुक्त राँची ने संतोष जाहिर करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

हरमू के स्लम बस्ती के बच्चों के बीच ट्रस्ट द्वारा पठन-पाठन एवं अल्पहार सामग्री का वितरण

नव प्रदेश संवाददाता

रांचीः एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा अधिक मास के प्रथम दिन मंगलवार को इस वर्ष पड़ रही भीषण गर्मी के कारण हरमु की स्लम बस्ती मे रहने वाले कमजोर वर्ग के स्कुल जाने वाले बच्चों के बीच पठन-पाठन स्कुल बैग, लंच बाक्स, जोमेटरी बाक्स, कॉपी,पेन्सिल,रबर, कलर पेन्सिल एव अल्पाहार मे क्रीम बन बिस्किट वगैरह का निशुल्क वितरण किया गया।

गौरतलब है कि 17 जुलाई 2023 को सर्व सहमति से यह निर्णय होने के पश्चात की गुरूजी श्री सदानंद जी महाराज के जनसेवा को समर्पित स्वर्णिम 51 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे पुरे वर्ष मार्च 2024 तक संस्था के द्वारा जरूरतमंद एव कमजोर परिवार के सदस्यों के बीच जरूरत के अनुसार सेवा के कार्य



किए जायेगे। इसी क्रम मे मंगलवार को हरमु के स्लम बस्ती मे रहने वाले स्कुल मे पढने वाले कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच एच 1/ 67 मकान के प्रांगण मे उन्हे निःशुल्क शिक्षा देने वाले शिक्षक ललन कुमार मिश्रा की उपस्थिति मे हरमू बस्ती के जगह-जगह से आये हुए बच्चों के बीच संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी की उपस्थिति में संस्था के सदस्यों के द्वारा वितरण किया गया। पठन-पाठन एव अल्पाहार सामग्री वितरण के कार्य मे संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी,विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी,ओमप्रकाश सरावगी, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता,मुन्ना कुमार एव इनके अलावा भी संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

गांवों में प्रतिभाशाली युवाओं को शिक्षा और कौशल की जरूरत : मंत्री हफीजुल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया और एक्सआईएसएस ने 'इंडियन रूरल कोलोक्यू' का आयोजन किया। यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए किया गया। इसका उद्घाटन मंगलवार को एक्साइसेस संस्थान के कैंपस में अंतरराष्ट्रीय मंडेला दिवस के उपलक्ष्य पर किया गया है।
'इंडियन रूरल कोलोक्यू' में राज्य सरकार के प्रतिनिधि, शासन के पदाधिकारी, शिक्षाविद, सीएसओ (सिविल सोसाइटी ऑर्गनाइजेशन) प्रतिनिधि, कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधि और छात्रों ने ग्रामीण नवजागरण के विषय पर केंद्रित व्यावहारिक चचाओं में भाग लिया है। यह आयोजन ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने, नीति के लिए अधिक महत्व देने, निवेशों को प्रोत्साहित करने और गांवों में समानता और जीवनशक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग के मंत्री हफीजुल हसन ने युवाओं के लिए राज्य में अवसर सृजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, उन्हें रोजगार की तलाश में प्रवास करने की बजाय अपने राज्य में उपलब्ध संभावनाओं को तलाशने का कहा। मंत्री ने झारखंड में युवाओं में छुपी हुई क्षमता को और राज्य सरकार की पहल जैसे राज्य में कौशल विकास, रोजगार सृजन और उद्यमिता के लिए मार्ग सृजन विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा की विश्वविद्यालय को ग्रामीण युवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन विकास कार्यक्रम और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया जा रहा है।
हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। खूंटी जिले की 11 ग्रामीण आदिवासी छात्राओं को जीईई और एनईईटी परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। छात्राओं को लैपटॉप देकर माननीय मंत्री ने प्रोत्साहित किया।

झारखंड में होगा स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम

हफीजुल हसन ने कहा कि आगामी तीन वर्षों में ₹भारत स्वास्थ्य निधि₹ के रूप में 200 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। ऐसे निजी अस्पतालों को सहायता प्रदान की जाएगी, जो कैंसर और गैर संचारजन्य रोगों की उभरती हुई चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई में उनकी चिकित्सा नीतियों, सर्जिकल कौशल और डिजिटल पैथोलॉजी इकाइयों को बढ़ाने में मददगार हो। इस योजना का प्रारंभ पांच निजी अस्पतालों में किया जाएगा।

झारखंड में पर्यावरण संरचित खेती को बढ़ावा मिलेगा

टीआरआईएफ और इंटलीकैप के बीच पलामू और रांची में पर्यावरण संरचित कृषि के लिए वित्तीय साझेदारी की भी घोषणा हुई है। झारखंड सरकार के द्वारा क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 2000 करोड़ की योजना कार्यान्वित की जा रही है, जिनमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, झारखंड मिलेट मिशन, कृषि उपकरण केंद्रों के लिए लोन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, इत्यादि शामिल हैं।

भूमि रिकॉर्ड सुधार में बेहतर काम के लिए खूंटी को मिला भूमि सम्मान

खूंटी। भूमि रिकॉर्ड सुधार के लिए संचालित अभियान और भूमि के कंप्यूटराइज्ड रिकार्ड सहित भूमि संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए खूंटी जिले को भूमि सम्मान 2023 प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में नई दिल्ली के विज्ञान भवन में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन को यह सम्मान प्रदान किया। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार और जिला भू अर्जन पदाधिकारी जितेन्द्र मुंडा भी मौजूद थे। कंप्यूटराइजेशन ऑफ लैंड रिकॉर्ड्स, डिजिटलाइजेशन ऑफ कैडेस्ट्रेल मैप्स, लिंकेज ऑफ लैंड रिकॉर्ड कैडेस्ट्रेल मैप ऑफ रजिस्ट्रेशन, इंटीग्रेशन ऑफ रजिस्ट्रेशन विद लैंड रिकॉर्ड, रेवेन्यू ऑफिस और मॉडल रिकॉर्ड रूम, इन छह घटकों में कार्य पूर्ण करने पर खूंटी जिले को भूमि सम्मान प्लेटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।

ईडी न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से 26 को करेगी पूछताछ

रांची। न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को ईडी ने मंगलवार को फिर से समन जारी किया है। समन जारी कर ईडी ने विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया है। इससे पूर्व ईडी ने सोमवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन किसी कारणवश वह नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद ही ईडी ने मंगलवार को नया समन जारी किया है। ईडी विष्णु अग्रवाल से रांची में हुए विभिन्न जमीन घोटाले मामले के अलावा पूर्व डीसी छवि रंजन से उनके रिश्ते समेत कई अन्य सवालों के जवाब पाने की तैयारी में है। सेना की जमीन घोटाला मामले में अब तक ईडी एक आईएएस छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी और कई जमीन दलालों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

दनुआ घाटी में भीषण सड़क दुर्घटना, तीन लोगों की मौत

हजारीबाग। जिले के चौपारण स्थित दनुआ घाटी में मंगलवार को भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान युगेश प्रताप (45), नरेश सिंह (75) और राजीव कुमार (50) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नीरज, चालक मो. फुरकान, ऋषभ, संतोष शुक्ला और शमानंद पांडेय के नाम शामिल हैं। बताया जाता है कि ये सभी दाह संस्कार में शामिल होने रांची गए थे। दाह संस्कार के बाद अस्थियां लेकर ये लोग गंगा में प्रवाहित करने वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के लिए जा रहे थे। इसी बीच दनुआ घाटी के पास पीछे से आ रहे वाहन ने इनकी स्कार्पियो को टक्कर मार दी। इससे स्कार्पियो 30 फीट नीचे घाटी में जा गिरी। स्कार्पियो में आठ लोग सवार थे, जिसमें से एक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। इलाज के दौरान दो लोगों की जान चली गयी, पांच लोग गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज चल रहा है। घायलों का इलाज सामुदायिक अस्पताल चौपारण में किया जा रहा है।

मसाला की खेती पर प्रशिक्षण-सह-बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : रांची जिले के कांके प्रखंड स्थित दुबलिया ग्राम में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर मसाला फसलों की उन्नत खेती पर एकदिवसीय प्रशिक्षण-सह-हल्दी बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने कहा कि मसालों के औषधीय गुण देखकर इनका उपभोग लगातार बढ़ रहा है. मसाला फसलों की खेती में फायदे को देखकर काफी किसान मसाला की खेती ज्यादा करने लगे हैं. इस क्षेत्र के किसान बाग झ बगीचे के छायादार स्थान की परती पड़ी भूमि में उन्नत तकनीक से मसाला फसलों की खेती से बढ़िया लाभ ले सकते है. उन्होंने कहा कि भारत विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है. हल्दी का धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त मसाला, रंग सामग्री, औषधि तथा उबटन के रूप में उपयोग किया जाता है. इसके आर्थिक महत्त्व एवं बहुउपयोगी गुणों को देखते हुए छायादार जगह में हल्दी एवं अदरख की जैविक खेती से किसान अधिकाधिक लाभ कमायें.
उद्यान परामर्शी डॉ केके झा ने किसानों को छायादार स्थान में हल्दी एवं अदरख की जैविक खेती तकनीक के बारे में विस्तार से बताया और मसाला फसलों के मूल्य संवर्धन की जानकारी दी. मौके पर दुबलिया के मुखिया संदीप उराँव, फार्मर्स प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन (एफपीओ), पीएनबी के पूर्व प्रबंधक मधुप श्रीवास्तव, बीपीडी प्रबंधक एस जायसवाल एवं दुबलिया के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी ने भी मसाला फसलों की खेती पर अपने विचारों को रखा.
स्वागत भाषण में परियोजना अन्वेंषक (मसाला) डॉ अरुण तिवारी ने मसाला परियोजना के उद्देश्य की जानकारी दी. बतलाया कि मसाला फसल को जानवर भी नहीं चरते और कंद फसल होने से नुकसान कम और अधिक लाभ मिलता है.
कार्यक्रम में दुबलिया ग्राम के कुल 9 किसानों को एक हेक्टेयर भूमि में अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के लिए हल्दी बीज का वितरण किया गया. मौके पर उद्यान विशेषज्ञों ने किसानों के खेत में हल्दी बीज की बोवाई तकनीक की प्रत्यक्ष जानकारी दी. कार्यक्रम में दुबलिया ग्राम के करीब 40 किसानों ने भाग लिया.

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से, भाजपा ने कम कार्य दिवस होने पर उठाए सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है।
मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा।
चार जुलाई तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से लेकर सरकार द्वारा अनुपूरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जाएगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है, इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है।
सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो इस सत्र को ऐतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है, इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखकर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे।
संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक छह महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है। इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं।
इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगा, जिसमें सभी विधायक के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें। इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पाएंगे।
पंचम विधानसभा में अब तक बगैर नेता प्रतिपक्ष के सदन चलता रहा है। ऐसे में हर बार सदन शुरू होने से पहले यह चर्चा होने लगती है कि झारखंड विधानसभा का यह कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जाएगा। इन सबके बीच बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नेता प्रतिपक्ष को लेकर एक नए सिरे से भाजपा के दूसरे बड़े नेताओं को जिम्मेदारी मिलने की चर्चा शुरू हो गई है। यदि ऐसा होता है तो नेता प्रतिपक्ष को लेकर छाया ग्रहण दूर हो जाएगा.।
भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता मनोनीत कर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में अनुशंसा कर रखी है लेकिन स्पीकर कोर्ट में चल रहे दलबदल के मामले की वजह से बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष की स्वीकृति अब तक नहीं मिली है। मानसून सत्र का कार्यकाल भले ही छोटा है लेकिन विपक्ष की तैयारी को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि सदन की कार्यवाही हंगामेदार होगी।

सरकारी गजट प्रकाशित कर कोयल कारो पन बिजली परियोजना को रद्द करने की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

खूंटी। कांग्रेस विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी की अगुवाई में झारखंड उलगुलान संघ, खूंटी और कोयल कारो जनसंगठन तपकरा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को झारखंड सचिवालय में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह तथा गृह सचिव अविनाश कुमार से मुलाकात कर मांग कोयल कारो पन बिजली परियोजना को सरकारी गजट (राजपत्र) जारी कर हमेशा के लिए रद्द करने की घोषणा करने की मांग की।
प्रतिनिधि मंडल ने राज्य विस्थापन प्रभावित नीति आयोग का गठन करने, दो फरवरी 2001 के तपकरा गोलीकाण्ड में मारे गए लोगों के आश्रितों और अपंग हुए ग्रामीणों को सरकारी नौकरी प्रदान करने, सीएनटी एक्ट 1908, एसपीटी एक्ट 1949 और विल्किन्सन रूल का सख्ती से अनुपालन करने, आदिवासियों की सामाजिक व्यवस्था (पड़हा-पट्टी, मानकी-मुंडा, मांझी-परगना, डोकलो-सोहोर) को कानूनी मान्यता देने तथा पेसा कानून 1996 के ठोस क्रियान्वयन के लिए यथाशीघ्र नियमावली बनाने संबंधी मांग पत्र मुख्य सचिव को सौंपा। मुख्य सचिव एवं गृह सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासत किया कि झारखण्ड सरकार जनता के साथ है और रहेगी।
गोलीकाण्ड के शहीदों एवं घायलों को नौकरी देने का मामला नीतिगत है। मुखयमंत्री के स्तर से ही यह संभव हो सकता है। इसके अलावा और जिन भी विषयों को आपने रखा है, झारखण्ड सरकार इस पर गम्भीर है और प्रयास में है कि यथाशीघ्र इनका समाधान हो। प्रतिनिधिमंडल में झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा, कोयल कारो जनसंगठन के महासचिव विजय गुड़िया, मसीहदास गुड़िया, जोन जुरसन गुड़िया, आशीष गुड़िया, सुगड़ गुड़िया और मनसिद्ध गुड़िया शामिल थे।

एक नजर

अपराधियो की गिरफतारी के लिए एसआईटी का गठन

रातू। थाना क्षेत्र के हाजी चौक रिंग रोड स्थित मोख्तार होटल में 16 जुलाई को बाईक सवार दो अपराधियो द्वारा अंधाधुंध फायरिंग से दो लोग घायल हो गए थे।गोलीबारी की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी अपनी बाईक से तिलता की ओर निकल भागे।घटना के विरोध में स्थानीय लोगो द्वारा 17 जुलाई को प्रतिरोध सभा का आयोजन कर प्रशासन पर कई आरोप लगाए थे।जिसे देखते हुए एसएसपी रांची के निर्देश पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक खलारी अनिमेश नेथानी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। जिसमें डीएसपी प्रवीण सिंह,रातू व बुडमु थाना प्रभारी,एसपी की क्युआरटी शामिल है।एसआईटी घटनास्थल पर जाकर जांच के अलावे कई बिंदुओ पर नजर बनाए हुए है। जिसमें अपराध,नक्सल व पैसा का लेन देन पर विशेष नजर रखी जा रही है। शीघ्र ही अपराधी पुलिस के शिकंजे में होगें।

काठीटांड में बिक रही देशी शराब विक्रेताओ पर कारवाई की मांग

रातू। रातू तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में देशी शराब की खुब जोर बिक्री हो रही है। इन शराब विक्रेताओ पर स्थानीय प्रशासन की कोई नजर नही है। जबकि कई थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा अवैध रूप से देशी शराब बनाकर बेच रहे लोगो पर कारवाई होती है। पुलिस द्वारा शराब की भटठी तोड दी जाती है। लेकिन रातू में झखराटांड, आमटांड, बडकाटोली, कुम्बाटोली, जामुनटोली, कटहरकोचा, काठीटांड सहित कई अन्य जगहो पर देशी शराब बनाकर अवैध रूप से बिक्री की जा रही है लेकिन पुलिस द्वारा इन पर कोई कारवाई नही की जा रही। देशी शराब क्षेत्र में लगने वाले लगभग सभी बाजारो में भी खुलेआम बिकती है। पुलिस इन लोगो को देखकर भी अनदेखा कर देती है। जिसके कारण इनका मनोबल बढा हुआ है। शाम ढलते ही गली मुहल्लो में शराबियो की आवाज सुनाई देने लगती है। शराब के चंगुल में फंस कर कई घर बर्बाद हो रहे है। एक स्थानीय युवक ने मंगलवार को रातू को स्वच्छ बनाने के लिए महुवा शराब बिक्रेताओ पर कारवाई की मांग की है। उसने बताया कि देशी शराब के कारण उसके पिता का दोनो लीवर खराब हो गया है। अब वे अंतिम स्टेज पर है। उसने प्रशासन से शराब बिक्री बंद करवाने की मांग की है ताकि अपना रातू बेहतर बन सके।

एचडीएफसी बैंक के मेगा टू व्हीलर कार्निवल का शुभारंभ



रांची: एचडीएफसी बैंक-झारखंड सर्कल की ओर मेगा टू व्हीलर कार्निवल का शुभारंभ हुआ। इस कार्निवल में झारखंड सर्कल की सभी 84 शाखाओं ने टू व्हीलर टीम के साथ समन्वय बनाकर भाग लिया। इस अभियान का शुभारंभ सर्कल हेड अभिषेक कुमार ने रांची मुख्य शाखा की पूरी टीम की उपस्थिति में किया। इस कार्यक्रम के दौरान सर्कल हेड ने बताया कि एचडीएफसी बैंक के 'टू-व्हीलर कार्निवल' का उद्देश्य आम लोगों को टू-व्हीलर फाइनेंस की आसान पहुंच प्रदान करना है। शाखाएं पूछताछ डेस्क के साथ-साथ चुनिंदा दोपहिया वाहनों का प्रदर्शन करेंगी। शाखाओं में आने वाले ग्राहक दोपहिया वाहनों की परीक्षण सवारी प्राप्त कर सकते हैं और ऋण विकल्पों के माध्यम से ब्राउज कर सकते हैं, और यहां तक कि मौके पर ही वाहन भी बुक कर सकते हैं। सर्कल हेड ने इस आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने और इसे बड़ा बनाने के लिए सभी क्लस्टर हेड , शाखा प्रबंधकों और टू व्हीलर लोन टीम को भी धन्यवाद दिया है।

हाईस्कूल शिक्षकों के रिक्त 17786 पदों पर हुई नियुक्ति से संबंधित सूची पेश करे जेएसएससी : हाई कोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में मंगलवार को वर्ष 2016 के हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति विज्ञापन के आलोक में राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट की सूची जेएसएससी से मांगी है। कोर्ट ने जेएसएससीसी से यह भी पूछा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हाई स्कूल शिक्षक के 17786 रिक्त पदों में से कितने पदों को भरा गया, कितनों की नियुक्ति के अनुशंसा की गई, क्या कट ऑफ मार्क्स था, इन सारे बिंदुओं पर कोर्ट ने जेएससीसी से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी। कोर्ट ने कहा कि इससे संबंधित सोनी कुमारी की अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट बनाकर हाई स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया था। वर्ष 2016 के नियुक्ति विज्ञापन के आधार पर सरकार को हाई स्कूल शिक्षकों के 17786 रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने जानना चाहा की सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी दें। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पैरवी की।

परिवार के पास खून खरीदने के पैसे थे नहीं, घायल को रिम्स से वापस लाया घर, मौत

खूंटी। कर्रा थानांतर्गत टिमड़ा गांव में दो चचेरे भाइयों के बीच हुए विवाद में अपने पति को बचाने के दौरान हिंसक देवर के हमले से गंभीर रूप से घायल हुई करमी देवी (35) की भी मौत मंगलवार सुबह अपने घर में इलाज के अभाव में हो गई। रविवार की रात गांव के सनिका प्रधान और उसके चचेरे भाई जागरण प्रधान में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपित सनिका प्रधान ने जागरण प्रधान की कुदाल से मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के दौरान पति को बचाने का प्रयास कर रही जागरण प्रधान की पत्नी करमी देवी पर भी आरोपित ने जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल करमी देवी को कर्रा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया था। स्वजनों के अनुसार रिम्स में इलाज के दौरान सोमवार रात चिकित्सकों ने कहा कि घायल करमी को तत्काल दो यूनिट ब्लड चढ़ाना पड़ेगा। इसलिए स्वजन तुरंत खून खरीद कर लाएं। स्वजनों ने बताया कि उन लोगों के पास खून खरीदने के पैसे नहीं थे। इसपर घायल करमी को अस्पताल से वे घर ले आए, जहां इलाज के अभाव में मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। घायल करमी की मौत की सूचना मिलने पर कर्रा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

झारखंड से नाराज मानसून, सामान्य से 41 प्रतिशत कम वर्षा, रांची के तीनों डैम निहार रहे आसमान को

रांची(हि.स.)। इस साल लगता है मानसून झारखंड से नाराज है। देश का अधिकांश हिस्सा पानी-पानी है और राज्य की प्यास भी नहीं बुझ सकी है। मौसम विज्ञान विभाग केंद्र के अनुसार इस मानसून में अब तक राज्य में सामान्य से 41 प्रतिशत कम बारिश हुई है। राजधानी रांची में तो 44 प्रतिशत कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। झारखंड के लिए जुलाई का अब तक का समय मानसूनी वर्षा के लिहाज से और ज्यादा खराब रहा। इस अवधि में सामान्य से 75 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। यही हाल रहा तो रांची के तीनों डैम का दम फूलने लगेगा।
मानसून की बेवफाई का असर राजधानी के हटिया डैम, कांके डैम और रुक्का डैम के जलस्तर पर पड़ा है। पिछले साल मानसून के अंतिम क्षण में हुई अच्छी बारिश से एकत्र पानी की वजह से अभी तक स्थिति चिंताजनक तो नहीं हुई है पर आसन्न संकट का संकेत दे रही है। अगर मानसून रूठा रहा तो पानी की किल्लत से रांचीवासियों को जूझना पड़ सकता है।
रांची के सबसे बड़े क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति करने वाले रुक्का डैम में हांफने लगा है। इसमें पेयजल के लिए इस्तेमाल करने लायक सिर्फ तीन फीट पानी बचा है। पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारी राधेश्याम रवि ने बताया कि रुक्का डैम में इस्तेमाल करने लायक पानी समुद्रतल से 1914 फीट तक का है। अभी जलस्तर 1917 फीट है। यानी इस्तेमाल करने लायक सिर्फ तीन फीट पानी शेष है। यह अगले कुछ महीने के लिए पर्याप्त है। रुक्का डैम से शहरी आबादी को हर दिन 180 एमएलडी पानी की आपूर्ति की जाती है।
राजधानी के हटिया डैम में भी पानी सामान्य जलस्तर की अपेक्षा तीन से चार फीट कम है। पिछले वर्ष मानसून की मेहरबानी से अभी इसमें 26 फीट पानी है। इस डैम से प्रतिदिन काफी सीमित एरिया में जलापूर्ति (08-10 एमएलडी) की जाती है। कांके डैम में भी सिर्फ 15 फीट पानी बचा है। समुद्र तल से अभी जलस्तर 2115 फीट है, जबकि इस समय तक 2120 फीट तक जलस्तर रहना चाहिए था। हर दिन 20 एमएलडी पानी सप्लाई करने वाले इस डैम में अभी सामान्य से पांच फीट कम पानी है।

सड़क विकास का द्वार है, दुर्गम क्षेत्रों तक हुआ सड़कों का निर्माण: नीलकंठ

नवप्रदेश संवाददाता

खूंटी। ग्रामीण विकास मंत्री और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सड़क विकास का द्वारा होता है, इसी सोच के तहत खूंटी के दुर्गम क्षेत्रों तक पक्की सड़कों का निर्माण किया गया। इससे शहर सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के व्यापार-धंधे में आशातीत वृद्धि हुई है। साथ ही स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को भी आनेजाने में सुविधा हुई है।
विधायक मंगलवार को बनई नदी पुल से छाता, सूटी, जलटंडा पथ के मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास करने के बाद गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में क्षेत्र के गांव में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया था, लेकिन जब से आप लोगों ने मुझे विधायक बनाया, मैंने आप लोगों की जरूरत के हिसाब से पुल, सड़क सहित अन्य विकास कार्यों को धरातल में उतारने का काम किया। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण विधानसभा अंतर्गत गांवों में जाकर देखा जा सकता है। विधायक के अलावा जिप उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रमुख एलिस ओड़ेया, मुखिया नरगिस तिड़ू, जिप सदस्य माइलीना टोपनो, नीलामी देमता और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने भी ककार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय राम गंझू और धन्यवाद ज्ञापन सुखमोहन नायक ने किया। इससे पूर्व विधायक के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से उनका स्वागत किया।

सात जिला अस्पतालों को मिला राज्य स्तरीय एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

नवप्रदेश प्रतिनिधि पटना। राज्य के सात सदर अस्पतालों को राज्य स्तरीय एनक्यूएएस(नेशनल क्वालिटी एस्युरेंस स्टैंडर्ड्स) प्रमाणपत्र मिला है. इनमें बेगूसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, बांका,समस्तीपुर तथा सीतामढ़ी सदर अस्पताल शामिल हैं. सरकारी अस्पतालों में आये मरीजों की गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एनक्यूएएस यानी नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणीकरण जारी किया जाता है. इस संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के सचिव सह कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने इन जिलों के सिविल सर्जनों को पत्र लिख कर आवश्यक दस्तावेज भेजे जाने के लिए निर्देश दिया है. नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणीकरण प्रक्रिया के तहत विभिन्न चरणों में सरकारी अस्पतालों में मौजूद गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की जांच कर स्कोरिंग की जाती है. इस स्कोरिंग में बेगूसराय सदर अस्पताल को 86 प्रतिशत, खगड़िया सदर अस्पताल को 90 प्रतिशत, मधेपुरा को 78, सहरसा को 90, बांका को 88, समस्तीपुर को 81 तथा सीतामढ़ी सदर अस्पताल को 76 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का सर्वेक्षण

इन जिलों के सदर अस्पतालों का दौरा कर मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का सर्वेक्षण किया गया. इस सर्वेक्षण में मरीजों से बातचीत और अन्य प्रक्रियाएं पूरी की गयी. नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड प्रमाणीकरण इस बात का प्रमाण है कि अस्पताल में निर्धारित मानकों को पूरा कर मरीजों का इलाज किया जाता है. सर्वे के आधार पर अंक प्रदान किये जाते हैं. सर्टिफिकेशन से पूर्व क्वालिटी एश्युरेंस के लिए विभिन्न श्रेणियां निर्धारित की जाती हैं।

विभिन्न विभागों की मानकों पर होती है जांच

अस्पताल के विभिन्न विभागों में मौजूद सेवाओं के आधार पर क्वालिटी एश्युरेंस सर्टिफिकेशन जारी किया जाता है जिसमें ओपीडी, लेबर रूम, मैटरनिटी वार्ड, शिशु वार्ड, एसएनसीयू, एनआरसी, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, लैब, रेडियोलॉजी, फार्मेसी व अन्य विभागों सहित सामान्य प्रशासन शामिल है. सभी की जांच कर चेकलिस्ट भरा जाता है और इस आधार पर अस्पतालों की स्कोरिंग की जाती है।

50 हजार रुपये का इनामी टॉप टेन अपराधी मुन्ना सिंह यूपी से हुआ गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि डेहरी। रोहतास पुलिस व एसटीएफ की टीम ने जिले के 50 हजार रुपये के इनामी वांटेड मुन्ना सिंह को यूपी के चंदौली जिले के राम नगर औद्योगिक क्षेत्र से मंगलवार को से गिरफ्तार किया। बघेला थाना के सियावक गांव निवासी है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता में बताया कि मुन्ना सिंह उर्फ वशिष्ठ सिंह की गिरफ्तारी को लगातार एसटीएफ व जिला पुलिस की टीम संयुक्त तौर पर छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में सूचना मिली कि वह यूपी के रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में छिपा है। जहां से उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गत 11 दिसंबर 2021 को अपने गांव के कृष्ण बिहारी उपाध्याय की गोली मारकर हत्या का आरोपित है। इसके पूर्व भी उस पर 3 सितंबर 2017 को उसी गांव के एक व्यक्ति की हत्या में वह जेल गया था। जमानत पर छूटने के बाद उसने कृष्ण बिहारी उपाध्याय की हत्या किया था। इस कांड में पूर्व में राजेश कुमार पर आरोप पत्र समर्पित किया गया है। एक अपराधी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। जबकि कांड में आरोपित इसके तीन पुत्रो अजित सिंह,नागा सिंह व रघुनन्दन कुमार अब तक फरार है। जिसकी गिरफ्तारी को सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक तजियादारों के साथ की गई

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर क्षेत्र के सभी तजियादारों की बैठक राजस्व पदाधिकारी दिव्य प्रकाश की अध्यक्षता में की गई जिस का संचालन थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी ने किया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ताजिया कमेटी के खलीफा एवं मुख्य सदस्यों के साथ ही दर्जनों सदस्य उपस्थित थे, बैठक में उपस्थित ताजिया कमेटी के मुख्य खलीफा ताजियादार को संबोधित करते हुए राजस्व पदाधिकारी ने कहा कि आप सभी लोग अपना अपना नाम एवं पता तथा मोबाइल नंबर के साथ ही प्रत्येक कमेटी के कम से कम 20 सदस्यों का नाम थाने में लिख कर जमा करें जिन पर किसी भी तरह का कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं हो साथ में सभी सदस्य पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड एवं फोटो भी जमा करें आगे थानाध्यक्ष ने बताया कि ताजिया का रूट चार्ट भी जमा करना अनिवार्य है मौके पर अपर थानाध्यक्ष विजेंद्र कुमार राम ए एसआई वीरेंद्र कुमार सिंह थाना मुंशी कृष्णा बिहारी ठाकुर ग्रामीण पुलिस संतोष पासवान अशोक कुमार सिंह मुन्ना सिंह अंधार ताजिया कमेटी के अरमान अंसारी सूर्यपुरा के जहांगीर सिद्दीकी बलिहार के मो असलम नोनहर के निजामुद्दीन बहुआरा के मो कासिम मियां अगर खुर्द के मो फिरोज मनोहर के ही मो अख्तर अली के साथ हैं विभिन्न ताजिया कमेटी के दर्जनों युवा एवं बुजुर्ग सदस्य उपस्थित थे।

ग्राम रक्षा दल द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। ग्राम रक्षा दल सह पुलिस मित्रों ने समाहरणालय गेट के समीप धरना प्रदर्शन करते हुए कहा की पुलिस मित्र सदस्य बिहार पश्चिमी चंपारण जिला बेतिया अंतर्गत विगत कई वर्षों से थाना अध्यक्ष निर्देशानुसार संध्या प्रभारी ,रात्रि प्रहरी ,पंचायत क्षेत्र में पड़ने वाले मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित विद्यालय में स्कूल प्रभारी से लेकर राष्ट्रीय त्यौहार एवं महामारी आपदा कोरोना वायरस रोकथाम से लेकर लोकसभा विधानसभा चुनाव आदि कार्यों में शांति व्यवस्था कायम करने में प्रशासन विधि व्यवस्था में सहयोग प्रदान कर राष्ट्रीय हित का कार्य हम सभी करते हैं इस कार्य की एवज में कुछ जिलों में पुलिस अधीक्षक के माध्यम से लाठी टॉर्च एवं अन्य सामग्री प्रदान किया गया है वही सप्ताहिक एवं दैनिक उपस्थिति भी दर्ज की जाती है परंतु इसके सिवा जीवन जीने के लिए कोई भी प्रकलित राशि आवंटन नहीं की जाती है जिससे हम सभी सदस्यों के जीवन मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं तथा पंचायत के 5 अंगों में हम लोगों का कार्य मूलभूत माना गया है हमें अपनी आवश्यकता हेतु दैनिक भत्ता ,मानदेय एवं अन्य सुविधाओं की अति आवश्यकता है एवं पंचायत के समस्त प्रतिनिधि के तहत हम सभी सदस्य भी कार्य करते हैं वही पंचायत राज सरकार भवन में सुरक्षाकर्मी के तौर पर ग्राम रक्षा दल सदस्यों की प्रतिनियुक्ति हेतु सदन में बात रखी गई थी परंतु अभी तक कार्य नहीं किया गया इसलिए हमारी मांगे है कि सरकार हमें मानदेय, दैनिक भत्ता ,बिहार चतुर्थवर्गीय कर्मचारी में प्राथमिकता ,लाठी ,टॉर्च वर्दी ,जीवन सुरक्षा तथा अन्य राज्य की भांति सारी सुविधाएं मुहैया कराया जाए वही मौके पर उपस्थित चंद्रिका बिन ,हरेंद्र जी ,श्यामाकांत राम ,गोविंद यादव ,नरेश यादव , धामू राम आदि अनेको सदस्यों ने धरना प्रदर्शन में अपनी बातें रखीं और कहां की जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक हम सभी आने वाले समय में भी धरना प्रदर्शन करते रहेंगे ।

केविवि के डीडीयू परिसर में व्यास पूजा का आयोजन



नवप्रदेश प्रतिनिधि मोतिहारी। आषाढ़ पूर्णिमा व आचार्य व्यास मुनि की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय शिक्षण मंडल, महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा व्यास पूजन सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आनंद प्रकाश रहे। वहीं शैक्षिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार, विश्वविद्यालय की सह-कुलानुशासक डॉ. सपना सुगंधा, भारतीय शिक्षण मंडल के विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा, भारतीय शिक्षण मंडल के विश्वविद्यालय प्रांत प्रमुख डॉ. साकेत रमण, भारतीय शिक्षण मंडल उत्तर बिहार के शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख प्रो. विकास पारीक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आनंद प्रकाश, डॉ. मुकेश कुमार व डॉ. सपना सुगंधा को अंगवस्त्र तथा गीता भेंट कर व्यास सम्मान से सम्मानित किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए भारतीय शिक्षण मंडल, विश्वविद्यालय इकाई प्रांत प्रमुख डॉ. साकेत रमण ने व्यास पूजा की बधाई देते हुए सभी को व्यास जी के जीवन से जुड़े गूढ़ रहस्य बताए। उन्होंने यह भी बताया की गीता को पढ़कर उसके माध्यम से मनुष्य को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा हमें अपनी सभ्यताओं से जुड़े रहना चाहिए। भारतीय शिक्षण मंडल के विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष प्रबंधन विभाग के प्रो. शिरीष मिश्रा ने कहा की हमें वेद व्यास की पूजा क्यों करनी चाहीए, उन्होंने बताया की वेद व्यास जी ज्ञान के देवता हैं। महाभारत युद्ध के दोनो पक्ष वेद व्यास जी को ज्ञात थे परंतु युद्ध फिर भी हुआ क्योंकि वो इस माध्यम से हमें ज्ञान देना चाहते थे, उन्हें आने वाली पीढ़ी को संस्कार और सभ्यता की ओर आकर्षित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आनंद प्रकाश ने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षण मंडल ज्ञान के बीज बोती है, जो हमारे विकाश में अत्यंत सहायक है। उन्होंने कहा की हम अपनी परम्पराओं को भूलकर पश्चिमी सभ्यता की तरफ बढ़ रहे हैं, जोकि विद्यार्थी के विकाश के लिए अवरोध साबित हो रही है। वहीं प्रो. विकास पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के विद्यार्थी अपना ज्यादा समय मोबाइल (एआई) पर बीता रहे हैं जिससे उनके सोचने की शक्ति घटती जा रही है। उन्होंने सभी को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि भारतीय शिक्षण मंडल बुद्धिजीवियों का एक संगठन है जी समाज और शैक्षिक क्षेत्र के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देता आ रहा है । डॉ. सपना सुगंधा ने भी सभी को अपनी विचारों से काफी प्रेरित किया, उन्होंने कहा की गीता में ऐसे ज्ञान हैं जिन्हें पढ़कर हम अपने जीवन में सफल बन सकते हैं। अंत में कल्याण मंत्र तथा शांति मंत्र के साथ समारोह का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. जुगल किशोर दाधीच, डॉ. अभय विक्रम सिंह, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. अरुण कुमार एवं अन्य अन्य प्राध्यापकों ने सक्रिय सहभाग किया। संचालन वाणिज्य विभाग के शोधार्थी दीपक ने किया, ध्येय श्लोक के शोधार्थी अवनीय जी ने किया, ध्येय वाक्य का वाचन मीडिया अध्ययन विभाग के शोधार्थी आकाश जी ने किए जबकि शांति मंत्र का वाचन वाणिज्य विभाग के शोधार्थी नवीन जी द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी व शोधार्थी मौजूद रहे।

कोईलवर राजवाहा नहर में पानी के लिए किसानों ने अधीक्षण अभियंता को दिया ज्ञापन

नवप्रदेश प्रतिनिधि संदेश। कोईलवर राजवाहा नहर की बदहाल स्थिति से अवगत कराते हुए क्षेत्रीय किसानों द्वारा सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिलकर एक ज्ञापन दिया गया है। दिये गए ज्ञापन से किसानों द्वारा कोईलवर राजवाहा नहर में लगी झाडी,घांस पतवार, सिल्ट एवं अवैध डायवर्सन को हटाते हुए नहर को अविलंब सफाई कराते हुए धान रोपणी के लिए पानी की गुहार लगाई गई है। अधीक्षण अभियंता द्वारा किसानों के आवेदन पर विचार कर अविलंब कार्यवाई करते हुए सिंचाई कराने का आश्वासन दिया गया है। बता दें कि सोन तटीय इलाकों में सिंचाई का एकमात्र साधन कोईलवर राजवाहा नहर का हालत काफी खराब हो गया है। नहर में झाड झंखाड़ उग गये हैं। धान रोपाई का समय बितता चला जा रहा है लेकिन नहर में अभी तक पानी नहीं आया। विगत कई वर्षों से सिंचाई विभाग द्वारा नहर का सफाई भी नहीं कराया गया है। जिससे आक्रोशित किसानों द्वारा सैंकड़ों किसानों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन जिलाधिकारी कार्यालय, सदर एसडीएम, अधिक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता सिंचाई विभाग भोजपुर को दिया गया है। जिसमें किसानों द्वारा मुख्य रुप से कोईलवर राजवाहा नहर में स्थित झाड झंखाड़ , सिल्ट एवं अवैध डायवर्सन की सफाई, कोईलवर राजवाहा नहर का निजीकरण समाप्त करने एवं नहर में अवैध पुल पुलिया एवं डायवर्सन बनाने वालों पर कानूनी कार्यवाई करने की मांग की गई है। जिलाधिकारी कार्यालय एवं अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देने संदेश के क्षेत्रीय किसान एवं समाजिक कार्यकर्ता भोला शरण सिंह, चंदेश्वर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सीडी शर्मा एवं अरुण कुमार सिंह गये थे। जहाँ अधीक्षण अभियंता से मिलकर एवं आवेदन देकर उन्हें किसानों की समस्या एवं नहर के बदहाल स्थिति के बारे में बताया। किसानों ने बताया कि कोईलवर राजवाहा नहर का जबसे निजीकरण किया गया है तब से क्षेत्रीय किसानों को नहर से समुचित सिंचाई नहीं मिलता है। नियम को अनदेखी करते हुए अवैध कृषक समिति के हांथों में नहर चला गया है। जिसके चंगुल से नहर को बचाना अनिवार्य है। अन्यथा क्षेत्रीय किसानों के बिच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। किसानों द्वारा आवेदन के माध्यम से तीन दिनों में अपनी मांगों को पुरा करने का आग्रह करते हुए नहीं होने पर आंदोलन एवं सडक जाम कर प्रदर्शन करने की भी चेतावनी दिया गया है।

एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए जिलास्तरीय टीओटी सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

सभी प्रशिक्षण प्राप्त स्वास्थ्यकर्मी प्रखण्ड स्तर पर आशाकर्मियों को करेंगे प्रशिक्षित

नवप्रदेश प्रतिनिधि सासाराम। आगामी 10 अगस्त से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर तक आशा कर्मी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सासाराम सदर अस्पताल स्थित पारा मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में जिला स्तरीय एक दिवसीय टीओटी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के एमओआईसी, बीएचएम एवं बीसीएम मौजूद रहे। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग कर रही डब्ल्यूएचओ के अरुण कुमार ने फाइलेरिया अभियान को सफल बनाने के लिए आशा कर्मियों के प्रशिक्षण संबंधित माइक्रो प्लान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि किस स्तर से और किस तरह से आशा कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए की वे लोग अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा सके। क्योंकि अशाकर्मी ही घर घर जा कर लोगों को दवा खिलाएंगी। साथ ही उन्होंने एमडीए अभियान के तहत दी जाने वाली दवाओं को खिलाने के तरीके भी बताएं। वही पीएसआई ई इंडिया के विशाल चौहान ने बताया कि अभियाम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग से सहायता लिया जा जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से ही सभी विभाग के अधिकारियों को इस अभियान में सहयोग करने का दिशा निर्देश प्रदान कर दिए गए है।

फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर राकेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, और यह एक बार हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता है। इसलिए इस बीमारी को रोकने के लिए हम सभी को इस अभियान को सफल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त से शुरू हो रहे अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि माइक्रो प्लान के तहत कार्य किया जाए और आशाकर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

एमडीए अभियान होगा चुनौतीपूर्ण

फाइलेरिया के नोडल पदाधिकारी सह एसीएमओ डॉक्टर अशोक कुमार ने वहां मौजूद सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि इस बार का एमडीए अभियान हम सभी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण होने वाला है, क्योंकि इस अभियान में 3 दवाओं की 8 गोली प्रत्येक लोगों को खिलाना है, और सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कार्य आईवरमेक्टिन दवा खिलाने में आएगी क्योंकि इस दवा का सेवन लंबाई के अनुसार खिलाना है। एसीएमओ ने बताया कि इस बार एमडीए अभियान में एल्बेंडाजोल, डीईसी एवं आईवरमेक्टिन दवा का सेवन करवाया जायेगा।

प्रखण्ड स्तर पर दिया जाएगा प्रशिक्षण

रोहतास सिविल सर्जन डॉक्टर के एन तिवारी ने बताया कि 10 अगस्त से शुरू हो रहे एमडीए अभियान को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी एमओआईसी, बीएचएम एवं बीसीएम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि ये सभी अधिकारी अपने प्रखंडों में प्रखंड स्तर पर आशा कर्मियों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। मौके पर फाइलेरिया विभाग के जेपी गौतम के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

गोड़ारी में बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। बिजली की आपूर्ति बाधित होने पर गोड़ारी में उपभोक्ताओं ने आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। बिजली की चरमरायी स्थिति से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला । मंगलवार को करीब 8 बजे बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई । बिजली आपूर्ति के बंद होने के बाद जब तीन घंटे तक जब बिजली नहीं आपूर्ति की गयी तो इटिम्हा गांव के करीब 50 से ज्यादा की संख्या में लोग गोड़ारी पीएसएस पहुंच गये।पीएसएस पहुंच कर बिजली आपूर्ति नहीं होने पर काफी नोक झोंक हुआ। 33 केवी फॉल्ट की बात कह बिजली कर्मी ने पल्ला झाड़ दिया। लोगों को कहना था कि प्रतिदिन 33 हजार का फॉल्ट होता है तो क्यों नहीं इसे ठीक किया जाता है । अक्सर रात्रि में बिजली काटी जाती है। आक्रोशित लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी, एसडीओ, कनीय अभियंता तथा गोड़ारी पीएसएस के कर्मी बिजली की जानकारी लेने पर कोई भी फोन रिसीव नहीं करता है । मजबूरन गोड़ारी पीएसएस आना पड़ता है। बताया गया कि उमस भरी गर्मी से परेशान है, उसमें बिजली काट कर परेशान किया जाता है। बदहाल बिजली की जब तीनों अधिकारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गयी तो एक भी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। इसकी जानकारी काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार को दी गयी तो थानाध्यक्ष ने विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेकर लोगों को बताया कि एक बजे बिजली बहाल की जाएगी। पीएसएस पहुंचे लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारे लगाये। तालाबंदी को धमकी दी गई, कहा कि अगर निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं की जाएगी, तो सबसे पहले तीनों अधिकारियों को हटाने की मांग की जाएगी, पीएसएस गोड़ारी में तालाबंदी भी होगा। ताकि बिजली विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी तनासाह एवम निकम्मा काम चोर हो गए है। सैकड़ों लोगों ने बताया कि इन कर्मचारियों और अधिकारियों के विरुद्ध धाकम मुकम प्रदर्शन किया जाएगा। जिसका सारा जबाव देही विभाग पर होगा।

एक नजर

मारपीट के पुराने मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज (रोहतास)। थाना क्षेत्र के लालाअतिमी गांव से स्थानीय पुलिस ने मारपीट के पुराने मामले के तीन नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राहुल कुमार, दामोदर सिंह और सुपाड़ी कुमार शामिल हैं। ये सभी लाला अतिमी गांव के ही निवासी बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मारपीट के पुराने मामले के तीन अभियुक्तों को लालाअतिमी गांव से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहे थे। जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर इनके घर से ही गिरफ्तार किया गया।

कृषि विभाग इच्छुक किसान को देगा पौधा

नवप्रदेश प्रतिनिधि दावथ। प्रखंड कृषि विभाग द्वारा इच्छुक किसानो को लकड़ी व वन्य पौधे उपलव्ध करायेगा.इसकी जानकारी देते हुए कृषि व बागवानी के सहायक तकनिकि प्रबंधक आशुतोष कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा जो किसान लकड़ी वाला या वन्य पेंड़ का पौधा लगाना चाहते हैं.उनको पौधा दिया जायेगा। अभी शीशम सागवान, मोहगनी तथा लकड़ी वाले पौधे उपलव्ध हैं। जिनको पौधे लेने हैं। वे ई किसान भवन में आकर अपना नाम दर्ज करा लें। साथ ही कौन पौधा लेने के इक्षुक हैं। वह भी दर्ज करा लें।

शिक्षा विभाग में हो रहा पैसे का खेल



नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में बिना चढ़ावा कुछ काम नहीं हो पा रहा है इसका खुलासा तब हुआ जब इस वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी में नामांकन के लिए परीक्षा दिए हुए सफल छात्रों के एडमिशन के लिए उनके फार्म पर जिला शिक्षा पदाधिकारी और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का हस्ताक्षर नामांकन फार्म पर करना नियम बनाया गया है और उस मात्र हस्ताक्षर करने के लिए यह वरीय पदाधिकारी नवोदय कि परीक्षा पास किये छात्रों के संबंधित विद्यालय से तीन हजार रुपए वसूली की गई इसका खुलासा कई विद्यालयों के संचालकों का कहना है की रजिस्टर जांच के नाम पर पदाधिकारी उनसे पैसे की वसुली किये जबकि जबकि नवोदय विद्यालय में नामांकन की सिमा विद्यालय प्रबंधक द्वारा रविवार तक अभिभावकों को दिया गया था ऐसे हालात में जब नवोदय की परीक्षा पास की हुए छात्र-छात्राओं का अभिभावकों से पूछा गया तो उनका कहना था अभी तक उनके बच्चों के नामांकन फार्म पर जिला शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी अपना सहमति नहीं जताये और कार्यालय में जाने पर उनसे भेंट नहीं हो पा रही है सूत्रों की माने तो अपने कुछ सहकर्मियों के माध्यम से फार्म पर हस्ताक्षर करने के लिए पैसे की वसूली करा रहे हैं और पैसा नहीं मिलने पर यह सारा खेल खेला जा रहा है सूत्र बताते हैं ऐसे ही हाल शिक्षा विभाग कई शिक्षण संस्थानों से भी जुड़ा हुआ है अगर इसकी जांच गोपनीय रूप से कोई उच्चस्तरीय टीम करे तो कई रहस्य का पदार्फाश हो जाएगा इस संबंध में स्थानीय युवा कांग्रेस नेता विनय कुमार यादव जदयू की युवा नेता शंभू कुमार कुशवाहा समाजसेवी पुण्य देव प्रसाद दिपु कुमार यादव रविंद्र सिंह शिव कुमार द्विवेदी आदि ने सुशासन बाबू से शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों की कार्यशैली की जांच कराने की मांग की है वही दूसरी तरफ जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क करना चाहा गया तो उनसे संपर्क नहीं होने के कारण उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

40 पीस एटपीएम अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

नवप्रदेश प्रतिनिधि कोचस। जहां एक तरफ बिहार मे शराबबंदी है, वही शराब धंधेबाज शराब के लिए अपना कैरियर दाव पर लगाना नही भुल रहे हैं। शराब धंधेबाज डाल- डाल तो पुलिस पात- पात चल रही है। ताजा मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस वार्ड नंबर 6 से पुलिस ने सोमवार की देर शाम नाटकीय ढंग से 40 पीस एटपीएम शराब के साथ दो धंधेबाजो को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि वार्ड नंबर 6 में शराब की धड़ल्ले से बिक्री कि जा रही है। पुलिस के द्वारा एक टीम बनाकर सूचना के आधार पर छापेमारी की गई ,तो कोचस वार्ड नंबर 6 में राजेन्द्र वैद्य पिता स्व. दोल्ही वैद्य के घर से 40 पीस एटपीएम स्पेशल ब्लेन्ड स्कॉच 180 एमएल (लगभग 7.200 लीटर) बरामद किया गया। साथ ही दो धंधेबाज 25 वर्षीय गीतक नट पिता ऐलन नट साकिम संझौली रोहतास व 46 वर्षीय राजेन्द्र वैद्य पिता दोल्ही वैद्य साकिम कोचस को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार धंधेबाजों का पुलिस के द्वारा पूर्व अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है।

खड़ी बस में टकराया कावरीया का बाइक बुरी तरह जख्मी

नवप्रदेश प्रतिनिधि करगहर रोहतास। थाना क्षेत्र के सासाराम-चौसा पथ पर सहुआर गांव के समीप खड़ी यात्री बस में मंगलवार के कावरिया का बाइक टकराने से बाइक सवार कांवरिया बुरी तरह जख्मी हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे पीएचसी में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद उसे घर भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कोचस थाना क्षेत्र के सेमरियां निवासी मुन्ना सिंह गुप्ता धाम से जलाभिषेक कर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे कि सहुआर गांव के समीप बाइक चलाने के दौरान उन्हें झपकी आ गई। जिससे वे सड़क के किनारे खड़ी यात्री बस में टकराकर बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि थकान होने की वजह से उन्हें बार-बार नींद आ रही थीं।

नशे में धुत तीन शराबी गिरफ्तार भेजे गए जेल

नवप्रदेश प्रतिनिधि पीरो। थाना की पुलिस ने अलग अलग स्थानों से शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शराब का सेवन करने के आरोप में जमुआंव निवासी लल्लू यादव, राजकुमार यादव और खीरीकोन निवासी विरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के आदेश के आलोक में 17 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया

नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा किया जा रहे विद्यालयों का निरीक्षण के क्रम में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कुल 17 विद्यालयों का निरीक्षण प्रखंड के विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा किया गया। जांच के क्रम में प्रखंड के कार्यपालक सहायक अजय कुमार के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हुकाडीह एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय भड़कुड़िया कला का निरीक्षण किया गया जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय होने के बावजूद भी कुल नामांकित बच्चों की संख्या जहां 93 वहीं उक्त विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति मात्र 30 ही पाई गई जिसमें खास बात यह है कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैं मात्र 3 कमरे हैं ।

अनियंत्रित थार के चपेट में आने से तीन की मौत, दो घायल

नवप्रदेश प्रतिनिधि पश्चिमी चम्पारण। नगर निगम बेतिया काली बाग ओपी थानांतर्गत छावनी मुख्य मार्ग फ्लाईओवर के पास मनुआपुल से बेतिया आने के क्रम में दिन सोमवार की रात लगभग 7:30 एवं 8:00 के बीच महेंद्रा थार, गाड़ी संख्या बीआर 22 अ७ 7013 तेज रफ्तार से सर्विस लेन गार्डर को तोड़ते हुए टीवीएस मोपेड, मोटरसाइकिल, साइकिल सवार चार पुरुष तथा एक महिला को रौंद डाला। जिसमें घटनास्थल पर ही दो पुरुष तथा एक महिला की मृत्यु हो गई तथा दो गंभीर रूप से घायल थे। जहाँ आसपास लोगों का भारी संख्या में हुजूम उमड़ पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही नजदीकी मनुआपुल थाना घटनास्थल पर पहुँच स्थिति का जायजा लेते हुए सभी को जीएमसीएच बेतिया भेजी तथा जैसे तैसे बड़ी मशक्कत के साथ मनुआपुल ओपी प्रभारी मोहम्मद अलाउद्दीन द्वारा स्थिति को शांत करते हुए थार गाड़ी चला रहे वाहन चालक को आक्रोशित लोगों से बचाव करते हुए अपनी निगरानी में लिये।

संपादकीय

गर्म होगा मानसून सत्र

20 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र का सियासी रूप बदला हुआ नजर आने की उम्मीद है। एक ओर 26 विपक्षी पार्टियां एकजुटता का प्रदर्शन कर रही हैं, तो स्वाभाविक है कि संसद में भी एक ही स्वर में बोलने का प्रयास करेंगी, वहीं एनडीए भी 38 पार्टियों को एकजुट कर रहा है। स्वाभाविक है कि सत्ता पक्ष विपक्षी खेमे की तमाम कोशिशों को सदन के अंदर ही परास्त कर उसके नैरेटिव को शुरू होने से पहले समाप्त कर देना चाहेगी। संसद के मॉनसून सत्र के बाद केंद्र सरकार के दूसरे टर्म में सिर्फ दो और सत्र बचेंगे। साल के आखिर में होने वाला शीतकालीन सत्र और उसके तुरंत बाद नये साल की शुरुआत में होने वाला बजट सत्र। 12 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में 17 बैठकें होंगी। विपक्षी गठबंधन के लिए मॉनूसन का संसद सत्र बहुत अहम होने वाला है। इसमें कई स्तर पर विपक्ष की परीक्षा भी होगी। संसद का पिछला सत्र अडाणी मुद्दे पर पूरी तरह बाधित हो गया था। तब विपक्ष भी कई स्तरों पर बंटा-बंटा दिखा था। विरोध करने के स्वरूप को लेकर विपक्षी दलों में एकरूपता नहीं थी। सत्र के बाद ही विपक्षी एकता की नयी पहल की गयी और नीतीश कुमार ने एक तरह से अभियान चलाकर कांग्रेस समेत कई पार्टी नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद विपक्षी एकता की दिशा में पहली मीटिंग पटना में हुई और दूसरी मीटिंग इन दिनों बेंगलुरु में चल रही है। संसद का मॉनसून सत्र विपक्ष के लिए भी एक लिटमस टेस्ट की तरह होगा। वहीं सत्र के दौरान दिल्ली ऑर्डिनेंस का ऐसा मुद्दा आयेगा, जिसमें विपक्षी दलों को अपनी एकजुटता दिखाने का बड़ा मौका मिलेगा। विपक्ष को उम्मीद भी होगी कि इस मुद्दे पर एनडीए सरकार को राज्यसभा में परास्त कर आम चुनाव से पहले वह एक बड़ा संदेश दे सकता है। अगर ऑर्डिनेंस के मुद्दे पर विपक्ष सरकार को हराने में सफल रहा, तो इसका बड़ा मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। इसके अलावा मणिपुर के हालात और जांच एजेंसियों की कार्रवाई के दो ऐसे मसले हैं, जिन पर संसद में जोरदार हंगामा देखने को मिल सकता है। सत्र के दौरान यह भी देखना दिलचस्प होगा कि सदन के अंदर कांग्रेस विपक्षी दलों का अगुवा बनती है या नहीं। पिछली बार सत्र के दौरान भले ही कांग्रेस और टीएमसी विरोध में थे, लेकिन वे अपना विरोध प्रदर्शन अलग-अलग कर रहे थे। इसके अलावा विपक्ष सरकार की आर्थिक नीतियों पर इस बार बड़ा हमला कर सकता है। पिछले कुछ सत्रों से विपक्ष के अंदर दो तरह के विचार रहे हैं। एक वर्ग संसद के अंदर बहस करके सरकार को घेरना चाहता है। इस मत के पक्षधर नेताओं का मानना है कि हंगामा करने से सरकार को बहस से भागने का मौका मिल जाता है, जिससे कहीं न कहीं उसकी मंशा पूरी हो जाती है। लेकिन विपरीत राय वालों का मानना है कि अगर सरकार की शर्त पर ही बहस हो तो इसका संदेश जाता है कि विपक्ष झुक गया है और सरकार पहले से अधिक मजबूत बन कर निकली है। कुल मिलाकर संसद का सियासी रंग बदला हुआ नजर आयेगा।

सामयिकी

सीमा हैदर का इरादा कुछ और तो नहीं

बरखा त्रेहान

फरार्टेदार अंग्रेजी, बोलते समय कोई हिचकिचाहट नहीं, धाराप्रवाह हिंदी एवं एक रटी रटाई स्क्रिप्ट जैसे प्यार की कहानी आदि, और भारत का मीडिया, ऐसा लग रहा है जैसे कोई फिल्म चल रही हो और लोग उसे देख रहे हों। मगर यह फिल्म नहीं है, यह सत्यता है और भारत की मीडिया तो जैसे अनियंत्रित ही हो गयी है, उन मूलभूत प्रश्नों पर बहस नहीं हो रही है, जिनपर होनी चाहिए कि कैसे इतनी आसानी से कोई पाकिस्तानी देश में प्रवेश कर सकता है? इन बातों पर प्रश्न नहीं हो रहे कि भारत और पाकिस्तान दोनों की ही सुरक्षा एजेंसी क्या इतनी बेकार हो गयी हैं कि जांच भी नहीं की जा रही है। और सबसे बढ़कर कि क्या हम इशरत जहाँ को भूल गए हैं, जो वर्तमान प्रधानमंत्री की हत्या के लिए लश्कर ऐ तैयबा की ओर से भेजी गयी थी। जिसका एनकाउंटर कर दिया गया था। हालांकि उसे लेकर भी बहुत बवाल होते रहे और उसे तो बिहार की बेटी तक बता दिया गया था। सीमा हैदर के पास से कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिली हैं। ऐसे में आशंका यह भी उठती है कि कहीं यह भी जो प्लांट की गयी जासूस नहीं है, जो नरेंद्र मोदी को नुक्सान पहुंचाने और भारत के गोपनीय रहस्य जानने के लिए आई हो? मीडिया के अनुसार सीमा हैदर के पास से 3 फर्जी आधार कार्ड और 6 पासपोर्ट मिले हैं। इतना ही नहीं सीमा के आधारकार्ड में एडिट करके सचिन का नाम जोड़ा गया था। सीमा के पास से चार मोबाइल और एक पाकिस्तानी सिम मिला है। यह सब संदेह व्यक्त करने के लिए पर्याप्त है और उसकी चैट भी डिलीट की गयी है। इससे भी संदेह बढ़ता है, परन्तु कुछ लोगों को छोड़कर मीडिया इस विषय में बात करना पसंद नहीं कर रहा है। वह केवल प्रेम की कहानी तक ही सीमित रखे है। परन्तु यह प्रेम कैसे हो सकता है जिसमें वह अपने शौहर को छोड़ ही नहीं आई है बल्कि उसके बच्चे भी ले आई है। क्या उसके बच्चों पर उसके शौहर का कोई अधिकार नहीं था? यह भी प्रश्न उठाया जाना चाहिए कि क्या जो उसने कथित रूप से मकान बेचा था, वह किसने दिलाया था? क्या शौहर के दिलाए मकान को अपने इस कथित प्यार के लिए बेचा जा सकता है? क्या यह उस शौहर के साथ अन्याय नहीं है जो मुल्क से दूर धन कमाने के लिए गया हुआ है? और सबसे बढ़कर जो प्रश्न उठता है वह यह कि भारत में तो पब्जी प्रतिबंधित है, तो फिर यह प्रेम पब्जी पर हो कैसे गया? यह मामला मियां बीवी की परस्पर वफादारी से बढ़कर देश की सुरक्षा का है, हमारे प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा का है। क्योंकि ऐसा ही एक और मामला पहले भी हुआ था, जिसमें इकरा नामक लड़की जिसे लूडो खेलते समय अखिलेश से प्यार हुआ था और वह भी नेपाल के रस्ते भारत में आई थी। वह दोनों बंगलुरु में रह रहे थे, मगर एक दिन जब वह अपने अब्बा से पाकिस्तान में बात कर रही थी तो वह राडार पर आ गयी थी और फिर उसे न्यायालय द्वारा वापस भेज दिया गया था। कानून भावनाओं पर नहीं चलता और न ही कथित प्यार का विमर्श कानून पर हावी होना चाहिए। उचित प्रश्न उठाने चाहिए कि आखिर कैसे एक मार्ग इतना सुरक्षित हो सकता है कि वहां से कोई भी भारत में प्रवेश कर लेता है और रहने लगता है और जहां एक ओर मीडिया सीमा का इतना दीवाना है, वही मीडिया पाकिस्तान से आए हिन्दुओं पर बात करने से कतराता है और यही मीडिया भारत की और से रास्ता भटक कर पाकिस्तान गए और वहां की जेलों में बंद भारतीयों के विषय में कुछ नहीं बोलता! भारत के सैकड़ों बेटे पाकिस्तान की जेलों में बंद हैं, किसी न किसी आरोप के चलते, मगर हर ओर सन्नाटा है! उन पर बात नहीं होती, पाकिस्तान से आए हिन्दुओं की स्थिति पर बात नहीं होती, बात हो रही है तो शौहर को छोड़कर आई और उसके चार बच्चे लेकर आई सीमा पर? यह किस मोड़ पर हम आकर बैठ गए हैं? **प्रेसिडेंट, पुरुष आयोग**

ऋतुपर्णा दवे

देश की राजधानी दिल्ली का नाम लेते ही मस्तिष्क में एक स्मार्ट तस्वीर बनती है लेकिन जिस वास्तविकता से लोग रू-ब-रू होते हैं तो अलग ही सच्चाई मुंह कड़वा कर देती है। ऐसे में स्मार्ट सिटी योजना को लेकर देखा गया सपना कितना साकार होता है इस पर लोगों के मन में तरह-तरह के विचार स्वाभाविक हैं। खास मिशन के तहत बनाए जा रहे ऐसे स्मार्ट शहर देश के दूसरे शहरों को किस तरह स्मार्ट बना पायेंगे

सबसे पहले दिल्ली स्मार्ट होती!



देशवासियों ने एक सपना देखा था, बल्कि कहें कि दिखाया गया था। एक स्मार्ट सिटी होगी। उसमें सब कुछ स्मार्ट होगा। बहुत बड़ी कार्य योजना प्रस्तुत की गई। 25 जून 2015 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्मार्ट सिटीज मिशन का आगाज किया। यह 100 शहरों के बुनियादी ढांचों में सुधार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देनी की मुहिम थी। यह शहर थे- पोर्टब्लेयर, विशाखापत्तनम, तिरुपति, काकीनाडा, अमरावती, पासीघाट, गुवाहाटी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बिहारशरीफ, पटना, चंडीगढ़, रायपुर, बिलासपुर, नया रायपुर, दीव दादरा और नगर हवेली, सिल्वासा, नई दिल्ली नगर परिषद,पणजी, गांधीनगर, अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा,राजकोट, दाहोद, करनाल, फरीदाबाद, धर्मशाला, शिमला, श्रीनगर, जम्मू, रांची, मंगलुरु, बेलगावी, शिवमोगा, हुबली धारवाड़, तुमकुरु, दावणगेरे, बेंगलुरु, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, कवरत्ती, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, सतना, उज्जैन, नासिक, थाइन, ग्रेटर मुंबई, अमरावती, सोलापुर, नागपुर, कल्याण-डोम्बीवली, औरंगाबाद, पुणे, पिंपरी चिंचवाड़, इंफाल, शिलांग, आइजोल, कोहिमा, भुवनेश्वर, राउरकेला, औल्गरेट, लुधियाना, जालंधर,अमृतसर, जयपुर, उदयपुर,कोटा, अजमेर, नामचि, गंगटोक, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, डिंडीगुल, तंजावुरी, तिरुपूर, सलेम, वेल्लोर, कोयंबटूर, मदुरै, खत्म, तूतुकुड़ी, चेन्नई, ग्रेटर हैदराबाद, ग्रेटर वारंगल, करीमनगर, अगरतला, मुरादाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, झांसी, कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, रामपुर और देहरादून।

स्मार्ट शहरों पर सूचना एवं डिजिटल टेक्नालॉजी की सार्वजनिक व निजी भागीदारी के जरिए शहरों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से टिकाऊ और समावेशी विकास पर फोकस किया गया। मिशन को ऐसा उदाहरण बनाने का लक्ष्य भी रखा गया कि ऐसी सिटी के अन्दर और बाहर की व्यवस्थाओं काअनुसरण हो ताकि नागरिकों की सबसे अहम जरूरतों एवं जीवन में सुधार करने के लिए बड़े से बड़े अवसरों को सृजित किया जा सके। मिशन के लिए 7,20, 0000 करोड़ रुपये की फंडिंग भी की गई। इसमें कृत्रिम बुद्धि के तहत आईसीटी का परिचय, आईटी कनेक्टिविटी, डिजिटलीकरण तो ई-गवर्नेंस के तहत ई-पंचायत, ई-चौपाल इसी तरह बुनियादी ढांचे के तहत अच्छे और साफ पानी की आपूर्ति, सभी के लिए बिजली, उचित स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, शहरी गतिशीलता, पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन, आवास जैसी किफायती जीवन स्थितियां और सतत पर्यावरण जैसे जरूरी विषयों को शामिल किया गया।

योजना को लागू हुए नौ बरस हो चुके हैं। सपने और हकीकत का अंतर भी साफ झलकने लगा है। हाल की बारिश ने जिस तरह से बड़े से बड़े शहरों की पोल खोलकर रख दी है उससे तो यही लगता है कि इन्फ्रॉस्ट्रक्रर के मामले में हमारी बुनियाद ही बहुत कमजोर है। केवल दिल्ली को ही एक आदर्श के रूप में रखें तो भी डर लगता है। राष्ट्रीय राजधानी का जो मंजर बीते सप्ताह बल्कि पखवाड़े में दिखा तो उसने हर किसी को डरा कर रख दिया। 41 वर्षों में महज 24 घंटों में ही 200 मिलीमीटर बारिश का नया रिकॉर्ड तो बना, लेकिन अव्यवस्थाओं की इतनी सारी पोल खुली जिसने पूरे देश को झकझोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के मुख्य स्थानों इंडिया गेट के आसपास की सड़कों के मंजर से रूह कांप गई। जगह-जगह जलभराव की वो स्थिति बनी कि न जाने कितने लोग इससे जूझे और कितने घायल हुए, इसका सही आंकड़ा तक नहीं है। बड़ी-बड़ी घटनाओं की तस्वीरों ने ही इतना कुछ दिखा दिया कि छोटी-मोटी पर भला कौन ध्यान देगा। कमोवेश यही स्थिति दिल्ली से सटे दूसरे महानगरों गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद की भी रही। दूसरे छोटे-मोटे शहरों खासकर पहाड़ी इलाकों के हालात तो बेकाबू और बेहद दर्दनाक दिखे। यदि दिल्ली की बात करें तो मानसून से पहले करोड़ों रुपये खर्च कर नालों की सफाई पर 10 करोड़ रुपये खर्च हुए। जलभराव से बचाने के खासे इंतजाम के दावे हुए जो 9-10 जुलाई की ही बारिश में धराशायी हो गए। हालात बद से बदतर हो गए।

जब पूरे देश में स्मार्ट सिटी को लेकर दावों-प्रतिदावों का दौर चल रहा हो ऐसे में यदि देश की राजधानी में ही संसाधनों की जबरदस्त कमी दिखी और जिम्मेदार राजनीतिक बयान दें तो फिर दूसरों को उदाहरण बनाना बेमानी सा लगता है। विचारणीय यह भी है कि अकेले दिल्ली नगर निगम में 20159 नाले रिकॉर्ड में हैं। इनमें 721 ऐसे नाले भी हैं जिनकी गहराई 4 फीट तक है। बड़े नालों की सफाई ठेके पर होती है, जबकि बाकी की खुद निगम करवाता है। हालिया सफाई में सात हजार मीट्रिक टन भी गाद हटाई गई उसके बावजूद पहली ही बारिश में नालों के उफान और दिख रही गाद आसानी से देखी जा सकती है। दिल्ली की अव्यवस्था को लेकर सरकार में बैठे नुमाइंदे और नौकरशाह जो भी दावे करें वो अलग हैं लेकिन हकीकत भरी दिल्ली में रहने वाले या आने-जाने वाले पूरे साल देखते हैं। हाल ही में भारी बारिश के बाद दिल्ली का दिल इंडिया गेट के पास धंसी सड़क और थमते यातायात को भी देखा। पुरानी दिल्ली-गुरुग्राम रोड पर महज एक बस के खराब हो जाने से समलखा से कापसहेड़ा में हुए ट्रैफिक जाम और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की इस रास्ते से नहीं जाने की हिदायत उदाहरण हैं। सवाल यह है कि ऐसा कब तक चलेगा? चिंता इसलिए भी है कि जहां वर्ष 2011 की जनगणना में दिल्ली की आबादी 1916,787,941 थी, जो अब अनुमानतः 19,301,096 पार कर चुकी होगी। ऐसे में मौजूदा व्यवस्था और संसाधन कितने पर्याप्त हैं? निश्चित रूप से दिल्ली के मास्टर प्लान को लेकर भी लोगों के दिमाग में सवालों की बौछारें होंगी, लेकिन जवाब कौन देगा?

देश की राजधानी दिल्ली का नाम लेते ही मस्तिष्क में एक स्मार्ट तस्वीर बनती है लेकिन जिस वास्तविकता से लोग रू-ब-रू होते हैं तो अलग ही सच्चाई मुंह कड़वा कर देती है। ऐसे में स्मार्ट सिटी योजना को लेकर देखा गया सपना कितना साकार होता है इस पर लोगों के मन में तरह-तरह के विचार स्वाभाविक हैं। खास मिशन के तहत बनाए जा रहे ऐसे स्मार्ट शहर देश के दूसरे शहरों को किस तरह स्मार्ट बना पाएंगे यह सवाल बेहद गंभीर है। लगता नहीं कि विकास की गंगा बहाने के नाम पर सरकार के द्वारा खोली गई तिजोरी का जैसा सदुपयोग हो रहा है उससे शहरों के कायाकल्प की योजना कैसे फलीभूत हो पाएगी? यकीनन सरकार की मंशा पर शक करना बेकार है, लेकिन उनको फलीभूत करने वाली एजेंसियों की नीयत पर सवाल उठेंगे, उठने भी चाहिए। दरअसल जिस तरह से किसी शहर के इन्फ्रॉस्ट्रक्रर को लेकर तो लंबी-चौड़ी बहस होती है, ठीक वैसे ही इसे अंजाम देने वालों की कार्यप्रणाली पर भी नियंत्रण और पूरी पारदर्शिता की पहल के पुख्ता इंतजाम भी हों जिससे डिजिटल दौर में सब कुछ जैसा है वैसा ही दिखे और दिख सके। बस यही स्मार्ट सिटी का पहला और सबसे जरूरी हिस्सा है जो पारदर्शी हो।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)



तुषार गोरे, योव डोरी

दार्शनिक नजरिए से देखें तो स्वस्थ लंबे जीवन की तलाश के पीछे फ्रीडम की ख्वाहिश भी है। परम स्वतंत्रता उम्र के साथ आने वाली मुसीबतों से निपटने और उन्हें मैनेज करने की क्षमता होती है। फिर भी स्वतंत्रता का यह नजरिया बताता है कि चीजों को अपने हिसाब से ढालने की ऐसी कोशिशें सहज ज्ञान के खिलाफ हैं।

क्या हारी हुई बाजी है उम्र बढ़ाने की कोशिश



दुनिया में ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें मौत से ज्यादा लोगों के सामने भाषणबाजी से डर लगता है। लेकिन मौत हमारी नियति है, जिसके टलने का अभी तक कोई रास्ता नहीं निकल सका है। वैसे, इधर उम्र बढ़ाने पर काफी रिसर्च हुई है। इससे ऐसी तकनीकें सामने आयी हैं, जो सेहतमंद और लंबी जिंदगी की आशा पैदा करती हैं। दुनिया में इस सिलसिले में जो स्टडी हुई हैं, उनमें लंबी उम्र के लिए कई फैक्टर्स और नये उपायों का जिक्र है। इस बायोहैकिंग कहा जा रहा है। इसे लेकर एक सोच यह है कि शरीर और मन के लिए थोड़ा-बहुत स्ट्रेस अच्छा होता है। कुछ इसके लिए एक्सरसाइज करते हैं तो कुछ बर्फ से नहाकर या हाइपरबेरिक चेंबरों में यह तनाव पाते हैं।

ऑक्सिजन की कमी

ऊंचाई पर जहां ऑक्सिजन कम होती है, वहां इंसान के टिशूज में भी ऑक्सिजन कम हो जाती है। इसे हाइपोक्सिया कहते हैं, जिससे छुटकारा पाने के लिए शरीर लाल रक्त कोशिकाएं बढ़ाने लगता है। हाइपोक्सिया के अहसास के लिए ऐसे मुखौटे बनाए गए हैं, जिन्हें पहनने से सांसों में ऑक्सिजन की मात्रा कम हो सकती है। इस तरह के दखल प्रोग्रेस इंडिकेटरों के साथ ही यूजफुल होते हैं। जो लोग इसे अपने हिसाब से करना चाहते हैं, उनके लिए इसमें कई ऑप्शन होते हैं। हालांकि ऐसी चीजें अपनाते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। हो सकता है, इनसे जिंदगी कुछ लंबी हो जाए। लेकिन जिंदा रहने और पूरी तरह से स्वस्थ शरीर के साथ जिंदा रहने वाले कुल वर्षों के बढ़ने का यह मतलब नहीं है कि बढ़े हुए इन कुछ सालों में हेल्थ अच्छी ही रहेगी। मसलन, जीवनकाल 70 से बढ़कर 80 वर्ष हो सकता है। वहीं, हेल्दी लाइफ 62 से 72 साल तक ही होगी। लेकिन तब भी इसका यही अर्थ निकलता है कि आखिर के आठ साल स्वस्थ हों यह जरूरी नहीं। लेकिन इस गैप को कम करके दिखाने वाला कोई आंकड़ा नहीं है। ऐसे में इन कवायदों से जुड़ी कोई भी चीज इस खास डिटेल को नजर में रखते हुए ही पढ़ी जानी चाहिए।

फायदे साफ नहीं

उम्र बढ़ाने वाली अच्छी आदतों से इतर इन कवायदों से मिलने वाले फायदे साफ नहीं हैं। उचित आहार, रोज कसरत, पूरी नींद, नशे से परहेज और स्ट्रेस मैनेजमेंट स्वस्थ जीवन का मुख्य आधार हैं। इनमें से हरेक का अपना-अपना काम है। इन सबसे अलग लाइफ बढ़ाने वाली पहल का बड़े समूह को फायदा नहीं पहुंचा है। यानी, इसका फायदा बड़ी संख्या में लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। आंकड़े यह भी इशारा करते हैं कि जीवन के मुख्य आधार भी लाइफ बढ़ाने में उतने कामयाब नहीं हैं। फिर भी, आम लोगों को यह जानना चाहिए कि उम्र बढ़ाने की हरेक कवायद की बड़ी कीमत अदा करनी पड़ती है, चाहे वो आर्थिक हो या मनोवैज्ञानिक।

सहज ज्ञान के खिलाफ

दार्शनिक नजरिए से देखें तो स्वस्थ लंबे जीवन की तलाश के पीछे फ्रीडम की ख्वाहिश भी है। परम स्वतंत्रता उम्र के साथ आने वाली मुसीबतों से निपटने और उन्हें मैनेज करने की क्षमता होती है। फिर भी स्वतंत्रता का यह नजरिया बताता है कि चीजों को अपने हिसाब से ढालने की ऐसी कोशिशें सहज ज्ञान के खिलाफ हैं। सच तो यही है कि उम्र बढ़ाने की ऐसी कोशिशें हारी हुई बाजी हैं।

(तुषार बेंगलुरु स्थित रेसोनैंस लैब के एमडी हैं और डोरी फिलाडेल्फिया स्थित बच्चों के एक अस्पताल के डायरेक्टर हैं)



चन्द्रभूषण

आज के दिन में हमारे शहरों में बारिश के पानी को सोखने की क्षमता ही नहीं बची है, क्योंकि हमने हरेक जगह कंक्रीट बिछा रखी है। ऐसे में बारिश का पानी जमीन के अंदर जाता ही नहीं। हमारी जो वॉटरबॉडीज थीं, तालाब, कुंड या कुएं थे, उन्हें भरते हुए हमने शहर का हिस्सा बना दिया।

दिल्ली का हाल तो देख लिया... शहरों में आने वाली बाढ़ कैसे रुकेगी

दिल्ली में आई बाढ़ को लेकर देश में चर्चा है कि अगर राजधानी का हाल ऐसा है तो बाकी शहरों का क्या होगा? शहरों में बाढ़ क्यों आ रही है और इसका मुख्य कारण क्या है? मैं दिल्ली के उदाहरण से बताना चाहूंगा कि शहरों में बाढ़ क्यों आ रही है? बाढ़ आने के चार मुख्य कारण हैं। पहला, तेजी से बारिश का आना। दूसरा, नदियों का शोषण। तीसरा कारण है गलत तरीके से शहरीकरण और चौथी वजह है स्टॉर्मवॉटर सिस्टम (वर्षा जल निकासी) का मिस मैनेजमेंट। इन कारणों के चलते दिल्ली हो या मुंबई, हैदराबाद हो या बेंगलुरु और चेन्नै- सब जगह बाढ़ आ रही है।

बारिश का ट्रेंड

पहले कारण यानी तेज बारिश पर बात करते हैं। पिछले 30 साल के आंकड़े देखें तो पता चलता है कि पूरे देश में भारी बारिश (24 घंटे में 2.5-4.5 इंच बारिश) और बहुत भारी बारिश (24 घंटे में 4.5-8.0 इंच बारिश) में बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में ही 10 साल पहले एक-दो दिन भारी बारिश होती थी, अब तीन-चार दिन भारी बारिश होने लगी है। 2021 में सात दिन भारी बारिश हुई थी। पिछले शनिवार और रविवार को भी भारी बारिश हुई थी। भारी बारिश के कारण पानी बहुत तेजी से आता है और जो हमारे स्टॉर्मवॉटर नेटवर्क हैं, जिनका काम है बारिश के पानी को बाहर निकालना, उनकी उतनी क्षमता नहीं होती। इसलिए बाढ़ की स्थिति बन जाती है। समस्या यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारी बारिश वाले दिन और तीव्रता में और वृद्धि होगी। हम इसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते क्योंकि यह एक वैश्विक समस्या है। ग्लोबल वॉर्मिंग को नियंत्रित करने के लिए सभी देशों को कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम करने के लिए मिलकर काम करना होगा। तभी भारी बारिश के दिन सामान्य हो पाएंगे।

नदियों का शोषण

दूसरी वजह है नदियों का शोषण। आप यमुना का उदाहरण देखें। दिल्ली में यमुना 21 किलोमीटर में है। यहां यमुना का जो फ्लड प्लेन है, जो पानी को फैलने की जगह देता था, आज उस फ्लड प्लेन में अक्षरधाम मंदिर है, मिलेनियम पार्क बस डिपो है, वेस्ट डिस्पोजल साइट है, कॉमनवेल्थ विलेज है। उसी फ्लड प्लेन में हमने ढेरों फ्लाईओवर बना दिए हैं। यमुना के फ्लड प्लेन में हमने अतिक्रमण कर रखा है। ऊपर से यमुना के चैनल में मोटी सिल्ट जमा हो रखी है क्योंकि उसमें सारा कचरा जाता है। इससे यमुना का तल ऊंचा होता है और फिर पानी भी उसी ऊंचाई पर आता है।

बाढ़ इसी वजह से बढ़ रही है। वैसे, दिल्ली में कहा जा रहा है कि हथिनीकुंड बैराज से बहुत ज्यादा पानी रिलीज किया गया है, उसके कारण बाढ़ आयी है। आंकड़े देखें तो यह बात सही नहीं है। इससे पहले कई बार हथिनीकुंड से अभी से अधिक पानी रिलीज किया गया, तब तो दिल्ली में बाढ़ नहीं आयी। इस बार उन्होंने पहले से कम पानी छोड़ा, फिर भी बाढ़ आ गई। इसका कारण यही है कि हम नदी में अतिक्रमण कर रहे हैं, सिल्ट बढ़ा रहे हैं। यही चीज आप मुंबई में देखेंगे। मुंबई की जो मीठी नदी है, उसे हमने यमुना की तरह नाला बना रखा है। उसमें भी खूब सिल्टेशन है।

गलत शहरीकरण

तीसरा कारण है गलत शहरीकरण। आज के दिन में हमारे शहरों में बारिश के पानी को सोखने की क्षमता ही नहीं बची है, क्योंकि हमने हरेक जगह कंक्रीट बिछा रखी है। ऐसे में बारिश का पानी जमीन के अंदर जाता ही नहीं। हमारी जो वॉटरबॉडीज थीं, तालाब, कुंड या कुएं थे, उन्हें भरते हुए हमने शहर का हिस्सा बना दिया। बेंगलुरु में यही किया और दिल्ली में भी। ये वॉटरबॉडीज बारिश के पानी को रोकती थीं, जिसके कारण बाढ़ की नौबत कम आती थी।

स्टॉर्मवॉटर नेटवर्क

चौथा कारण है स्टॉर्मवॉटर ड्रेन का मिस मैनेजमेंट। अधिकांश शहरों में उचित वर्षा जल नालियां नहीं हैं। जिन नालियों से हम गंदा पानी निकालते हैं, उन्हीं से बारिश का पानी निकालने की कोशिश करते हैं। जहां हमने नाले बनाए भी हैं, वहां उन्हें बहुत गंदी तरह से मैनेज करते हैं। दिल्ली में स्टॉर्मवॉटर ड्रेन के ऊपर अतिक्रमण है, उसमें कचरा डाला जाता है, उसकी निर्माण गुणवत्ता बहुत खराब है। हरेक साल दिल्ली में स्टॉर्मवॉटर ड्रेन को साफ करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन उसका कोई सर्टिफिकेशन सिस्टम नहीं है।

हल हमारे हाथ

इन चारों कारणों को अगर हम देखें, तो यह बात एकदम साफ हो जाएगी कि हरेक शहर में बाढ़ क्यों आती है। सोचने वाली बात यह है कि इन चार कारणों में तीन तो हमारे हाथ में हैं। बारिश हमारे हाथ में नहीं है। जैसा कि मैंने ऊपर बताया, जितनी तेजी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है, भारी वर्षा के दिन और बढ़ेंगे। ग्लोबल टेंपरेचर को कम करने की जरूरत है, तभी तेज बारिश बंद होगी, यह बहुत बड़ा और अलग मुद्दा है। लेकिन नदियों का शोषण ना करने, शहरीकरण को ठीक करने और नालियों को साफ रखने जैसी तीन चीजें तो हमारे हाथ में हैं। उनकी क्षमता बढ़ाना भी हमारे हाथ में है। अगर हम ये तीन चीजें करें, तो आज दिल्ली सहित बाकी शहरों में बाढ़ की जैसी स्थिति है, वह काफी कम हो सकती है।

(लेखक आईफॉरेस्ट के सीइओ हैं।)

एक नजर

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए उपायुक्त

कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने पिछले छह महीने से मानदेय नहीं मिलने को लेकर आवेदन देते हुए न्याय की गुहार लगाई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को उक्त मामले पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिये। इसके साथ ही राशन कार्ड, कान का मशीन, जमीन विवाद समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

चोरी के 02 मोटर, 02 पुली मशीन, 01 मोटरसाइकिल बरामद

डोमचांच। थाना क्षेत्र अंतर्गत नेरपुर से एक बंद कमरे से हुई चोरी के मामले का डोमचांच पुलिस द्वारा त्वरित उद्भेदन करते हुए डोमचांच थाना कांड संख्या 84/2023 दिनांक 17/7/2023 धारा 379/ 461 भा0 दा0 वि0 चोरी के समान क्रय करने को लेकर आप्राथमिकी अभियुक्त 1. बबलू सॉव उर्फ राहुल कुमार साव पिता सुभाष साव ग्राम महावीर पिंडा के सामने थाना डोमचांच अभियुक्त को चोरी के 02 मोटर, 02 पुली मशीन, 01 मोटरसाइकिल एवं अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 सागर कुमार हीरालाल मेहता उर्फ हिप्पी ग्राम सिंगलोडीह 3. सनी कुमार पिता गोपाल भारती ग्राम कोठियाराबर दो किशोरों को भी निरुद्ध करते हुए सभी थाना डोमचांच जिला कोडरमा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया।

बाघमारा विद्यालय के 12 छात्रों को सरकारी सेवा में योगदान देने के लिए किया गया सम्मानित

जयनगर। प्रखंड के बाघमारा स्थित सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सहित कई नेताओं ने संयुक्त रूप से किया बताते चलें कि विद्यालय के पूर्व छात्र जिन्होंने 2023 में विभिन्न सरकारी सेवाओं में अपना योगदान दिया जिन के सम्मान में या सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर अतिथियों ने सभी 12 विद्यार्थियों को मोमेंटो तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अमित कुमार यादव ने कहा कि यह विद्यालय जब से खुला है तब से लेकर आज तक शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां के विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न क्षेत्र में सरकारी सेवा में योगदान दे रहे हैं। उद्घाटनकर्ता जानकी यादव ने कहा कि यह विद्यालय कि नाम और प्रसिद्धि पूरे देश भर में फैला हुआ है या विद्यालय अपने नाम की डंका बजा चुका है चाहे वह रिजल्ट का माध्यम हो चाहे विद्यार्थियों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा या विभिन्न सरकारी सेवाओं में योगदान देने में यह विद्यालय अब बोल रहा है। मौके पर प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, शिक्षक महेश्वर पांडे, लक्ष्मण चंद्र यादव, विनोद यादव, सिकंदर यादव, ब्रह्मदेव पांडे, प्रकाश चंद्र यादव, श्याम सुंदर यादव, प्रभु चंद्र यादव, महेश यादव, रंजीत सिंह, विनोद शर्मा, विक्रम पांडे, कपिल देव गुप्ता, सुजीत राज, गायत्री कुमारी, प्रकाश पांडे, रामचंद्र सिंह सहित कई शिक्षकों ने भूमिका निभाया। कार्यक्रम का संचालन वरीय अंग्रेजी शिक्षक पिंटू कुमार पांडे ने किया।

चैटर प्वॉइंट में किया गया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद के जपला-देवरी रोड के बाला जी कॉम्प्लेक्स में स्थित चैटर प्वॉइंट में स्मार्ट बोर्ड के जरिए स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। स्मार्ट क्लास का शुभारंभ पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के द्वारा बड़े ही रोचक तरीके से कठिन-से-कठिन विषय को समझने या समझाने में मदद मिलती है। किसी भी विषय वस्तु को बार-बार देखकर जाना या समझा जा सकता है। किसी भी विषय वस्तु को चित्र और वीडियो के माध्यम से समझने और समझाने में आसानी मिलती है, जो कि आज के समय की माँग है। इस मौके पर संस्था के निदेशक मिसम रिजवी ने कहा कि यह हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र का हमारा पहला शैक्षणिक संस्थान है, जहाँ पर स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया है।

युवक का सोन नदी में डूबने हुई मौत

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घोड़बंधा गांव निवासी नंदू रजवार का पुत्र 19 वर्षीय पवन रजवार गांव के निकट सोन नदी में नहाने के दौरान डूब गया था। स्थानीय नाव चालक और ग्रामीणों के काफी खोजबीन के बाद गांव से दूर दंगवार गांव के सामने सोन नदी से शव को बरामद कर लिया गया है। वहीं मृतक के परिजन का रो रो कर बुरा हाल है व गांव में मातम सा पसरा हुआ है। घटना के सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर बड़ेपुर मुखिया पति प्रशांत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, उप मुखिया, दंगवार मुखिया अमरेंद्र ठाकुर के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे वही मृतक पवन रजवार को शव को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

पेड़ गिरने से तीन दिन से यातायात बाधित

सतगावां। प्रखण्ड के बुटबरिया बिस्नीडीह के पास रविवार को कैरी से बसोडीह मेन रोड पर एक विशालकाय पीपल के पेड़ गिर गया, जो अभी तक प्रशासन के द्वारा पेड़ का नहीं उठाया गया है। जिसके करण तीन दिन से यातायात बाधित है। पेड़ गिरे हुए तीन दिन हो जाने के कारण, आते जाते को राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बंध वीएचपी के प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि जब हम रेंजर साहब से बात किये तो वो बोले कि ए हमारा काम नहीं हैं रोड विभाग से बात कीजिये एड का रोड है फएड विभाग का आदमी उठाएगा।

धरने पर बैठे परिवार को नैतिक समर्थन देने पहुंचे प्रकाश रजक

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा परिसर में चौथा दिन अनिश्चितकालीन धरना चल रही है। जिसमें बचे हुए आरोपियों गोकुल को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। पुलिस को जो काम करना चाहिए वह काम नहीं कर रही है धरना पर बैठे पीड़ित परिवार पर धरना समाप्त करने के लिए कोडरमा थाना प्रभारी द्वारका राम अपने दल बल के साथ पहुंचकर दबाव बना रही है। जिससे पीड़िता एवं पीड़िता के परिजनों में दहशत बना हुआ है। धरना स्थल पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विकास कुमार पहुंचकर अपना नैतिक समर्थन दिया जरूरत पड़ी तो कोरबा जिले में प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा।

कृषि और मत्स्य विभाग में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक संपन्न

अधिक से अधिक लाभुकों को योजना से अच्छादित करें: उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की पशुपालन, सहकारिता, कृषि और मत्स्य विभाग में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। बैठक में बैंक खातों में संचित एवं अव्यवहत राशि को राज्य की समेकित निधि में जमा करने तथा इस प्रकार के बैंक खातों को बंद करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त महोदय ने पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए बकरी पालन, सुअर पालन, बत्तख पालन, मुर्गी पालन समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना का लाभ गांव स्तर के ग्रामीणों को दें ताकि वे आजीविका का स्त्रोत बढ़ा सकें। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक गांव से दो लोगों को चिन्हित करते हुए उन्होंने पशुओं के ईलाज के लिए प्रशिक्षित करें। उपायुक्त महोदय ने कृषि विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा किये। उपायुक्त ने के.सी.सी से संबंधित लंबित आवेदनों को निस्तारित करने का निर्देश दिये। मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए अमृत सरोवर के तहत बन रहे सभी तालाब में मछली पालन विकसित करने के लिए समिति बनाने का निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

बाबूलाल मरांडी एवं अन्नपूर्णा देवी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर हर संभव मदद का दिए आश्वासन

नव प्रदेश संवाददाता

जयनगर। झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को प्रखंड के सहदेव भदानी के मनीष कुमार भदानी एवं शंकर बिहारी के पिता मथुरा प्रसाद बिहारी का आकस्मिक निधन हो गया था। शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने के लिए झारखंड राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता सहदेव भदानी का आकस्मिक निधन हो जाने से मैं काफी दुखी हूं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि भगवान उनके अपने चरणों में स्थान दे। वहीं सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कही है कि मथुरा प्रसाद बिहारी एवं मनीष कुमार भदानी के आकस्मिक निधन हो जाने से हम सभी काफी दुखी हैं। उन्होंने कहीं की मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि दोनों को अपने चरणों में रखने का स्थान दें। विधायक अमित कुमार यादव ने भी भगवान से प्रार्थना किया कि दोनों को अपने चरणों में रहने का स्थान दे और उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दे। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव सहदेव प्रसाद भदानी दीपक सिंह राजकुमार गुप्ता सूरज कुमार गुप्ता सुबोध कुमार भदानी सूरज कुमार भदानी राकेश कुमार भदानी किशुन यादव मनोज भदानी शशिकांत चौधरी शंकर बिहारी सहित काफी कई लोगों ने गहरा संवेदना प्रकट की। वही विधि व्यवस्था बनाए रखने में जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा अपने दल बल के साथ काफी मुस्तैद थे।

विधायक ने किया करोड़ो रुपए का योजनाओं का शिलान्यास

नव प्रदेश संवाददाता

चंदवारा। प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव द्वारा सोमवार को करोड़ो रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। इस क्रम में प्रखंड के बंदी पंचायत में भूमि संरक्षण विभाग द्वारा भेलवाड में 14 लाख 99 हजार की लागत से बने रेहवा आहार का गहरीकरण का उद्घाटन एवं ग्रमीण विकास विशेष प्रमंडल योजना द्वारा 55 लाख के लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक उमाशंकर अकेला यादव, मुखिया दुलारी देवी व पंचायत समिति सदस्य रेखा देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया। वहीं 13 लाख 44 हजार 400 सौ रुपए की लागत से प्रखंड के धाम पंचायत भवन का चारदिवारी एवं भवन की मरम्मति 09 लाख 61 हजार की लागत से खांड़ी पंचायत भवन का बाँड्रीवाल 24 लाख 64 हजार 400 की लागत से बनने वाले पीसीसी रोड़ का भी शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक यादव ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के सरकार में राज्य का चौतरफा विकास हो रहा है।

जिले के कई थाना प्रभारी को दिया गया आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण

ऐप के माध्यम से दुर्घटनाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है

मेदिनीनगर पलामू। समाहरणालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में मंगलवार को आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर थाना, सदर थाना, चैनपुर थाना, हुसैनाबाद थाना, पांकी थाना, नावाबाजार थाना, एवं नावा जयपुर थाना के थाना प्रभारी के साथ सीसीटीएनएस ऑपरेटर को आईआरएडी ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के आंरभ में जिला सुचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, रणवीर सिंह के द्वारा आईआरएडी के महत्व के बारे में बतया गया की कैसे आईआरएडी ऐप के द्वारा एकत्र की गई जानकारी का विश्लेषण आईआईटी मद्रास करती है एवं इन जानकारियों के अनुसार ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहाँ क्या क्या सुरक्षा के उपाय किये जा सकते है। उन्हें मोर्थ के द्वारा लागू कराया जाता है। डीआरएम अंजली के द्वारा आईआरएडी एप्लीकेशन पर कैसे दुर्घटनाओं को प्रविष्ठ करना है। की जानकारी दी गई। बताया गया की आईआरएडी ऐप पर दुर्घटनाओं से सम्बंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाती है एवं ऐप के माध्यम से ही ऑनलाइन एमवीआइ एवं रोड एजेंसी से दुर्घटना सम्बंधित रिपोर्ट की मांग की जाती है। सभी विभगों द्वारा आईआरएडी पर डाटा प्रविष्ठ करने की अवधी 30 दिन है। डाटा को 30 दिनों के अंदर ही डाला जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 19, 20 एवं 21 जुलाई 2023 को अन्य थानों को भी प्रशिक्षण दिया जाना है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना अनाबद्ध निधि की बैठक संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सबसे पहले पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्रवाई की समीक्षा किया गया और जितने भी लंबित योजनाएं हैं। उसको यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिये। सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिये। साथ ही पूरे हुए योजनाओं का प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध करने का निर्देश दिये। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त अनावद्ध निधि से कार्यान्वयन हेतु योजनाओं को रखा गया। बैठक के दौरान पीसीसी पथ निर्माण, पथ के निर्माण व मरम्मती, नाला निर्माण, चारदीवारी, बाउंड्री वॉल निर्माण संबंधित प्राप्त योजनाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिये। उपायुक्त ने बाउंड्री वॉल की योजनाओं को अगले एक महीने में शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिये। साथ ही दुकान बनाने की लेकर प्रस्ताव तैयार करने की बात कही। आंगनवाड़ी केन्द्र को मॉडलीकरण करने को लेकर हो रहे कार्यों की जानकारी ली और जिन आंगनवाड़ी केन्द्र की प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है उस पर कार्य करने का निर्देश दिये। वहीं उन्होंने योजना के क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी जयपाल सोय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सहित अन्य पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

रामगढ़। जिले के मांडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगो के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों आदि को भी टीबी के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टीबी मरीजों की सही समय पर पहचान करना एवं उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। अतः आप सभी अपने स्तर पर लोगो को टीबी के प्रति जागरूक करें। साथ ही टीबी मरीजों के लिए सरकार द्वारा टीबी की मुफ्त जांच और दवा तथा पोषण पैकेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मांडू प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितेश कुमार ने बताया गया कि क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एन्ड वेलनेस सेन्टर के पदाधिकारियों को सूचना दें। मरीजों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और सहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने हेतु रेफरल सिल्प व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी भी डॉक्टर नितेश ने दी। कार्यशाला के दौरान बीपीओ कामाख्या प्रसाद, मुखिया बड़कागांव बुलबुल कुमारी, मुखिया कीमो चमेली देवी, मुखिया बसंतपुर सरिता देवी, मुखिया ओरला गुड़िया देवी, डीपीओ अजय नारायण दुबे, एवं इरशाद अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

चास अनुमंडल कार्यालय के समक्ष विधायक का धरना

बोकारो। चास प्रखंड के चंदहा पंचायत में विधायक अमर बावरी ने चास अनुमंडल कार्यालय के समक्ष अतिक्रमण हटाने को लेकर मंदिर कमेटी और ग्रामीणों के साथ धरना दिया। ग्रामीणों के साथ विधायक को धरने में बैठा हुआ देख अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। चास एसडीओ, चास सीओ और चास एसडीपीओ के साथ विधायक की वार्ता हुई और 7 अगस्त का समय दिया गया। चास एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि इस मामले में विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण किए हुए जगह को खाली कराने का काम किया जाएगा। विधायक अमर बाउरी ने कहा कि बार-बार कहने के बाद भी जिला प्रशासन कोई सुध नहीं ले रहा था। ऐसे में आज धरने पर बैठना पड़ा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने समय दिया है। यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती है तो चंदनक्यारी की जनता खुद कार्रवाई के लिए उतरेगी, जिसकी सारी जवाबदेही सरकार और जिला प्रशासन की होगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न

जयनगर। झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक इरगोबाद स्थित जयनगर पश्चिमी पंचायत की हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। पंचायत अध्यक्ष क्यूम अंसारी तथा सचिव मंसूर अंसारी एवं उपाध्यक्ष कलीम अंसारी तथा कोषाध्यक्ष सहवान अंसारी बने बैठक 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी तथा जिला सचिव श्यामदेव यादव उपस्थित थे। अशोक सिंह ने कहा महंगाई आसमान छू रहा है। और भाजपा सरकार विधायक खरीद फरोख्त कर सरकार बनाने में व्यस्त हैं। मौके पर रामेश्वर प्रसाद यादव, राम लखन यादव, इरफान अंसारी, मो. मंजूर अंसारी, महेश यादव, लाटोसन खातुन, दोलर मियां, शाहरू खातून, साकीन खातून, मोनी खातून, जगन्नाथ पासवान, रामलखन यादव उपस्थित थे।

नाली का होगा पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण: जेई

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं-14 के राईन मोहल्ले में नगर विकास विभाग द्वारा हो रहे नाली निर्माण कार्य की सोशल मीडिया पर घटिया नाली निर्माण कार्य किए जाने की वीडियो फैलते ही जेई बृजलाल कुमार ने संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से घटिया नाली निर्माण कार्य को रुकवाया। नगर पंचायत के जेई बृजलाल कुमार को संवेदक जाकिर अली के द्वारा जानकारी नहीं दी गई थी, ऐसी भी बात उनके द्वारा कही गई। इस संदर्भ में हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व जेई अजमल साहब के कथनानुसार कहीं भी अगर कंक्रीट ढलाई होती है तो जेई का वहाँ होना अनिवार्य होता है, वहीं इस बाबत पूछे जाने पर नगर पंचायत के जेई बृजलाल कुमार कहा कि उक्त नाली निर्माण की जाँच हो गई है, रिपोर्ट आना शेष है। उन्होंने कहा कि नाली-कंक्रीट ढ़लाई में भी संवेदक द्वारा मुझे किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। आगे उन्होंने घटिया नाली निर्माण को ध्वस्त करते हुए पुनः गुणवत्तापूर्ण नाली निर्माण कराने की आशा जताई है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि घटिया नाली निर्माण को तोड़कर पुनः गुणवत्तापूर्ण नाली का निर्माण करवाया जाएगा या फिर पैसों के बंदरबाँट में जनता का विकास कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ़ जाएगा।

उपायुक्त ने की जनता दरबार का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू । उपायुक्त ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया । प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंड वासियों की समस्याओं के निवारण हेतु डीसी के समक्ष तीन दर्जन से अधिक मामले आये। उपायुक्त दोड्डे सभी फरियादियों से एक-एक कर मुलाकात की एवं संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिये।उपायुक्त के इस जनता दरबार में फरियादियों द्वारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा निर्गत नहीं करने, दबंगो द्वारा जमीन हड़पने, पारिवारिक विवाद, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, पेंशन रूक जाने, म्युटेशन नहीं होने,रसीद नहीं काटे जाने, एलपीसी निर्गत नहीं करने, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आये तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिये।

सांसद ग्राम वासियों को कर रहीं हैं दिग्भ्रमित: राम कुमार

जयनगर। धनबाद गया रेलखंड में रेलवे अपनी जमीन को दोनों छोर से बाउंड्री कर रही है इस चारदीवारी में कई सड़क बंद हो जा रहें हैं तो कई घरों के निकलने की रास्ता ही बंद हो जा रही है। गडगी ग्रामवासी रेलवे से सड़क की मांग के लिए एक दिवसीय आंदोलन कर रहे थे। बैठक रेलवे संघर्ष समिति के बैनर तले हों रहीं थी। रेलवे संघर्ष समिती के बैनर तले गडगी ग्रामवासी जब आंदोलन में बैठे हुए आंदोलन कर रहे थे तभी स्थानीय सांसद अन्नापूर्णा देवी की आगमन हुआ और वे रेलवे संघर्ष समिति के बैनर को हटवा दिए. उसके बाद वे वहां तब कुर्सी ग्रहण करती हैं। इसके बाद वे आश्वासन में कहती हैं कि हम कोशिश करेंगे।

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। गोविंदपुर के खरनी ग्राम से आए श्री राम गोराई ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त के भुगतान के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि दिनांक 25 फरवरी 2019 को उन्हें योजना के तहत प्रथम किस्त प्राप्त हुआ। इसके बाद अभी तक किस्त की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने उपायुक्त से बाकी सभी किस्तों की राशि भुगतान करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन के निर्देश दिए। कतरास थाना क्षेत्र के अंगारपथरा क्षेत्र से आए शक्ति रविदास ने राशन कार्ड निर्गत करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि वह और उनकी पत्नी दोनों ही दिव्यांग है और उनकी एक पुत्री भी है। उन्हें अपने परिवार के जीवन यापन के लिए राशन की आवश्यकता है और वह रोजगार करने में असमर्थ हैं। उन्होंने उपायुक्त से राशन कार्ड निर्गत करने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को आपूर्ति पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जल्द से जल्द राशन कार्ड निर्गत करने को निर्देशित किया। जनता दरबार में मुख्यत शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

एक नजर

राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों का धमाकेदार प्रदर्शन

धनबाद। विगत 15-16 जुलाई को धनबाद के शम्भु राम धर्मशाला मे आयोजित झारखंड राज्य गतका चैम्पियनशिप मे धनबाद को चैम्पियन बनाने मे राजकमल सरस्वती विधा मंदिर के गतका खिलाड़ीयों का योगदान सराहनीय रहा। विधालय के कक्षा सप्तम के भैया अंशु कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड राज्य का बेस्ट फाईटर अवार्ड जीता धनबाद के लिए आर्यमन, अंशु, विष्णु कुमार सिंह, मंजीत साव, मोहन कुमार पांडेय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रणवीर ठाकुर, आयुष कुमार पांडेय, मिनमय दास, मोहन ने रजत पदक वा संजीव भारती, देव कुमार राय, यश राज, शुभम कुमार यादव, तेजस सिंह, सुमित कुमार ने कांस्य पदक जीता विधालय समिती के साथ ही प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, प्रभारी कमल नयन झा ने सभी खिलाड़ीयों वा कोच पप्पू कुमार को बधाई दी है।

पानी की समस्याओं को ले उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

धनबाद। मंगलवार को हीरापुर, प्रेम नगर, वार्ड नंबर 27 के निवासियों ने पानी की समस्या के शीघ्र समाधान करने हेतु राजद ओबीसी विंग के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सत्येंद्र कुमार ने बताया कि प्रेम नगर के कई घरों में कनेक्शन तो है लेकिन पानी नहीं मिलता है जिससे पानी को लेकर प्रेम नगर के लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त से इस संबंध में शीघ्र समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने में राजद एससी एसटी के जिलाध्यक्ष अमित प्रसाद, धनबाद राजद महासचिव रामाग्रह शर्मा मिथिलेश कुमार, और महेंद्र सिंह थे।

9 नवजात कन्या की माताओं को गिफ्ट हैंपर देकर किया सम्मानित

धनबाद। झारखंड प्रांत स्थापना दिवस के उपलक्ष में हो रहे 8 दिवसीय जनसेवा कार्यक्रम के चतुर्थ दिन मंगलवार को झारखंड प्रांत के पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल के सम्मान में कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम को झरिया मातृ सदन में सुबह 10:00 बजे किया गया। मंगलवार के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झरिया मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल और झारखंड प्रान्त की प्रांतीय संयुक्त मंत्री विनीता लिल्हा थी। जिसमें धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा इन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत चतुर्थ दिवस की जनसेवा कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मातृ सदन में जन्मी 9 नवजात कन्या की माताओं को हिमालया की बेबी गिफ्ट हैंपर देकर उनको उपस्थित प्रांतीय संयुक्त मंत्री विनीता लिल्हा और शाखा की महिला सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। मंगलवार के शिविर को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक प्रिया शर्मा, अंजलि अग्रवाल, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, निधि शर्मा, निमित अग्रवाल, साह सचिव अंकित शंघई, दीपक कुमार साह, हेमन्त शर्मा और युवा मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

9 किलो गांजा के साथ दुमका पुलिस ने 2 लोगों को किया गिरफ्तार

दुमका। 9 किलो गाने के साथ दुमका पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया इस बाबत दुमका एसपी अंबर लफड़ा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दुमका थाना क्षेत्र के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई है उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति पाकुड़ से गांजा लेकर दुमका बस स्टैंड पर उतरेंगे उसी आधार पर दुमका स्टैंड में दो आदमी उतरे और दूध आने की ओर जा रहे थे प्राप्त सूचना के पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दुमका के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया एवं दुमका टाटा शोरूम के पास चेकिंग लगाया गया चेकिंग के दौरान एक टोटो पर सवार दो व्यक्ति एक काला रंग का व्यास एवं एक नीले रंग का बैग लिए हुए था उन्हें शक के आधार पर पकड़ा गया पकड़ा या व्यक्ति से तलाशी के दौरान लगभग 9 किलो गांजा बरामद किया गया पूछताछ करने पर उक्त दोनों व्यक्तियों ने बताया कि गांजा अगरतला से खरीदे हैं तथा बेगूसराय में बेचने के लिए ले जा रहे हैं। पकड़ा है दोनों व्यक्तियों ने बताया कि वे अक्सर गांजा बेगूसराय का स्थानीय बाजार में बेचते हैं और मोटी रकम कमाते हैं जिसे विधिवत जप्त कर लिया गया पकड़ाया दोनों अभियुक्तों ने अपना नाम क्रमशः राजेश मंडल उम्र करीब 43 वर्ष पिता बनारसी मंडल विष्णुपुर थाना बेगूसराय निवासी दूसरा विनोद कुमार साह उम्र करीब 44 वर्ष पिता स्वर्गीय भगवान साह पंजाबी मोहल्ला थाना लखीसराय जिला लखीसराय बिहार का बताया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया इस संबंध में विवरण दुमका नगर थाना कांड संख्या 171/2023 एनडीपीएस की धारा अंकित कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

जिले को मिली एक और उपलब्धि, जिले को मिला भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट

गुमला। जिले को एक और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि मिली आज मंगलवार को दिल्ली स्थिति विज्ञान भवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रुपति मुर्मू के हाथों भूमि सम्मान सर्टिफिकेट 2023 गुमला जिले को प्रदान किया गया। उक्त प्रमाण पत्र सुशांत गौरव ने प्राप्त किया। इस दौरान अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता एवं एसडीओ सदर रवि जैन भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई बड़े प्रशासनिक अधिकारी एवं कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। ऐसे मंच पर गुमला को फिर एक बार राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि से नवाजा गया। उल्लेखनीय है कि भूमि संबंधी राइट ऑफ रिकॉर्ड का बेहतर ढंग से डिजिटलाइजेशन करने वाले जिलों को भारत सरकार द्वारा भूमि सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके लिए देशभर के 75 जिलों का भारत सरकार ने चयन किया था। जिसमें झारखंड के गुमला सहित 9 जिले शामिल है। इन जिले में गुमला के अलावा दुमका, गीरीडीह, चतरा, खुंटी, लोहरदगा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसवां और सिमडेगा शामिल है। झारखंड के इन 9 जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक राइट ऑफ रिकॉर्ड जिसमें सेल डीड, खतियान एवं अन्य भूमि संबंधित दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन हो चुका है। जानकारी के अनुसार डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत देश के 28 राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के 766 जिले में भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इनमें बेहतर तरीके से भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने वाले गुमला सहित 75 जिले के उपायुक्त और अपर समाहर्ता को सम्मानित किया गया।

कांग्रेस का भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम

धनबाद। मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस पार्टी के द्वारा झारखंड प्रदेस कॉंग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के आदेशानुसार भारत जोड़ों की बात आम जन के साथ कार्यक्रम के तहत बैंक मोड़ में व्यवसायी वर्गों से मिल कर कांग्रेस पार्टी का और राहुल गांधी का संदेश दिया और सभी को भारत जोड़ो यात्रा का हैंड बिल दिया। इस अभियान में, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, राजेश्वर सिंह यादव, नवनीत नीरज, मंटू दास, प्रभात सुरोलिया, योगेंद्र योगी, दिनेश सिंह, राम जी भगत, इतियादी शमिल थे।

आदिवासी युवक के ऊपर अत्याचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना

धनबाद। मार्क्सवादी समन्वय समिति धनबाद जिला कमेटी ने रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। मध्यप्रदेश में भाजपा के सत्ताधारी दल के नेता द्वारा समाज के कमजोर वर्ग आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना शर्मसार करती है,इसी घटना का निंदा करते हुए विरोध किया गया। इस धरना को संबोधित करते हुए मासस केंद्रीय महासचिव कॉमरेड हलधर महतो ने कहा कि आज देश में मोदी सरकार के राज में निरंतर आदिवासी, दलित, महिलाओं के ऊपर दिन-प्रतिदिन अत्याचार बढ़ता जा रहा है। इससे समाज में सामाजिक समरसता दिन प्रतिदिन बंद हो रहा, लोगों का जिंदगी दुश्वार होता जा रहा। मोदी सरकार सामाजिक ताना-बाना को भी भाजपा के अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता को जीवित रखने के लिए समाजवादी सोच की सरकार गठन करने की जरूरत है, वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा कॉर्पोरेट घराने को जो लाभ पहुंचाया जा रहा है,इससे कुछ व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था कमजोर होते जा रहे है। धरना में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव दिल मोहम्मद, जिलाध्यक्ष बिंदा पासवान, दिलीप कुमार महतो, शेख रहीम, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, नरेश पासवान, अजय महतो, मोहम्मद अख्तर, मुक्तेश्वर महतो, सुकलाल महतो, याकूब अंसारी, सुरजीत चंद्र, महिला नेत्री ललिता देवी, विजय पासवान, रामप्रवेश यादव, मोतीलाल हेंब्रम, राजेश बीरूवा, हरेंद्र निषाद, रंजीत यादव, राकेश सिंह, भक्तु प्रसाद महतो,ठाकुर महतो, शिवालक पासवान, धीरज महतो, चिंटू रवानी, मनीष यादव, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, त्रिलोचना देवी, पूनम देवी, रानू देवी आदि लोग शामिल थे।

झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

धनबाद। मंगलवार 18 जुलाई को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद शिक्षा अधीक्षक सह पदाधिकारी से मिलकर बांग्ला शिक्षा संबंधित मांग पत्र सौंपा ।मांग पत्र में जिले में चल रहे बांग्ला भाषा अल्पसंख्यक स्कूलों में पूर्व में जो शिक्षकों की नियुक्ति हुई है उसका जानकारी मांगा गया। बांग्ला अल्पसंख्यक स्कूलों में एक ही परिवार से दो सदस्य स्कूलों में शिक्षक कैसे हैं। कैसे इनका नियुक्ति हुआ है। सभी अल्पसंख्यक स्कूलों में बांग्ला भाषा का पठन-पाठन सुचारू रूप से हो, झारखंड सरकार द्वारा जो अल्पसंख्यक बांग्ला स्कूलों का नियम है उसे हर हाल में पालन करना है। सभी बांग्ला भाषा और चरण को की स्कूलों में बांग्ला शिक्षा को लेकर छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। बांग्ला भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति हो, प्रतिनिधिमंडल में बेंगू ठाकुर, सुशोवन चक्रवर्ती, टनी बनर्जी, राणा चट्टराज, रंजीत प्रमाणित,भीम सेन, अमिताभ बनर्जी थे।

गोड्डा में शताक्षी महिला मंडल ने 11 दिव्यांगों को दिए ट्राई साइकिल

गोड्डा(हि.स.)। ईसीएल की कोल इंडिया ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन से संचालित शताक्षी महिला मंडल ने राजमहल परियोजना के राजमहल हाउस में 11 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरित किए। साथ ही एक असहाय लड़की की शादी के लिए सभी जरूरत के सामानों की जिम्मेवारी ली। महिला मंडल की अध्यक्ष पुष्पिता पंडा ने परियोजना प्रभावित क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पंडा ने कहा कि महिला मंडल के द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र के गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिए कई कार्यक्रम किया जाता है। उन्होंने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते हुए कहा कि इन सभी को मदद करने में अत्यधिक खुशी मिलती है। महिला मंडल के सदस्यों ने ऊर्जा नगर कॉलोनी के महाप्रबंधक प्रभारी के आवास के पास पौधरोपण भी किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि आकांक्षा मिश्रा, जीरक आलम, प्रीति सिंह, संचिता राय आदि उपस्थित थे।

एनएसयूआई ने राजभवन के द्वारा आए जांच कमेटी को विश्वविद्यालय की समस्या से अवगत कराया



धनबाद। मंगलवार को राजभवन से विश्वविद्यालय के अंदर वाइस चांसलर पर लगे आरोप की जांच करने कमेटी आई थी। इसी क्रम में एनएसयूआई ने पिछले 1 साल से चल रहे यूनिवर्सिटी के अंदर भ्रष्टाचार के मामलों से अवगत कराया। जांच टीम के सदस्य रिजवान अहमद से मिलकर उन्हें पूरे वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया तथा उन्हें 14 बिंदुओं को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया तथा जरूरी दस्तावेज सौंपा गया। जिस पर जांच टीम के रिजवान अहमद ने कहां की पूरे मामले पर गहनता से विचार किया जाएगा तथा ज्ञापन पर अपना फोन नंबर लिखने को कहा, तथा बोले कि आप से बात करके पूरी जानकारी ली जाएगी और 3 दिन में जांच कमेटी की रिपोर्ट राजपाल महोदय को सौंपी जाएगी और उनके द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी। एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव रोहित पाठक, जिला सचिव नवाजिश अफजल, उत्कर्ष कुमार, सोहेल खान समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

हजारीबाग में स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

हजारीबाग। जिले के चौपारण एनएचटू स्थित दनुआ घाटी में मंगलवार को एक स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें स्कार्पियो पर सवार चार लोगों की मौत हो गयी जबकि गाड़ी पर सवार अन्य लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि स्कार्पियो बरही से बिहार की ओर जा रही थी। इसी बीच चालक ने संतुलन खो दिया। स्कार्पियो पुल से टकराते हुए 40 फिट खाई में चली गयी। सूचना पाते ही पुलिस राहत कार्य में जुट गई है। घायलों को सामुदायिक अस्पताल चौपारण में भर्ती कराया गया है। घटना में गाड़ी का परखचे उड़ गए हैं।

लोहरदगा को मिला भूमि सम्मान

लोहरदगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में लोहरदगा जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस और जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार ने भूमि सम्मान-2023 ग्रहण किया। यह सम्मान डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) में सौ फीसदी पूर्णता हासिल करने के मिला। उल्लेखनीय है कि कुल 09 राज्यों के सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीम के साथ झारखंड के नौ जिलों को यह सम्मान मिला है।

हरियाली अमावस्या व सावन की दूसरी सोमवारी पर गुमला में भव्य गंगा आरती का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। मुरली बगीचा स्थित छठ तालाब में कल शाम हरियाली अमावस्या व सावन की दूसरी सोमवारी पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें रिमझिम बारिश के बावजूद हजारों महिलाओं बच्चों और पुरूषों ने हिस्सा लेकर जल संरक्षण व जल के सम्मान में अपनी आस्था प्रकट किया। कहा जाता है कि जल ही जीवन है लेकिन विकास के आपा धापी में हम अपने जल स्त्रोतों को बचाने और साफ सुथरा रखने के बजाय बेतहाशा गंदगी फैलाने से नहीं चूकते हैं। जिसका खामियाजा हमें समय समय पर भुगतना पड़ता है। खासकर गर्मियों में भीषण जल संकट तो देखने को मिलता ही है। गुमला नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने शहर और मोहल्लों को की साफ-सफाई के अलावा जल स्त्रोतों की का सम्मान और संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए गुमला में बनारस हरिद्वार और अयोध्या की भांति गंगा आरती की शुरूआत कर एक नई और ऐतिहासिक पहल की है। नगर परिषद गुमला के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत नदी व जल स्त्रोतों को संरक्षित करने का भी प्रण लिया गया है। जल स्त्रोतों के प्रति सम्मान प्रकट करने व उनपर आस्था रखने के साथ-साथ उनकी साफ-सफाई भी हमारा कर्तव्य बनता है। हम सब जानते हैं कि जितनी भी सभ्यताएं विकसित हुई हैं जल स्त्रोतों के किनारे ही हुई है। इन जल स्त्रोतों का मानव समाज ऋणि है। इसलिए जल स्त्रोतों के प्रति हमें कृतज्ञता ज्ञापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहां गंगा नहीं है लेकिन यहां जो हमारा जल स्त्रोत है वह उसका प्रतीक है। जल स्त्रोतों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पीयूष पाठक आज आरती कर रहे हैं जिसमें हजारों लोग शामिल हुए हैं। गंगा आरतीकर्ता पीयूष पाठक ने कहा कि मैं तालाबों नदियों व जल स्त्रोतों को बचाने के लिए गंगा आरती करता हूं। अब तक रांची और रांची के आसपास सहित बनारस में भी गंगा आरती कर चुका हूं। स्थानीय निवासी द्वारिकानाथ मिश्रा ने कहा कि नगर परिषद का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। गंगा आरती यहां पहली बार हो रहा है। जल के प्रति समर्पण जल के प्रति सम्मान का यह बहुत बड़ा द्योतक है। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि गुमला जैसे छोटे जगह में इस तरह का आयोजन बड़ी बात है और यहां पर उपस्थित लोगों की भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि कार्यक्रम सफल है। स्थानीय महिला अंजला देवी ने कहा कि गुमला में पहली बार गंगा आरती हो रहा है। देखने का बहुत शौक है और उत्सुकता भी है इसलिए मुझे बड़ी खुशी हैं। स्थानीय महिला शांति देवी ने कहा कि गंगा आरती बनारस हरिद्वार जैसे जगहों में होता है लेकिन गुमला जैसे छोटे जगह में हो रहा है या खुशी की बात है। स्थानीय मोहल्ले के निवासी अशोक त्रिपाठी का कहना है कि गुमला के लिए यह एक ऐतिहासिक कदम है। नदी तालाब और पर्यावरण के संरक्षण के लिए नगर परिषद के द्वारा जो कदम उठाया गया है उसके लिए हम सभी उनका आभारी हैं।

पीड़ित परिवार के साथ अभाविप का प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिला

धनबाद। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पीड़ित परिवार के साथ मिलकर धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह से जिला संयोजक नीरज निखिल ने कहा कि तेतुलमारी की घटना छात्रा बहन उषा कुमारी के साथ घटी वो निंदनीय है, पीड़ित परिवार को अभी तक ना ही राज्य सरकार के तरफ से मुआवजा और ना ही जिला प्रशासन द्वारा कोई सहयोग किया गया। साथ में उपायुक्त सर को ज्ञात करवाते हुए कहा कि पीड़ित परिवार के घर में कोई भी नहीं है कामाने वाला कुछ ही महीनों पहले उषा के पिता का देहांत हुआ था जो कैंसर के कारण मृत्यु हुई। जिसके चलते अभाविप जिला प्रशासन से मांग करता है कि पीड़ित परिवार को मुआवजा जल्द से जल्द दिया जाएं। उपायुक्त सर मिलने पर उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उनसे उषा बहन के केस को लेकर पुंछने पर उन्होंने ने कहा कि अभी जांच चल रही है और इस संबंध में मैं बीडीयो सर बात कर केस डायरी देख कर ही बता पाऊंगा। मौके पर पूर्ण रूप से उपस्थित धनबाद जिला संयोजक नीरज और कतरास नगर सह मंत्री शुभम हजारी थे।

ईस्ट बसुरिया में असंगठित मजदूर नेता नंदकुमार भुईया की मृत्यु, जताया शोक

तेतुलमारी। ईस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्र में असंगठित मजदूर मोर्चा के नेता नंद कुमार भुईया की आज अहले सुबह उनकी मृत्यु हो गई। नंदकुमार भुईया अपने तीन पुत्र प्रमोद भुईया, विनोद भुईया, सुबोध भुईया और दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार को छोड़कर चले गए। ईस्ट बसुरिया कोलियरी क्षेत्र में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर आन्दोलित थे। साथी ही मैनुअल ट्रक लोडिंग की मांग को लेकर काफी सक्रिय थे। 14 सरदार में वह नंबर एक पायदान में थे। सभी असंगठित मजदूरों को गोलबंद कर एक बड़ी लड़ाई की तैयारी में थे। पिछले दिनों रोड सेल में ट्रक लोडिंग का कार्य प्रारंभ करने को लेकर सभी मजदूरों को एकजुट कर बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता के लिए मजबूर किये थे। जिसमें एक से डेढ़ माह में ट्रक लोडिंग का कार्य प्रारंभ करने का प्रबंधन ने आश्वासन दिया था। लेकिन रोड सेल में ट्रक लोडिंग का कार्य प्रारंभ होने के पुर्व ही नंदकुमार भुईया की मृत्यु हो गई। कतरास लिलोरी स्थान श्मशान घाट में आज उनका दाह-संस्कार किया गया। शमशान घाट में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, प्रमोद भुईया, बिनोद भुईया, सुबोध भुईया, रामपदारथ राम, सुनील रामदास, औरधेंदु दत्ता, संतोष भुईया, अविनाश भुईया, चन्दन भुईया, अमर यादव, गबर पासवान, शनिचर तुरी, संजय भुईया, जितेंद्र भुईया आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

रामगढ़ में मिले 85 कुपोषित बच्चे

रामगढ़। जिले में स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत 15 दिवसीय शिविर में अब तक 237 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है, जिसमें 85 बच्चों को कुपोषित पाया गया है। शिविर के दौरान गंभीर रूप से कुपोषित होने की पहचान होने के उपरांत तीन बच्चों को नजदीकी एमटीसी केंद्र में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि पतरातू प्रखंड के अंबाटोला, दाड़ीडीह, रोचाप दोकाटांड, रोचाप ऊपर टोला एवं रोचाप मुस्लिम टोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों की स्क्रीनिंग हुई है।

प्रेम प्रसंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या का आरोप

लातेहार। बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत दाढ़ा गांव में प्रेम प्रसंग के मामले में मंगलवार को एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृत युवक की पहचान मनिका थाना क्षेत्र के अलबेलवा गांव निवासी छोटू यादव (20) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि छोटू यादव का प्रेम प्रसंग दाढ़ा गांव निवासी एक युवती से पिछले कई दिनों से चल रहा था। सोमवार को युवती ने फोन कर छोटू यादव को अपने गांव बुलाया। सोमवार की शाम ही छोटू यादव युवती से मिलने के लिए अपने घर से निकला था। इसी बीच मंगलवार को घरवालों को सूचना मिली कि छोटू यादव को दाढ़ा गांव में कुछ लोग पकड़ कर रखे हैं और पंचायत के लिए घरवालों को बुला रहे हैं। सूचना मिलने के बाद जब परिजन दाढ़ा गांव पहुंचे तो देखा कि छोटू यादव मृत पड़ा हुआ है। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

अधिक मास में बन रहा है 'खप्पर योग'

अगले 30 दिनों में देश दुनिया में होंगी ये बड़ी घटनाएं

सचिन मल्होत्रा, ज्योतिषशास्त्री

सावन के महीने में इस बार 17 जुलाई से 18 अगस्त तक मलमास यानी कि अधिक मास है। ज्योतिष के विभिन्न ग्रहों में ऐसा बताया गया है कि जब सावन के महीने में अधिक मास पड़ता है तो चारों तरफ सामान्य से अधिक वर्षा होती है। आइए जानते हैं अधिक मास को लेकर क्या कह रही हैं ज्योतिषीय भविष्यवाणी।

चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा में 273 दिन का समय लेता है, जिस कारण से एक चंद्र वर्ष 354 दिनों का होता है। पृथ्वी सूर्य का एक चक्कर 365 दिन और लगभग 6 घंटे के समय में पूरा करती है। चंद्र वर्ष और सौर वर्ष की इस अलग-अलग अवधि के कारण प्रति वर्ष दोनों में 11 दिन 1 घंटे और 31 मिनट का जो अंतर रह जाता है उसके सामंजस्य के लिए हर ढाई वर्ष के बाद एक अतिरिक्त चंद्र मास जोड़ा जाता है जिसे 'अधिक मास' या 'पुरुषोत्तम मास' कहते हैं। इस वर्ष श्रावण के महीने में 17 जुलाई से ले कर 18 अगस्त तक अधिक मास है। मेदिनी ज्योतिष के ग्रन्थ भविष्य फल भास्कर और वर्ष प्रबोध के अनुसार यदि श्रावण (सावन) में अधिक मास पड़ता है तो असामान्य वर्षा से कृषि को नुकसान पहुंचता है। वर्तमान में उत्तर तथा पश्चिम भारत में बाढ़ की स्थिति है किन्तु बिहार, झारखण्ड, ओडिशा, असम तथा तमिलनाडु में सामान्य से कम वर्षा हुई है। बिहार के बड़े हिस्से में सूखे का संकट भी मंडराने लगा है। अब 17 जुलाई को सुबह 5 बजकर 10 मिनट पर जब सूर्य कर्क राशि में प्रवेश कर चुके हैं। भविष्यफल भास्कर के अनुसार यदि अमावस्या के दिन सूर्य की संक्रांति हो तो खप्पर योग का निर्माण होगा है। यह योग किसी प्राकृतिक आपदा के कारण जन-धन की हानि को दर्शाता है।

सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों से बढ़ेगी सरकार की मुश्किल

कर्क संक्रांति की कुंडली में न्याय के कारक ग्रह शनि का नवम भाव में वक्री होकर मंगल और शुक्र से दृष्ट होना अगले 30 दिनों में सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े निर्णय आने का संकेत है जो कि सरकार की जांच एजेंसियों के लिए कुछ मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। संक्रांति कुंडली में धन स्थान पर सूर्य और बुध की युति तथा गुरु का लाभ स्थान में होना केंद्र सरकार के लिए राजस्व के बढ़ने का संकेत है। किन्तु संक्रांति के समय शनि पर मंगल की दृष्टि महंगाई बढ़ने का योग है जिससे जनता को कष्ट होगा। शनि-मंगल का खतरनाक समसप्तक योग तथा अमावस्या के दिन सूर्य का राशि परिवर्तन कर 'खप्पर योग' का निर्माण करना भूकंप तथा बादल फटने से जन-धन की हानि के योग बना रहा है। हिमालय के क्षेत्र में भूकंप से पाकिस्तान और भारत के उत्तरी क्षेत्र में कुछ जन-धन की हानि हो सकती है।

समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर होगी

राजनीतिक उथल-पुथल

सूर्य संक्रांति कुंडली में नवम भाव में बैठे शनि किसी बड़े कानून के संसद में चर्चा के लिए आने का योग दिखा रहे हैं। एकादश भाव में बैठे गुरु सरकार को बड़े कानून सदन के आगामी मानसून सत्र में पास करवाने में सहायता करेंगे। समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में खींचतान होगी किन्तु केंद्र की भाजपा सरकार इस कानून पर बिल को जल्द ला सकती है। मणिपुर में हुई हिंसा और महंगाई का मुद्दा अभी अगले 30 दिनों तक अधिक मास के प्रभाव और शनि-मंगल के समसप्तक योग के चलते केंद्र सरकार के लिए मुश्किल बनाए रखेगा। कर्क राशि में सूर्य का गोचर तथा उससे अंशों में बुध और शुक्र का आगे होगा मध्य भारत में अत्यधिक वर्षा तथा कर्क राशि से प्रभावित चीन में बाढ़ आने के योग हैं। उत्तर भारत में बाढ़ से राहत मिलेगी और दक्षिण भारत में वर्षा सामान्य से कुछ कम होगी। भारत के पूर्वी हिस्से तथा दक्षिण में कम वर्षा के चलते अधिक मास में धान (चावल) की फसल कमजोर पड़ने लगेगी।

शुरू हुआ मलमास, इन पांच राशियों पर रहेगी श्रीहरि की कृपा

18 जुलाई दिन मंगलवार से मलमास या अधिकमास का आरंभ हो गया है और इस मास के स्वामी स्वयं भगवान विष्णु हैं। मलमास या अधिक मास में कई ग्रह नक्षत्रों का भी संयोग बन रहा है, जिससे कई राशियों को अच्छा फायदा मिलेगा। मलमास के आरंभ में ही सूर्य अपने मित्र चंद्रमा की राशि कर्क में आ चुके हैं। साथ ही बुध सिंह राशि में आकर शुक्र और मंगल के साथ संयोग करेंगे। ऐसे में अत्यंत शुभ फलदायी लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा, जिससे कई राशियों को भगवान नारायण और माता लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलेगा। साथ ही इन राशियों पर चल रहे ग्रह-नक्षत्रों के दुष्प्रभाव में भी कमी आएगी। आइए जानते हैं मलमास में बन रहे लक्ष्मी नारायण योग का किन राशियों को फायदा मिलेगा...

मेष राशि

मलमास के माह में मेष राशि वालों को लक्ष्मी नारायण योग का अच्छा फायदा मिलेगा। इस दौरान आपके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से सफलता मिलेगी और मनचाही नौकरी को प्राप्त करने में कामयाबी मिलेगी। पारिवारिक जीवन की बात करें तो परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और माता पिता के साथ तीर्थ यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। इस अवधि में भूमि व वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और भाग्य का साथ मिलने से कोई अटका काम भी पूरा होगा। व्यापारियों के लिए मलमास का माह काफी फायदेमंद साबित होने वाला है।

वृषभ राशि

मलमास में बन रहे लक्ष्मी नारायण योग वृषभ राशि वालों के लिए बेहद शुभ फलदायी रहने वाला है। इस दौरान आप कोई नया कार्य शुरू कर सकते हैं और आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ सकता है। अगर किसी को आर्थिक मदद की जरूरत होगी, तो इस अवधि में मदद के लिए आगे रहेंगे। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे हैं तो आपकी इच्छा पूरी होगी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और लोगों की मदद के लिए आगे रहेंगे। आपकी कड़ी मेहनत सफल होगी और अपना नया मुकाम हासिल करेंगे। वृषभ राशि वालों को लक्ष्मी नारायण योग से अटका हुआ धन प्राप्त होगा और धन प्राप्ति के नए मार्ग बनेंगे।

सिंह राशि

लक्ष्मी नारायण योग सिंह राशि वालों के लिए लाभदायक रहने वाला है। इस दौरान परिवार का सहयोग मिलेगा और उनकी जरूरतों का पूरा ध्यान रखेंगे। नौकरी करने वालों की कामकाज में सक्रियता बढ़ेगी और अधिकारियों व सहकर्मियों के साथ सहयोग करेंगे। पारिवारिक बिजनस करने वालों को अच्छा फायदा मिलेगा और घर के लोगों के साथ बिजनस का विस्तार करने की योजना बनाएंगे। इस अवधि में पुराने रोगों से मुक्ति मिलेगी और ऊजार्वान महसूस करेंगे। व्यापार में आपके द्वारा लिए गए निर्णय काफी लाभदायी साबित होंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत होने से मानसिक शांति भी मिलेगी। विदेश जाने की योजना बना रहे हैं तो इस अवधि में आपकी इच्छा पूरी हो सकती है।

तुला राशि

तुला राशि वालों के लिए मलमास माह काफी सकारात्मक लेकर आएगा। इस दौरान लक्ष्मी नारायण योग के शुभ प्रभाव से कारोबार में अच्छी वृद्धि होगी और सरकार की तरफ से भी आपको कई फायदे मिलेंगे। पारिवारिक सदस्यों का भरपूर सहयोग मिलेगा और तीर्थयात्रा पर भी जा सकते हैं। लक्ष्मी नारायण योग के शुभ प्रभाव से लाभ के नए स्त्रोत मिलेंगे और भगवान की कृपा बनी रहेगी। इस राशि के छात्रों को मलमास माह में कोई पुरस्कार मिल सकता है। समाज में आपका कद बढ़ेगा और धर्म कर्म के कार्यों में मन लगेगा। इस अवधि में आप अपने घर हवन या धार्मिक पाठ का आयोजन करवा सकते हैं। आपकी योजनाओं में तेजी आएगी और नए दोस्त बनाने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि

मलमास में बन रहे लक्ष्मी नारायण योग कुंभ राशि वालों के लिए बेहद अनुकूल रहेगा। इस दौरान भगवान विष्णु की कृपा से कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और लोगों की प्रशंसा का पात्र बनेंगे। इस मास में आप एक राजा की तरह जीवन व्यतीत करेंगे और आपकी साख भी बढ़ेगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिसका फायदा मिलेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती जायेगी। माता-पिता के साथ आपके संबंधों में सुधार आयेगा और जीवन में सकारात्मकता बनी रहेगी। इस मास में दोस्तों का अच्छा सहयोग मिलेगा और आपकी मदद के लिए तैयार रहेंगे। साझेदारी में बिजनस करने वालों के लिए यह माह काफी लाभदायक रहेगा।

मलमास के दौरान क्या करें, क्या नहीं

नयी दिल्ली : इस बार सावन के महीने में मलमास पड़ रहा है, जिसकी शुरूआत आज यानी 18 जुलाई 2023 से हो रही है। इसका समापन 16 अगस्त 2023 को होगा। हिंदू धर्म में मलमास को बहुत खास माना जाता है। इसे अधिक मास या पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। यह विशेष महीना हर 3 साल में आता है। इस दौरान पूजा-पाठ का बहुत ज्यादा महत्व होता है। इस बार 19 साल बाद ऐसा संयोग बना है, जब मलमास सावन के महीने में आया है। इसके चलते इसका महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि अधिक मास के स्वामी भगवान विष्णु हैं और शिव जी को श्रावण मास का देवता कहा जाता है। ऐसे में इस बार मलमास में भगवान विष्णु के साथ शिव जी की भी कृपा प्राप्त होगी। मलमास में पूजा-पाठ, जप-तप का बड़ा महत्व है, लेकिन इस दौरान कुछ कामों को वर्जित भी किया गया है। आइए जानते हैं मलमास में क्या करना चाहिए और क्या नहीं...

मलमास में न करें ये काम

मलमास के दौरान किसी प्रकार के शुभ कार्य जैसे- शादी-विवाह, मुंडन, अन्नप्राशन संस्कार, गृह प्रवेश, भूमि पूजन आदि वर्जित होते हैं। साथ ही मलमास में नए घर का निर्माण शुरू नहीं करना चाहिए। इस दौरान नया काम या व्यापार भी नहीं शुरू करना चाहिए। इसके अलावा अधिकमास के दौरान किसी व्रत की शुरूआत, व्रत उद्यापन, देव प्रतिष्ठा, वधू प्रवेश, भूमि की खरीदारी करने की भी मनाही की गयी है।

मलमास में करें ये काम

मलमास विष्णु जी को समर्पित है। इस दौरान श्रीहरि विष्णु की पूजा करना सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस माह में भगवान सत्यनारायण की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा दान-पुण्य करना चाहिए। गरीब-जरूरतमंदों की मदद करनी चाहि। साथ ही मलमास के दौरान शुद्ध और सात्विक भोजन करना चाहिए और सात्विक आचरण करना चाहिए।

मलमास में क्या खाएं

1- शास्त्रों में बताया गया है कि मलमास में शुद्ध, सात्विक और पवित्र खान पान पर ध्यान देना चाहिए। अधिक मास के भोजन में तिल, चना, मूंगफली, चावल, मटर, बथुआ, ककड़ी, आम, पीपल, जीरा, सुपारी, सेंधा नमक, कटहल, गेहूं, सफेद धान, मूंग, घी, धनिया, मिर्च, खीरा आदि चीजों का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

मलमास में क्या न खाएं

मलमास में लहसुन प्याज, मांस मदिरा, अंडे, नशीले पदार्थ, मछली, बासी भोजन, शहद, चावल का मांड, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल, साग-सब्जी, तिल का तेल, राई, गोभी (फूल और पत्ता गोभी) आदि चीजों और खास किस्म के अनाज का सेवन वर्जित बताया गया है। मलमास का महीना बेहद खास माना जाता है इसलिए खान पान इन चीजों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस माह कई तरह के अनुष्ठान और पूजन किए जाते हैं इसलिए भोजन का सात्विक और शुद्ध होना जरूरी होता है।

पंचांग, राशिफल, शब्द पहेली, सूडोकू

आज का राशिफल : 18 जुलाई, 2023

मेष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-5-6-9

वृष : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-2-6-8

मिथुन : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। शुभांक-4-7-9

कर्क : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-3-5

सिंह : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-2-6-8

कन्या : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-3-7-8

तुला : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक : आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

धनु : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम आसान करेगा। कारोबारी काम में तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

मीन : जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7







एकलव्य क्रीड़ा कोष से बासठ खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

लखनऊ (हि.स.)। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण डा0 नवनीत सहगल की अध्यक्षता में बापू भवन में आयोजित एकलव्य क्रीड़ा कोष की बैठक में 62 खिलाड़ियों को 32.50 लाख रुपये आर्थिक सहायता दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें 25 महिला एवं 37 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के 25 खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को फेलोशिप दिये जाने पर निर्णय लिया गया है। खेल एवं खिलाड़ी का प्रोत्साहन तथा संवर्धन नियमावली-2021 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस बार की बैठक में तैराकी, पावरलिफ्टिंग, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, टेबिल टेनिस, बास्केटबाल, साफ्ट टेनिस, हॉकी, वॉलीबाल, भारोत्तोलन, कुश्ती, तीरंदाजी, शूटिंग, जूडो, हैण्डबाल, ताइक्वांडो, स्क्वैश, कबड्डी, पंजा कुश्ती, खो-खो, फुटबाल, थ्रो-बाल, कराटे तथा जिम्नास्टिक खेल में पदक विजेता खिलाड़ियों को फेलोशिप प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त छह पैरा खिलाड़ियों को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं मण्डलों से राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। खेल संघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक विजेता खिलाड़ियों को अपने खेल विधा से संबंधित आवश्यक उपकरणों की खरीद हेतु पांच लाख रुपये तक अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। सम्बद्धता प्राप्त खेल संघों द्वारा चार वर्षों के अंतराल पर आयोजित किये जाने वाले एशियन चैम्पियनशिप, एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप, विश्व चैम्पियनशिप तथा ओलंपिक गेम्स में पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शारीरिक विकास एवं संवर्धन हेतु डाइट मनी के रूप में तीन लाख रुपये की धनराशि प्रतिवर्ष देने का प्राविधान है। इसी प्रकार जूनियर एशियन चैम्पियनशिप, जूनियर विश्व चैम्पियनशिप, जूनियर वर्ल्ड कप, एशियन कप, यूथ ओलम्पिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, सैफ गेम्स पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। बैठक में निदेशक, खेल आर0पी0 सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

शिवेन्द्र ने की शानदार गेंदबाजी, कृह क्लब पहुंचा फाइनल में

लखनऊ (हि.स.)। राजेश सिंह मेमोरियल अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल में कृह स्पोर्ट्स क्लब ने यूपी टिम्बर क्लब को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कृह के गेंदबाज शिवेन्द्र कुशवाहा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी टिम्बर की पूरी टीम 153 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गयी। सलामी बल्लेबाज तौसिफ अहमद ने 11 चौका और दो छक्का की मदद से 93 रन बनाये। वहीं आयुष और इब्राहिम शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। विभव ने 17 रन का योगदान दिया। कृह स्पोर्ट्स क्लब ने मात्र तीन विकेट गवांकर 154 रन बना लिये और सात विकेट से मैच को जीत लिया। सलामी बल्लेबाज बंटी ने 18 रन का योगदान दिया। वहीं ऋतुराज ने 48 रन बनाये, जबकि सिद्धांत ने 39 रन बनाया। वहीं विशाल रावत ने 22 रन बनाये और अंश मिश्रा ने 11 रन बनाये।

जसप्रीत बुमराह ने वापसी के दिये संकेत, सोशल मीडिया पर नेट्स में गेंदबाजी करते हुए पोस्ट की अपनी वीडियो

नई दिल्ली (हि.स.)। अपनी फिटनेस को लेकर चल रही अटकलों के बीच, भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सोशल मीडिया पर नेट्स में गेंदबाजी करते हुए अपनी एक वीडियो पोस्ट की है। इस वीडियो से तेज गेंदबाज के ठीक होने के संकेत मिल रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि वह अगले एशिया कप और वनडे विश्व कप से पहले फिट हो सकते हैं। बुमराह अपनी चोट के कारण सितंबर 2022 से एक्शन से बाहर हैं और ऑस्ट्रेलिया में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 में भी नहीं खेल पाए थे। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 से भी चूक गए थे। अप्रैल में न्यूजीलैंड में बुमराह की पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी हुई थी। जहां प्रशंसक अपने अनूठे गेंदबाजी एक्शन के साथ बुमराह को मैदान पर वापस देखने का इंतजार कर रहे हैं, वहीं बार-बार चोट लगने के कारण वह टीम में शामिल नहीं हो पाए हैं। पिछले साल अगस्त में पीठ में चोट लगने के बाद से उन्होंने एक से अधिक बार वापसी का प्रयास किया है। शुरुआत में चोट गंभीर नहीं लग रही थी क्योंकि उन्हें सितंबर में भारत की टी20 विश्व कप टीम में नामित किया गया था और उन्होंने पिछले साल 23 सितंबर और 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैच भी खेले थे। तीन दिन बाद, बुमराह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 मैच नहीं खेल पाए और पता चला कि उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया, जिसमें उनकी पीठ में तनाव संबंधी चोट का पता चला। उन्हें एनसीए ले जाया गया और स्कैन से पुष्टि हुई कि चोट गंभीर है। जिससे वह टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। बुमराह ने नवंबर में अपना रिहैब फिर से शुरू किया और दिसंबर के मध्य में गेंदबाजी करना शुरू किया। उनकी प्रगति सकारात्मक लग रही थी क्योंकि मूल टीम में चुने जाने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद उन्हें जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई सफेद गेंद की श्रृंखला में टीम में शामिल किया गया था। बुमराह ने एनसीए में मैच सिमुलेशन अभ्यास किया, लेकिन जनवरी में फिटनेस अभ्यास के दौरान अधिक कार्यभार लेने के दौरान असुविधा फिर से उभर आई। स्कैन से पता चला कि उन्हें एक नई समस्या है, जिसके कारण उन्हें श्रीलंका श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा।

रविचंद्रन अश्विन बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं: अनिल कुंबले

नई दिल्ली (हि.स.)। वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन (12-131) ने 8वीं बार दस विकेट लेने का कारनामा किया और अनिल कुंबले के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा दस विकेट लेने वाले भारतीय बन गए। वह कुंबले के बाद टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। कुंबले ने 35 बार टेस्ट में 5 विकेट लिए हैं, जबकि अश्विन ने 34 बार यह कारनामा किया है। टेस्ट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज अनिल कुंबले ने अश्विन की तारीफ करते हुए कहा कि वह बल्लेबाजों के दिमाग से खेलते हैं। कुंबले ने कहा,"यह सिर्फ आपके पास मौजूद कौशल के बारे में नहीं है। यह बल्लेबाज पर दबाव स्थानांतरित करने की क्षमता भी है जिसे आप आर अश्विन का सामना करने वाले प्रत्येक बल्लेबाज में देख सकते हैं, आप इसे उनकी शारीरिक भाषा में देख सकते हैं।" कुंबले ने कहा कि घरेलू टीम के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अश्विन ने क्रीज का बेहतरीन इस्तेमाल किया, खासकर जिस तरह से उन्होंने सलामी बल्लेबाज तेगनारायन चंद्रपॉल को आउट किया। उन्होंने कहा, "उन्होंने बाएं हाथ के बल्लेबाज के पास आते हुए क्रीज से बाहर वाइड गेंदबाजी की। एक बार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने सोचा कि गेंदें अंदर आएंगी, तभी अश्विन ने चंद्रपॉल को वह खूबसूरत गेंद फेंकी जो उनके पास से निकल गई और ऑफ स्टंप ले उड़ी।" भारत के पूर्व कप्तान और कोच ने अश्विन की पिच को पढ़ने और उसके अनुसार गेंदबाजी करने की क्षमता की भी प्रशंसा की।

धोनी के घर में मौजूद कार-बाइक्स की वेंकटेश ने दिखाई झलक

रांची/क्रिकेट की दुनिया में लीजेंड का दर्जा हासिल कर चुके महेंद्र सिंह धोनी के रांची स्थित घर पर हाल ही में पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद और सुनील जोशी पहुंचे और इस दौरान उन्होंने धोनी की गैराज में मौजूद कार और मोटरसाइकल की झलक दिखलाई, जिसका वीडियो काफी वायरल हो रहा है। इंडियन क्रिकेट टीम के दो स्टार प्लेयर वेंकटेश प्रसाद और सुनील जोशी को शुक्रिया अदा कर रहे हैं। जी हां, वेंकटेश प्रसाद ने बीती रात अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सुनील जोशी और महेंद्र सिंह धोनी के साथ दिखे। वीडियो की शुरूआत में पता नहीं चला कि यह वीडियो कहां शूट किया गया था, लेकिन जैसे-जैसे वीडियो आगे बढ़ा, धोनी के दुनियाभर के फैंस की आंखें खुशी के मारे और बड़ी हो गई, क्योंकि इसमें धोनी की वो गैराज दिख गई, जिसमें उनके सभी कार और बाइक्स के कलेक्शन हैं।

महेंद्र सिंह धोनी के रांची स्थित घर में इस वीडियो को शायद साक्षी धोनी ने शूट किया है और वह वेंकटेश प्रसाद और सुनील जोशी से पूछते हैं कि आप रांची पहली बार आए हैं? इसपर सुनील जोशी कहते हैं कि वह 4-5 बार पहले भी आ चुके हैं, लेकिन लीजंड धोनी के साथ पहले बार दिखे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि धोनी की गैराज देख कैसे वेंकटेश प्रसाद और सुनील जोशी हैरान हैं और कहते हैं कि यह तो किसी बाइक और कार के शोरूम से भी बड़ा है। हैरानी की वजह भी है कि एमएस धोनी की गैराज में विंटेज बाइक्स का सेक्शन, सुपरबाइक्स का सेक्शन अलग, कस्टमाइज्ड बाइक्स का सेल्शन अलग और इसके साथ ही लग्जरी और विंटेज कारों की भरमार लगी है। किसी भी कार और बाइक लवर के लिए धोनी की गैराज किसी बेहद खूबसूरत डेस्टिनेशन से कम नहीं लगती।

वेंकटेश और सुनील हैं धोनी के कायल

वेंकटेश प्रसाद वीडियो में आगे कहते हैं कि कोई क्रेजी आदमी ही इस तरह के कलेक्शन को अपने घर में रख सकता है। दोनों ने अपने रांची दौरे के दौरान धोनी के जुनून और उपलब्धियों की प्रशंसा की। वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया पर धोनी की सराहना करते हुए उन्हें एक अविश्वसनीय व्यक्ति बताया और उनके असाधारण कार-बाइक कलेक्शन पर प्रकाश डाला। जब साक्षी धोनी से उनके इस पैशन के बारे में पूछते हैं तो धोनी कहते हैं कि मेरे पास जो कुछ सबसे खास चीज है, उनमें यह गैराज और बैडमिंटन कोर्ट सबसे नायाब है। आपको बता दें कि धोनी के पास हायाबुसा, डुकाटी, कावासाकी, रोल्स-रॉयस, फेरारी, हमर, निसान समेत दुनियाभर की पॉपुलर कार और बाइक कंपनियों की गाड़ियां हैं।

वेस्टइंडीज ने त्रिनिदाद टेस्ट के लिए टीम घोषित की, केविन सिंक्लेयर को मिला मौका, रीफर बाहर

त्रिनिदाद (हि. स.)। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए वेस्टइंडीज नेऑफस्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को टीम में शामिल किया है,जिनका यह पहला टेस्ट मैच होगा। वेस्टइंडीज को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में तीन दिनों के अंदर ही करारी हार का सामना करना पड़ा था। सिंक्लेयर ने 13 सदस्यीय टीम में रेमन रीफर की जगह ली है।

हालाँकि, रीफर चोट के कवर के रूप में त्रिनिदाद में टीम के साथ बने रहेंगे।

गुयाना के 23 वर्षीय खिलाड़ी सिंक्लेयर का प्रथम श्रेणी रिकॉर्ड अच्छा है, जहां उन्होंने 18 मैचों में 23.98 के औसत से 54 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन देकर 6 विकेट है। उन्होंने 756 रन भी बनाए हैं, जिसमें छह अर्धशतक शामिल हैं।

उन्होंने इस साल की शुरूआत में बांग्लादेश ए के खिलाफ चार दिवसीय मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और तीन मैचों की श्रृंखला में 25.69 के औसत से 13 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिसमें वेस्टइंडीज ए ने 1-0 से जीत हासिल की। उन्होंने 49.66 की औसत और 60 के सर्वश्रेष्ठ औसत के साथ 149 रन भी बनाए।

सिंक्लेयर ने अब तक वेस्टइंडीज के लिए सात वनडे और छह टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दोनों प्रारूपों में क्रमशः 11 और चार विकेट लिए हैं। वह हाल ही में जिम्बाब्वे में एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर का हिस्सा थे, जहां उन्होंने तीन मैचों में दो विकेट लिए, जहां वेस्टइंडीज पहली बार एकदिवसीय विश्व कप के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहा।

बाकी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है, केमार रोच, अल्जारी जोसेफ, शैनन गेब्रियल और जेसन होल्डर तेज गेंदबाजी विभाग में हैं। रहकीम कॉर्नवाल, जो सीने में संक्रमण के कारण पहले टेस्ट में कुछ समय के लिए मैदान से बाहर थे, को बरकरार रखा गया है और बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन भी टीम में बने हुए हैं।

आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश के लिए 22 से होगा ट्रायल्स

लखनऊ (हि.स.)। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में अभी भी कुछ खेलों के खिलाड़ियों के लिए रिक्त स्थान रह गये हैं। तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, तीरंदाजी, कुश्ती और वालीबाल के लिए 22 जुलाई से ट्रायल्स होंगे। विभिन्न जनपदों में स्थापित आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में कुछ खेलों के रिक्त रह गये स्थानों के सापेक्ष छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिये जाने के लिए निम्न खेलों के जिला, मंडल, राज्य स्तरीय कम्बाइंड चयन और ट्रायल्स आयोजित किये जाएंगे। तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, तीरन्दाजी, कुश्ती, वालीबाल के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 22 जुलाई को सुबह आठ बजे से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। इस संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि सभी खेलों के लिए ट्रायल्स प्रक्रिया केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में ही होनी है। जिला स्तरीय सभी ट्रायल्स 22 जुलाई को होंगे। वहीं मंडल स्तरीय ट्रायल्स 24 जुलाई को आठ बजे से होगा, जबकि राज्य स्तरीय ट्रायल्स 27 और 28 जुलाई को होगा। ट्रायल्स में भाग लेने वाले छात्रों की उम्र सीमा तैराकी (बालिका वर्ग) के लिए 12 से कम रखी गयी है। वहीं दूसरे खेलों बैडमिंटन (बालिका वर्ग), तीरंदाजी (बालक और बालिका वर्ग), बास्केट बाल (बालक और बालिका वर्ग), कुश्ती (बालिका वर्ग), वालीबाल (बालिका वर्ग) की आयु सीमा 15 से कम रखी गयी है।

खेल मंत्री ने कनिका आहूजा को दी बधाई

चंडीगढ़ (हि.स.)। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने क्रिकेटर कनिका आहूजा को भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चुने जाने पर मुबारकबाद देते हुये उसे आने वाले एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

मंगलवार को पंजाब सिविल सचिवालय में अपने दफ़्तर में कनिका आहूजा के साथ मुलाकात करते हुये मीत हेयर ने भारतीय क्रिकेट टीम में पहली बार चुने जाने पर मुबारकबाद दी। पटियाला की रहने वाली 20 वर्षीय कनिका ने इससे पहले भारत ए, घरेलू क्रिकेट में पंजाब और महिला प्रीमियर लीग में बंगलोर की टीम की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

मीत हेयर ने कहा कि पिछले कुछ अरसे से पंजाब की महिला खिलाड़ी क्रिकेट खेल में बहुत बढ़िया प्रदर्शन कर रही हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर, हरलीन दयोल, तानिया भाटिया के बाद अब कनिका ने भारतीय टीम में जगह बना कर पंजाब का नाम रौशन किया है। पंजाब को खेल में फिर देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

सितम्बर-अक्तूबर महीने चीन के शहर हांगजू में होने वाली एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारतीय टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर और कनिका आहूजा को शामिल किया गया है। हरलीन दियोल स्टैंड बाए महिला खिलाड़ी है। खेल मंत्री ने एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। एशियाई खेलों में भारतीय खेल दल में पंजाब के महिला खिलाड़ियों की बड़ी संख्या है। पदक विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरफ से नकद इनाम से सम्मानित किया जायेगा।

मीत हेयर ने कनिका आहूजा के साथ बातचीत करते हुये उसकी खेल में शुरूआत और अभ्यास के रुझान के बारे भी चर्चा किया। इस मौके पर कनिका के कोच कमल संधू और क्रिकेट हब अकैडमी के डायरैक्टर हरजोत बाजवा भी उपस्थित थे जहाँ अभ्यास शुरू करके कनिका ने अपना क्रिकेट कॅरियर आरम्भ किया।

मीराबाई चानू ने पीएम से सामान्य स्थिति बहाल करने का किया आग्रह

नई दिल्ली (हि.स.)। स्टार भारतीय भारोत्तोलक और टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता सैखोम मीराबाई चानू ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया है। ट्विटर पर जारी एक वीडियो संदेश में 27 वर्षीय ओलंपियन ने कहा कि मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण कई खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविरों में भाग नहीं ले सके और बच्चों की पढ़ाई भी काफी हद तक प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा, "बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई। कई लोगों के घर जला दिये गये,मेरे पास मणिपुर में भी घर हैं। अब मैं राज्य में नहीं हूं." मैं अब अमेरिका में हूं और विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए खुद को तैयार कर रही हूं।'

आईएसएसएफ विश्व जूनियर्स चैम्पियनशिप: भारत चीन को पछाड़कर पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

नई दिल्ली (हि. स.)। कोरिया के चांगवोन में चल रहे अंतरराष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व जूनियर्स चैम्पियनशिप के तीसरे दिन मंगलवार को भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा और चार स्वर्ण पदकों के साथ चीन से आगे निकल गया। चीन के पास तीन स्वर्ण पदक हैं।

पार्थ माने, अभिनव शॉ और धनुध श्रीकांत ने मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भारत के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक जीता।

भारत ने महिलाओं की स्कीट में रायजा ढिल्लन के माध्यम से एक रजत और पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में उमामहेश मदीनेनी के माध्यम से कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के अब तक कुल मिलाकर 9 पदक (चार स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक) हो गए हैं। प्रतियोगिता के 6 दिन और बचे हैं।

पार्थ, अभिनव और धनुष की तिकड़ी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में कुल 1886.7 का स्कोर बनाया, चीन दूसरे स्थान पर रहा, जिसके निशानेबाजों की तिकड़ी ने कुल 1883.5 का स्कोर किया। कोरिया ने कांस्य पदक जीता।

यह अभिनव का टूनार्मेंट का दूसरा स्वर्ण भी था, क्योंकि उन्होंने कल गौतमी भनोट के साथ मिलकर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम प्रतियोगिता जीती थी। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में उमामहेश के अलावा अभिनव और धनुष ने भी अंतिम शीर्ष आठ में जगह बनाई।

अभिनव वास्तव में 631.4 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहे, जबकि धनुष 629.9 के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उमामहेश ने 627.9 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर क्वालीफाई किया, फाइनल में उन्होंने 229.0 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।वह रजत जीतने वाले चीनी वांग होंगहाओ से 0.6 अंक पीछे थे। फ्रांस के रोमेन औफ़्रेरे ने स्वर्ण पदक जीता। अभिनव चौथे स्थान पर रहे, जबकि धनुष छठे स्थान पर रहे।

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में, सोनम मस्कर एकमात्र भारतीय फाइनलिस्ट थीं, जो अंततः सातवें स्थान पर रहीं।

महिला स्कीट में, रायजा ने पांच राउंड के बाद 110 के स्कोर के साथ छठा और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान हासिल किया। वह तब शुरूआत करने में सबसे धीमी थी, अपने पहले सात लक्ष्यों में से चार को चूक गई, लेकिन 16-सीधे हिट के साथ शानदार वापसी की और अगले 27-लक्ष्यों में से केवल एक चूकीं। इसके बाद वह एक डबल से चूक गई, लेकिन एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और अगले 22 में से केवल एक से चूक गई और निर्धारित 60-शॉट के बाद 51-हिट प्रति पीस के साथ स्लोवाकिया की नेता मिरोस्लावा होकोवा के साथ बराबरी पर रहीं। परिणामी शूट-ऑफ में, वह अपना दूसरा निशाना चूक गई और रजत पदक जीता।

पुरुषों की स्कीट में, हरमेहर लाली ने 119 का स्कोर किया, वह छह में से एकमात्र भारतीय फाइनलिस्ट बने, लेकिन अंततः उन्हें पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा।

बुधवार को तय समय पर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल, मिश्रित टीम स्कीट और पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन का फाइनल है।

डीडी स्पोर्ट्स ने हासिल किया फीफा महिला विश्व कप 2023 का प्रसारण अधिकार

मुंबई (हि. स.)। डीडी स्पोर्ट्स ने 20 जुलाई, 2023 से शुरू होने वाले बहुप्रतीक्षित फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए भारत में टेलीविजन प्रसारण अधिकार हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। खेल और मीडिया अधिकारों की दुनिया में तकनीकी प्रगति में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रमुख अमेरिकी-आधारित कंपनी 1स्टेडिया द्वारा रणनीतिक उप-लाइसेंसिंग के सौजन्य से, इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को अब पूरे भारत में लाखों घरों में दिखाया जाएगा। प्रसार भारती के सीईओ, गौरव द्विवेदी आईएएस ने कहा, "हमें फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए टेलीविजन प्रसारण अधिकार हासिल करने पर खुशी है। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट न केवल फुटबॉल में महिलाओं की अपार प्रतिभा और समर्पण को प्रदर्शित करता है, बल्कि एक कार्यक्रम के रूप में अगली पीढ़ी के एथलीटों को प्रेरित करने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करता है। हमें इस प्रयास में 1स्टेडिया के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, क्योंकि वे खेल को बढ़ावा देने और प्रशंसकों के बीच खेल के प्रति प्यार को बढ़ावा देने के हमारे जुनून को साझा करते हैं।" 1स्टेडिया के सीईओ और सह-संस्थापक संगीत शिरोडकर ने कहा, "हमारा मिशन दुनिया के सबसे आकर्षक खेल आयोजनों को हर जगह प्रशंसकों के लिए सुलभ बनाना है। हम फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए डीडी स्पोर्ट्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह टूनार्मेंट प्रतिभा, समर्पण और खेल कौशल के एक असाधारण उत्सव का प्रतिनिधित्व करता है। इस साझेदारी के माध्यम से, हम सकारात्मक बदलाव लाने, खेल में महिलाओं को सशक्त बनाने और लाखों प्रशंसकों को अपनी पसंदीदा टीमों के पीछे एकजुट होने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" बता दें कि भारतीय फुटबॉल प्रेमी टूनार्मेंट के हर रोमांचक पल के गवाह बनेंगे, क्योंकि डीडी स्पोर्ट्स चैनल देश भर के सभी घरों में उपलब्ध है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हर किसी की इस प्रीमियम खेल आयोजन तक पहुंच हो। फीफा महिला विश्व कप 2023 जिसमें 32 टीमें शामिल हैं, 20 जुलाई, 2023 को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में शुरू होने वाला है। मौजूदा विश्व चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका है।

न्यूजीलैंड 2016 के बाद पहली बार टेस्ट क्रिकेट में करेगा ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी

वेलिंगटन (हि.स.)। न्यूजीलैंड 2016 के बाद पहली बार टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। वेलिंगटन में बेसिन रिजर्व और क्राइस्टचर्च का हेगली ओवल फरवरी और मार्च में दो मैचों की मेजबानी करेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड उसी महीने घर मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला भी खेलेगा, जो टौरंगा के बे ओवल और हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड पुरुष टीम 17 दिसंबर को बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला के साथ सत्र की शुरूआत करेगी, जिसके बाद 12 से 21 जनवरी के बीच पाकिस्तान के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला होगी, जिससे टी20 विश्व कप के लिए उनकी तैयारी और तेज हो जाएगी। बांग्लादेश के मैच चार स्थानों - डुनेडिन, नेल्सन, नेपियर और टौरंगा में खेले जाएंगे, पाकिस्तान के मैच ऑकलैंड, हैमिल्टन, डुनेडिन और क्राइस्टचर्च में होंगे। न्यूजीलैंड के घरेलू समर में 32 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं, जिसकी शुरूआत सोफी डिवाइन की टीम द्वारा 3 दिसंबर को डुनेडिन में तीन टी20ई के पहले मैच में पाकिस्तान से होगी। इसके बाद 18 दिसंबर तक तीन वनडे मैच होंगे, जो आईसीसी महिला चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे। हालाँकि, महिला टीम 19 मार्च तक कोई अन्य घरेलू मैच नहीं खेलेगी। इसके बाद महिला टीम डुनेडिन, नेल्सन, वेलिंगटन और हैमिल्टन में पांच टी20ई और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा,"इस गर्मी में शानदार श्रृंखला और टीमों की पेशकश के संदर्भ में न्यूजीलैंड में क्रिकेट के लिए यह बेहद रोमांचक समय है। प्रशंसकों को भी सीधे मैच देखने या टीवी पर लाइव देखने का मौका मिलेगा।" उन्होंने कहा,"अपने शेड्यूल को तैयार करते समय, हमने 10 से कम डबल-हेडर रखने का भी फैसला किया है।

विशेष गोलकीपिंग शिविर हमारी तैयारियों के लिए वरदान है : पीआर श्रीजेश

बेंगलुरु (हि. स.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने आगामी 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-इंटरनेशनल टूनार्मेंट और हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए टीम की तैयारियों के बारे में बात की। स्पेन की 100वीं वर्षगांठ आयोजित स्पेनिश हॉकी फेडरेशन-अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में, भारत का सामना इंग्लैंड, नीदरलैंड और स्पेन से होगा।

हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 के लिए, भारत एकल राउंड-रॉबिन प्रारूप में चीन, कोरिया, जापान, पाकिस्तान और मलेशिया से भिड़ेगा।

श्रीजेश का मानना है कि नीदरलैंड के डेनिस वान डी पोल के साथ नियमित गोलकीपिंग शिविर बड़े आयोजनों से पहले समस्याओं को दूर करने में वरदान साबित हुआ है। गोलकीपिंग कोच डेनिस 13 जुलाई से 19 जुलाई तक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ विशेष शिविर का आयोजन कर रहे हैं। इसके बाद वह हांग्जो एशियाई खेल 2023 से पहले 7 सितंबर से 14 सितंबर तक एक और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेंगे।

डेनिस के साथ मिलकर काम करने के बारे में श्रीजेश ने कहा, "डेनिस वैन डे पोल एक शानदार कोच हैं। उनके अनुभव और क्षमता वाले किसी व्यक्ति के साथ मिलकर काम करना निश्चित रूप से उपयोगी रहा है। हमारे पास आगे महत्वपूर्ण टूनार्मेंट होने वाले हैं और मेरा मानना है कि हमने यहां

उनके समय का अच्छा उपयोग किया है। खासकर युवा गोलकीपरों के लिए उनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और कोचिंग कौशल ने निश्चित रूप से मदद की है। हमने पीसी डिफेंस, पेनल्टी शूटआउट और सबसे महत्वपूर्ण हमारे फुटवर्क सहित विभिन्न अभ्यासों पर काम किया है।" श्रीजेश ने कहा, "फिलहाल, मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, मेरा तत्काल ध्यान 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन- अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट पर है, जहां हम जो कुछ भी करना चाहते हैं उसे निष्पादित करना चाहेंगे, हमने शिविर में अभ्यास किया है और हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 एक मंच होगा यह देखने के लिए कि सितंबर में महत्वपूर्ण एशियाई खेलों से पहले हम कहां खड़े हैं।"

हॉकी प्रशंसक भी 16 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद चेन्नई में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी से खुश हैं। चेन्नई ने इससे पहले 2007 में पुरुष हॉकी एशिया कप की मेजबानी की थी, जिसमें भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-2 से हराकर ट्रॉफी जीती थी। चेन्नई द्वारा एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने और 16 साल बाद राज्य में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर अपने विचार साझा करते हुए गोलकीपर ने कहा, "चेन्नई को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करते हुए देखना अच्छा है। मुझे यकीन है कि प्रशंसक मैचों का आनंद लेंगे और बड़ी संख्या में हमारा समर्थन करने आएंगे। चेन्नई के दर्शक हॉकी के प्रति बहुत भावुक और जानकार हैं और वे हमसे भी इससे कम की उम्मीद नहीं करेंगे। हम एक टीम के रूप में चेन्नई में खेलने के लिए उत्सुक हैं और मुझे यकीन है कि हम दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।"

क्रिप्टो करेंसी मार्केट- बिटकॉइन 30 हजार डॉलर के स्तर से नीचे लुढ़का

टॉप 10 में शामिल 8 क्रिप्टो करेंसीज रेड जोन में

नई दिल्ली (हि.स.)। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज जबरदस्त दबाव की स्थिति बनी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन आज टूटकर 30 हजार डॉलर के स्तर से नीचे पहुंच गई है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी आज 1,900 डॉलर के स्तर के नीचे पहुंच गई है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि पिछले 24 घंटे के कारोबार में मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसी में से 8 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं।

अगर ओवरऑल क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें तो पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में भी गिरावट आई है। इस अवधि में क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 0.64 प्रतिशत कमजोर हो गया है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप 1.20 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 98.46 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के अनुसार शाम 5 बजे तक 1 बिटकॉइन की कीमत 0.76 प्रतिशत कमजोर होकर 29,982.95 डॉलर यानी 24.60 लाख रुपये के स्तर पर पहुंच गई थी। इसी तरह एथेरियम भी 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,899.90 डॉलर के स्तर तक पहुंच गया है।

शाम 5 बजे तक बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य प्रमुख क्रिप्टो करेंसीज में टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 1.20 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, कार्डानो 2.08 प्रतिशत, सोलाना 7.34 प्रतिशत, और डोजेकॉइन 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर पिछले 24 घंटे के कारोबार में टॉप 10 में शामिल एक्सआरपी 1.88 प्रतिशत और ट्रॉन 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान प्रमुख आभासी मुद्राओं की कीमत में आई गिरावट के बावजूद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में करीब 3,425 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.81 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन देन हुई है। पिछले 1 दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 9.53 प्रतिशत अधिक रहा है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी 0.06 प्रतिशत घट कर 48.53 प्रतिशत हो गई है।

देश में कोयला का भंडार 34 फीसदी बढ़कर 10.3 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली(हि.स.)। देश में मौजूद कुल कोयला भंडार 16 जुलाई को 34 फीसदी बढ़कर 10.3 करोड़ टन हो गया है। वहीं, ताप विद्युत संयंत्रों के पास 3.34 करोड़ टन कोयले का भंडार था। यह एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 28 फीसदी अधिक है। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में यह जानकारी दी है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक 16 जुलाई को खदानों के बाहर, परिवहन के दौरान और ताप विद्युत संयंत्रों के पास उपलब्ध कोयले की कुल मात्रा 10.3 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 34 फीसदी अधिक है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि सभी केंद्रीय कोयला उत्पादक कंपनियों और राज्य कंपनियों के साथ समन्वय से काम कर रहा है, बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई भी दिक्कत नहीं है। बयान के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में 16 जुलाई तक कोयला उत्पादन बढ़कर 25.85 करोड़ टन हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 23.66 करोड़ टन था। इस दौरान बिजली संयंत्रों को 23.3 करोड़ टन कोयला भेजा गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 22.4 करोड़ टन रहा था। मंत्रालय ने कहा कि कोयला कंपनियों ने बड़ी खदानों से कोयले की सुगम निकासी के लिए सीमेंट वाली सड़कें बनाई हैं। वहीं, नौ कोयला खदानों से रेलवे गोदाम तक परिवहन अब मशीनीकृत कोयला हैंडलिंग संयंत्रों से होने लगा है।

गौतम अडाणी का आरोप- हिंडनबर्ग रिपोर्ट से हुई हमारी छवि खराब करने की कोशिश

नई दिल्ली (हि.स.)। अडाणी समूह के गौतम अडाणी ने मंगलवार को एक बार फिर कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट गलत और निराधार है। यह रिपोर्ट जानबूझकर हमारी छवि खराब करने और समूह को बदनाम करने के लिए लगाए गए थे। उन्होंने समूह की कंपनियों की आम सभा (एजीएम) को वर्चुअली संबोधित करते हुए ये बात कही। हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर अडाणी ने कहा कि 'हिंडनबर्ग रिपोर्ट भ्रामक और निराधार आरोपों पर आधारित थी। रिपोर्ट में लगाए गए आरोप 2004 से 2015 के बीच के थे। उस समय संबंधित अथॉरिटी ने उन्हें सही कर लिया था। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण प्रयास था। गौतम अडानी ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। साल 2030 तक तीसरी और 2050 तक भारत की इकोनॉमी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। इसके लिए केंद्र में स्थाई सरकार होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें देश के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का पूरा भरोसा है। अडाणी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी क्रेडिट एजेंसी ने अडाणी समूह की रेटिंग में कोई कटौती नहीं की है। उल्लेखनीय है कि इस साल 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में समूह पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। इसके बाद समूह के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। अडाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 3500 रुपये प्रति शेयर से गिरकर 1000 रुपये के करीब आ गया था।

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों पर दबाव

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। कंपनियों के अच्छे तिमाही नतीजों के कारण वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। लेकिन यूरोपीय बाजार दबाव का सामना करने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी आज लगातार दबाव बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट में उत्साह का माहौल बना रहा। डाओ जोंस 76.32 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 34,585.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,522.79 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 131.25 अंक यानी 0.93 प्रतिशत की तेजी के साथ 14,244.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक कंपनियों के अच्छे नतीजों की वजह से तो अमेरिकी बाजार में सकारात्मक रुख बना ही, मंदी की आशंका में कमी आने की रिपोर्ट आने से भी वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक उत्साहित बने रहे। गोल्डमैन सैक्स ने मंदी आने की आशंका के अनुमान को अपनी एक रिपोर्ट में कम कर दिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले 1 साल की अवधि में अमेरिका में मंदी आने की आशंका में कमी आई है। गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी कंज्यूमर सेंटीमेंट्स में सुधार हो रहा है। इसके साथ ही महंगाई दर में भी तुलनात्मक तौर पर गिरावट आई है। सबसे बड़ी बात यह है कि लिस्टेड कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे हैं, जिससे मंदी की आशंका 25 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत तक आ गई है। यूरोपीय बाजार पिछले कारोबारी सत्र में लगातार दबाव का सामना करता रहा। यूरोपीय बाजार के तीनों सूचकांक पिछले कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,406.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स में 1.14 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 7,291.66 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.23 प्रतिशत टूट कर 16,068.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से सिर्फ दो बाजारों के सूचकांक मामूली बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। निक्केई इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 32,404.41 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,529.67 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। दूसरी ओर गिफ्ट निफ्टी 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,765 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,248.90 अंक के स्तर तक लुढ़क गया है। हैंग सेंग इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 421.73 अंक यानी 2.17 प्रतिशत की बड़ी गिरावट का शिकार होकर 18,992.05 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स भी 0.38 प्रतिशत टूट कर 17,269.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.51 प्रतिशत फिसल कर 2,605.62 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत गिर कर 6,839.21 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.36 प्रतिशत कमजोर होकर 3,198.26 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने चीन के वित्त मंत्री लियू कुन से मुलाकात की

गांधीनगर/नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चीन के वित्त मंत्री लियू कुन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने तथा वैश्विक ऋण संबंधी समस्याओं से निपटने के तरीकों पर चर्चा की। गांधीनगर (गुजरात) में चल रही एफएमसीबीजी की दो दिवसीय बैठक के आखिरी दिन जी-20 के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की तीसरी बैठक से इतर यहां दोनों मंत्रियों ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं, मुद्रास्फीति, व्यापार की स्थिति पर चर्चा की। इसके साथ ही आर्थिक वृद्धि एवं विकास के लिए एक बेहतर कारोबारी वातावरण बनाने पर जोर दिया। सीतारमण ने चीन के अपने समकक्ष से मुलाकात के दौरान जी-20 अध्यक्षता के तहत किए जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की। चीन के वित्त मंत्री लियू कुन ने जी-20 में भारत के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि अभी तक इसमें काफी कुछ हासिल किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान सतत वित्त कार्य-समूह के सह-अध्यक्ष के रूप में चीन के प्रयासों की भी सराहना की।

सेबी ने वेणुगोपाल धूत के बैंक और डीमैट खातों की कुर्की का दिया निर्देश

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने वीडियोकॉन समूह के संस्थापक वेणुगोपाल धूत के बैंक और डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड में जमा राशि कुर्क करने का आदेश दिया है। ये आदेश कुल 5.16 लाख रुपये बकाया की वसूली के लिए दिया गया है। सेबी ने धूत के ऊपर मार्च में यह जुर्माना लगाया था। बाजार नियामक सेबी की ओर जारी कुर्की नोटिस के मुताबिक वेणुगोपाल धूत के ऊपर 5.16 लाख करोड़ रुपये का जुर्माना बकाया है। इसमें पांच लाख रुपये के जुर्माने के साथ 15 हजार रुपये ब्याज तथा एक हजार रुपये वसूली लागत है। बाजार नियामक ने बकाया वसूलने के लिए सभी बैंकों, डिपॉजिटरी-सीडीएसएल, एनएसडीएल और म्यूचुअल फंड से कहा कि वे धूत के खातों से किसी भी तरह की निकासी की अनुमति न दें। इसके अलावा बैंकों को वेणुगोपाल धूत के लॉकर सहित सभी खातों को कुर्क करने का भी निर्देश दिया गया है। सेबी ने धूत के ऊपर मार्च में जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना सुप्रीम एनर्जी में जुड़े हित के साथ कुछ लेन-देन के संदर्भ में क्वॉलिटी टेक्नो एडवाइजर्स प्राइवेट लि. और क्रेडेन्शियल फाइनेंस लि. के आपस में जुड़े होने के बारे में खुलासा नहीं करने को लेकर लगाया गया था।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

नई दिल्ली (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.20 डॉलर यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 78.70 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

शेयर बाजार में तेजी का रिकॉर्ड, नए ऑल टाइम हाई पर सेंसेक्स और निफ्टी

नई दिल्ली (हि.स.)। ग्लोबल मार्केट के मिले-जुले संकेत और एशियाई बाजारों में दबाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला भी जारी है। घरेलू शेयर बाजार ने एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में ही दोनों सूचकांकों ने तेज उछाल के साथ मजबूती का एक और नया रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से नीचे आ गए। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

घरेलू शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन भी रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रहा। पहले 1 घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स बाजार ने ऑल टाइम हाई ओपनिंग और ऑल टाइम हाई लेवल का रिकॉर्ड बना दिया। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स उछलकर 67 हजार अंक के स्तर के काफी करीब पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी ने भी उछल कर 19,800 अंक के स्तर को पार कर लिया। लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू कर देने की वजह से दोनों सूचकांक सर्वोच्च शिखर से फिसल कर थोड़ा नीचे आ गए।

पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, एक्सिस बैंक, अडाणी इंटरप्राइजेज, आईसीआईसीआई बैंक और बीपीसीएल के शेयर 1.22 प्रतिशत से लेकर 1 प्रतिशत तक की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एलटी माइंडट्री, टाइटन कंपनी, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा के शेयर 2 प्रतिशत से लेकर 0.72 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,910 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,082 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 828 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 239.03 अंक की मजबूती के साथ 66,828.96 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही सेंसेक्स उछलकर 66,985.50 अंक के सर्वोच्च शिखर तक पहुंचा। इसके बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों द्वारा बिकवाली शुरू कर जाने की वजह से इसमें गिरावट आती चली गई। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 193.44 अंक की मजबूती के साथ 66,783.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 76.05 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 19,787.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही ये सूचकांक उछल कर 19,811.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में शुरू हुई बिकवाली के कारण इस सूचकांक में भी गिरावट आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 51.50 अंक की बढ़त के साथ 19,762.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

मिले जुले ग्लोबल संकेतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में घरेलू शेयर बाजार ने भी मामूली मजबूती के साथ कारोबार की शुरुआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 126.69 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,716.62 अंक के स्तर पर था। निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 50.05 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,761.50 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 529.03 अंक यानी 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 66,589.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी ने 146.95 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,711.45 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी के बावजूद निवेशकों को 45 हजार करोड़ का घाटा

नई दिल्ली (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला आज लगातार चौथे कारोबारी दिन भी जारी रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज एक बार फिर ट्रिपल रिकॉर्ड बनाने में सफलता हासिल की। दोनों सूचकांक सर्वोच्च स्तर पर खुले। इसके बाद दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम किया। दिन के कारोबार के दौरान मुनाफावसूली के दबाव की वजह से इन दोनों सूचकांकों में ऊपरी स्तर से गिरावट जरूर आई, इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी क्लोजिंग का ऑल टाइम हाई रिकॉर्ड बनाने में भी सफल हुए। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार में आईटी और पावर सेक्टर के शेयरों में आमतौर पर खरीदारी का रुख बना रहा। दूसरी ओर कमोडिटी, रियल्टी, टेलीकॉम और मेटल सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। बाजार में तेजी का रिकॉर्ड बनने के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

सेंसेक्स और निफ्टी में आई तेजी के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से स्टॉक मार्केट के निवेशकों को करीब 45 हजार करोड़ रुपये का चूना लग गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 303.14 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 303.59 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 45 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,548 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,412 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,013 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। हालांकि 123 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,061 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 764 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,297 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स 239.03 अंक की मजबूती के साथ 66,828.96 अंक के स्तर पर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाते हुए खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। सुबह 11 बजे के थोड़ी देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स मजबूती का नया इतिहास रचते हुए 417.09 अंक की उछाल के साथ 67,007.02 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण अगले 1 घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक ऊपरी स्तर से करीब 430 अंक का गोता लगाकर लाल निशान में 66,574.47 अंक तक लुढ़क गया। दिन के दूसरे कारोबारी सत्र में सेंसेक्स की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 205.21 अंक की मजबूती के साथ 66,795.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 76.05 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाते हुए 19,787.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार में लगातार जारी उतार-चढ़ाव के बीच खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने 11 बजे के थोड़ी देर बाद 108 अंक की मजबूती के साथ 19,819.45 अंक के अभी तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने पर कुछ देर के लिए ये सूचकांक लाल निशान में 19,690.20 अंक तक भी गिरा। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 37.80 अंक की तेजी के साथ 19,749.25 अंक के स्तर पर कारोबार का अंत किया।

कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस 3.67 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 1.53 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजी 1.17 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.85 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प 0.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। उधर, एलटी माइंडट्री 2.60 प्रतिशत, एचडीएफसी लाइफ 1.59 प्रतिशत, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज 1.54 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 1.46 प्रतिशत और टाइटन कंपनी 1.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

आईपीओ लॉन्चिंग करने में सबसे आगे पहुंचा भारत

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय शेयर बाजार में आई तेजी का असर देश में आईपीओ की लॉन्चिंग पर भी पड़ा है। दुनिया भर में आर्थिक मंदी की आशंका बनने के बावजूद भारत में दनादन आईपीओ लॉन्च हो रहे हैं। इस साल अभी तक भारत के स्टॉक एक्सचेंजों में 80 लिस्टिंग हो चुकी है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। अर्न्स्ट एंड यंग की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल स्मॉल टू मीडियम इंटरप्राइज (एसएमई) से जुड़े आईपीओ की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसी वजह से आईपीओ की लिस्टिंग में भी तेजी आई है। साल 2022 में पहले 6 महीने के दौरान कुल 60 आईपीओ की लॉन्चिंग हुई थी, लेकिन इस साल इसमें 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

अर्न्स्ट एंड यंग की रिपोर्ट के अनुसार एसएमई से जुड़े आईपीओ की संख्या में बढ़ोतरी होने का सीधा मतलब देश में उद्यमी गतिविधियों में इजाफा होना है। इसकी वजह से विषम वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद देश की आर्थिक

गतिविधियां लगातार सकारात्मक बनी हुई है। इन वजहों से ही घरेलू शेयर बाजार भी लगातार मजबूती की ओर बढ़ रहा है और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को नए निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। इस रिपोर्ट के मुताबिक इस साल लांच हुए आईपीओ में टेक्नोलॉजी सेक्टर के अलावा इंडस्ट्रियल, हेल्थ और लाइफ साइंस सेक्टर से जुड़े आईपीओ की भरमार रही है। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के आईपीओ भी इस साल लॉन्च हुए हैं। आईपीओ लॉन्चिंग की संख्या में बढ़ोतरी की वजह बताते हुए इस रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई पर प्रभावी तरीके से काबू पाने, रिस्क फैक्टर में कमी होने और बाजार में अनिश्चितता का माहौल कम होने की वजह से ज्यादातर कंपनियों को अभी आईपीओ लाने का बेहतर मौका नजर आ रहा है। इस साल आईपीओ लॉन्चिंग में आई तेजी के कारण वैश्विक स्तर पर आईपीओ लॉन्चिंग के मामले में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ी है। पूरी दुनिया में इस साल जितने आईपीओ लॉन्च हुए हैं, उनमें भारत की हिस्सेदारी करीब 13 प्रतिशत हो चुकी है। इसके साथ ही आईपीओ लॉन्च करने के मामले में भारत दुनिया के तमाम देशों से आगे निकल गया है। साथ ही बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इस साल की पहली छमाही (जनवरी से जून) के अंत तक दुनिया के टॉप एक्सचेंज बनने की कतार में आ गए हैं।

अर्जेंटीना से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग पर बनी सहमति

नई दिल्ली (हि.स.)। चार दिनों की भारत यात्रा पर आये अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज एनरिक तायाना के साथ मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और रक्षा सहयोग को और ज्यादा मजबूत करने पर व्यावहारिक विचार-विमर्श किया। इससे पहले तायाना ने आज सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। तायाना चार दिनों की भारत यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। उन्होंने आज दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बातचीत की।अर्जेंटीनियाई रक्षा मंत्री के इस दौरे में भारत के साथ चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1 ए और एलसीएच प्रचंड के लिए 8675 करोड़ रुपये का सौदा होने की भी संभावना है। इसीलिए यात्रा के दौरान उनका बेंगलुरु जाने का भी कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज ने 24 जून, 2022 को जर्मनी के म्यूनिख में जी-7 शिखर सम्मेलन के मौके पर अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की थी। इसके बाद अर्जेंटीना ने 2022 में अपनी वायु सेना के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस में रुचि व्यक्त की थी। अर्जेंटीना के रक्षा मंत्री और वायुसेना प्रमुख ने एयरो इंडिया-2023 में तेजस में उड़ान भरकर इस विमान को खरीदने की इच्छा जताई थी। सौदे की बात आगे बढ़ाते हुए इस जून की शुरूआत में अर्जेंटीना में भारतीय राजदूत दिनेश भाटिया ने अर्जेंटीना वायु सेना के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जेवियर इसाक से चर्चा की थी।

रक्षा मंत्री जॉर्ज तायाना के भारत पहुंचने पर सोमवार को अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि एचएएल की तकनीकी टीम से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में राजदूत दिनेश भाटिया के साथ अर्जेंटीना वायु सेना के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल जेवियर इसाक होंगे, ताकि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में निर्मित तेजस लड़ाकू विमानों और विभिन्न हेलिकॉप्टरों के बारे में चर्चा की जा सके।

दरअसल, अर्जेंटीना को 12 हल्के लड़ाकू विमानों की जरूरत है, जिसके लिए उसे चीन और एचएएल से आशय पत्र मिला है। शुरूआत में माना जा रहा था कि यह सौदा भी चीनी जेएफ-17 बनाम तेजस मुकाबला बन गया है, लेकिन एचएएल ने इस मामले को तेजी से आगे बढ़ाया है।

ट्रक से टकराने के बाद कार में लगी आग, हरिद्वार के चार लोग जिंदा जले

हरिद्वार (हि.स.)। सहारनपुर-अंबाला मार्ग पर मंगलवार दोपहर को अंबाला हाईवे पर पुल एक ट्रक ने कार की टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार में आग लग गई, जिससे कार सवार चार लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सभी मृतक हरिद्वार की उपनगरी ज्वालापुर के निवासी बताए गए हैं। जानकारी के मुताबिक सहारनपुर के अंबाला हाईवे पर पुल के ऊपर एक कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। कार में चार लोग सवार थे। टक्कर लगते ही कार में आग लग गई और उसमें सवार सभी चार लोग जिंदा जल गए। कार के दरवाजे लॉक हो जाने के कारण कोई भी बाहर नहीं निकल पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बुरी तरह से जल चुके शवों को गाड़ी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही थाना रामपुर मनिहारान पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची जांच में जुटी गई तथा कार को हाईवे से हटाकर चुनेटी थाने लेकर आई। दुर्घटना में मारे गए लोगों की पहचान उमेश गोयल (70 वर्ष), सुनीता गोयल (85 वर्ष) निवासी बसंत विहार, अमरीश जिंदल (55 वर्ष) और नीता (50 वर्ष) निवासी वडेरा नर्सिंग होम के पास ज्वालापुर, हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति 21 जुलाई को आएंगे भारत

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 21 जुलाई को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। वर्तमान जिम्मेदारियां संभालने के बाद से यह राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की पहली भारत यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति विक्रमसिंघे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। वे प्रधान मंत्री और अन्य भारतीय गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी और विजन सागर में एक महत्वपूर्ण भागीदार हैं। यह यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती को मजबूत करेगी और सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग के रास्ते तलाशेगी।

कारगिल युद्ध में जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाएंगीं तीनों सेनाओं की महिलाएं

नई दिल्ली (हि.स.)। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास तक 'नारी सशक्तिकरण महिला मोटरसाइकिल रैली' शुरू हुई। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तीनों सेनाओं की महिला मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थल सेनाध्यक्ष ने ऐसी चुनौतीपूर्ण यात्रा करने के लिए पूरी टीम को सराहा, जो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। मोटरसाइकिल रैली की 25 सदस्यीय टीम में दो वीर नारी शामिल हैं, जिनमें से एक सेवारत अधिकारी है। इसके अलावा भारतीय सेना में 10 सेवारत महिला अधिकारी, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना से एक-एक महिला अधिकारी, भारतीय सेना की तीन महिला सैनिक और आठ सशस्त्र अधिकारी हैं। महिलाओं की यह टीम कारगिल युद्ध में सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का जश्न मनाएगी और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देगी। यह रैली लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय करके 25 जुलाई को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेगी। इस दौरान मोटरसाइकिल रैली हरियाणा, पंजाब के मैदानी इलाकों और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचे पहाड़ी दर्रों से गुजरेगी। अपनी यात्रा के दौरान टीम एनसीसी कैडेटों, विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्रों और वीर नारियों के साथ बातचीत करेगी। इस रैली के लिए भारतीय सेना ने टीवीएस मोटर कंपनी के साथ साझेदारी की है और प्रतिभागी टीवीएस रोनिन मोटरसाइकिल पर सवार होंगे। इस अवसर पर आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष अर्चना पांडे भी उपस्थित थीं। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर ध्वजारोहण के लिए टीवीएस मोटर कंपनी के प्रमुख व्यवसाय-प्रीमियम और अन्य प्रायोजकों सहित कई सैन्य और नागरिक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। रैली के सदस्यों को कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हुए लोगों ने प्रेरित और उत्साहित किया।

विपक्षी गठबंधन हताश और निराश दलों का है: अनुप्रिया पटेल

नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय मंत्री और अपना दल की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन हताश और निराश दलों का है। पिछले चुनावों में इन्हें जनता ने अस्वीकार कर दिया। इसके बावजूद सभी को नया प्रयोग करने का अधिकार है लेकिन इस कोशिश का कोई परिणाम निकलने वाला नहीं है। आने वाले आम चुनावों में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। एनडीए की बैठक पर अनुप्रिया ने कहा कि आज की बैठक के लिए देशभर से राजनीतिक दल दिल्ली आ रहे हैं। आज की बैठक में सीट बंटवारे का कोई एजेंडा नहीं है। हम एनडीए की एकजुटता का संदेश देंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की शाम एनडीए के सभी राजनीतिक दलों की बैठक होने वाली है। इस बैठक में 38 राजनीतिक दल शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक को बताया कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन

नई दिल्ली, 18 जुलाई (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष की बेंगलुरु बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 24 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों का लेबल कुछ और माल कुछ है।

प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पोर्ट ब्लेयर के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के लोग 2024 के चुनाव में फिर एक बार हमारी सरकार वापस लाने का मन बना चुके हैं, निर्णय ले चुके हैं। ऐसे में भारत की बदहाली के जिम्मेदार कुछ लोग अपनी दुकान खोलकर बैठ गए हैं। मोदी ने कहा, इन्हें देखकर मुझे एक कविता की कुछ लाइनें याद आ गई है, जो अवधी भाषा में लिखी गई है - गाइत कुछ है, हाल कुछ है, लेबल कुछ है, माल कुछ है। 24 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों पर ये बिल्कुल सटीक बैठता है। उन्होंने कहा कि ये लोग देश के लोकतंत्र और संविधान को अपना बंधक बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने आगे जोड़ा, नफरत है घोटाले हैं, तुष्टीकरण है मन काले हैं, परिवारवाद की आग के दशकों से देश हवाले है। उन्होंने कहा कि इनके लिए देश के गरीबों के बच्चों का विकास नहीं बल्कि अपने बच्चों और भाई-भतीजों का विकास मायने रखता है। इनकी एक ही विचारधारा और एजेंडा है अपना परिवार बचाओ, परिवार के लिए भ्रष्टाचार बढ़ाओ। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये जो जमात इकट्ठी हुई है, उनके कुनबे में बड़े से बड़े घोटालों पर, अपराधों पर इनकी जुबान बंद हो जाती है। जब किसी एक राज्य में इनके कुशासन की पोल खुलती है, तो दूसरे राज्यों के ये लोग फौरन उसके बचाव में तर्क देने लगते हैं। लोग कह रहे हैं कि यह (बेंगलुरु विपक्ष बैठक) भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग (विपक्ष) इकट्ठा हुए हैं, वे सभी अपने भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर चुप रहते हैं। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा हुई थी और वे सभी शांत थे। कांग्रेस और वामपंथी कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रहे थे। लेकिन उनके नेता इतने स्वार्थी थे कि उन्होंने कार्यकताओं को उस गंभीर स्थिति में छोड़ दिया। तमिलनाडु में, भ्रष्टाचार के कई मामले अब उजागर हो रहे हैं लेकिन वे (विपक्ष) पहले ही क्लीन चिट का दावा कर चुके हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वीर सावरकर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा, ह्लअब तक, वर्तमान टर्मिनल की क्षमता प्रतिदिन 4,000 पर्यटकों को संभालने की थी। हालांकि, इस नए टर्मिनल के साथ, क्षमता बढ़कर 11,000 पर्यटकों तक पहुंच गई है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने 9 वर्षों में अंडमान विभाग के लिए 48,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो पिछली सरकार के खर्च से दोगुना है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से अंडमान में पर्यटकों की आमद दोगुनी हो गई है, आने वाले वर्षों में यह कई गुना बढ़ जाएगी उन्होंने कहा कि हम अंडमान में सबमरीन ऑप्टिकल केबल फाइबर लाए, पोर्ट ब्लेयर में मेडिकल कॉलेज बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में हमने संवेदनशीलता के साथ पूर्ववर्ती सरकारों की गलतियों को सुधारा है और नई सुविधाएं भी तैयार की हैं। भारत में विकास का एक नया मॉडल सामने आया है, यह मॉडल सबको साथ लेकर चलने का है, यह मॉडल 'सबका साथ सबका विकास' का है। उन्होंने कहा कि भारत में लंबे समय तक कुछ पार्टियों की स्वार्थी राजनीति के कारण विकास केवल बड़े शहरों तक ही सीमित था, जिसके कारण आदिवासी और द्वीपीय क्षेत्र विकास से वंचित रह गए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को भूमि सम्मान प्रदान किया

भूमि संबंधी जानकारी मुफ्त और सुविधाजनक तरीके से मिलने से कई फायदे होंगे

नई दिल्ली (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में भूमि सम्मान 2023 प्रदान किए। यह पुरस्कार उन नौ राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीमों के साथ प्राप्त हुए, जिन्होंने डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के मुख्य घटकों की संतृप्ति हासिल करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण विकास में तेजी लाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक बुनियादी आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ती है। भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण से देश के विकास पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ इसके जुड़ाव से कल्याणकारी योजनाओं के उचित कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। बाढ़ और आग जैसी आपदाओं के कारण दस्तावेजों के नुकसान की स्थिति में भी यह बहुत मददगार होगा।

राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि डिजिटल इंडिया भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत, एक विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जो आधार कार्ड की तरह उपयोगी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह संख्या भूमि के समुचित उपयोग के साथ-साथ नई कल्याणकारी योजनाओं को बनाने और लागू करने में मदद करेगी। ई-कोर्ट को भूमि रिकॉर्ड और पंजीकरण डेटा-बेस से जोड़ने से कई लाभ होंगे। डिजिटलीकरण से जो पारदर्शिता आ रही है, उससे जमीन संबंधी अनैतिक और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि भूमि संबंधी जानकारी मुफ्त और सुविधाजनक तरीके से मिलने से कई फायदे होंगे। उदाहरण के लिए इससे भूमि के स्वामित्व और उपयोग से संबंधित विवादों को सुलझाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी जमीन से जुड़े विवादों में उलझी हुई है और इन मामलों में प्रशासन और न्यायपालिका का काफी समय बर्बाद होता है। डिजिटलीकरण और सूचना के जुड़ाव के माध्यम से लोगों और संस्थानों की ऊर्जा, जो विवादों को सुलझाने में खर्च होती है, का उपयोग विकास के लिए किया जाएगा।

राष्ट्रपति ने मप्र के 15 कलेक्टरों को किया सम्मानित, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

भोपाल (हि.स.)। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉर्डनाइजेशन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में देश के कुल 75 जिलों के कलेक्टरों को सम्मानित किया। इनमें मध्य प्रदेश के 15 कलेक्टरों को भूमि सम्मान प्लेटिनम प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सम्मानित होने वाले जिला अधिकारियों और विभागीय टीम को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम में 99 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि के लिए मध्यप्रदेश के 15 जिलों सहित देश के कुल 75 जिलों कलेक्टर्स को भूमि सम्मान प्लेटिनम प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित हुआ। इस उपलब्धि के लिए राजस्व विभाग, तत्कालीन प्रमुख सचिव राजस्व मनीष रस्तोगी, सभी संबंधित जिला कलेक्टर तथा राजस्व रिकॉर्ड के डिजिटलाइजेशन में लगी टीम को बधाई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विदिशा कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अधीक्षक भू-अभिलेख विजय सिंह सराटिया को डिजिटल रिकार्ड संधारण कार्यों में राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्यों के संपादन पर पुरस्कृत किया। इसी तरह हरदा जिले के कलेक्टर ऋषि गर्ग, अपर कलेक्टर डीके सिंह और राजस्व निरीक्षक आनंद मोहन तिवारी तथा अनूपपुर जिले के कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा एसडीएम पुष्पराजगढ़ विवेक केवी व डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख दीपक पांडेय को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा भोपाल, उमरिया, खरगोन, अलीराजपुर, गुना, आगर-मालवा, नीमच, टीकमगढ़, उज्जैन, इंदौर, सिंगरौली और सीधी जिले के अधिकारियों को भी डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

नेपाल को मिलेंगे भारत से विस्फोटक

काठमांडू। नेपाल को जल्द ही निर्माण क्षेत्रों में उपयोग के लिए भारत से विस्फोटक मिलने वाला है। विस्फोटक लाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने के बाद भारत से विस्फोटक मिलेंगे। नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्णा प्रसाद भंडारी ने कहा कि भारत से विस्फोटक लाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। उन्होंने हिन्दुस्थान समाचार को बताया, 'भारत से विस्फोटक लाने की प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है।' भारत द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने पर नेपाल आने वाले विस्फोटकों के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए आयात रोक दिया गया है। फिलहाल चीन से विस्फोटकों का आयात किया जा रहा है, क्योंकि इससे नेपाल के निर्माण क्षेत्र पर असर पड़ेगा। सरकार द्वारा विस्फोटकों के आयात की अनुमति के लिए आवेदन करने वाली निजी कंपनियों को मंजूरी दिए जाने के बाद चीन से विस्फोटकों का आयात किया जाने लगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 को सीकर से किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करेंगे

सीकर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जुलाई को सीकर आएंगे। प्रधानमंत्री यहां जिला स्टेडियम में किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करेंगे। वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसी दिन पीएम प्रणाम योजना की शुरूआत भी करेंगे। पिछले 9 वर्षों में सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती के अथक प्रयास से यहां पर किसानों के लिए रेलवे, मेडिकल कॉलेज, सड़कों सहित अन्य विकास के कार्य करवाए हैं, उसको देखते हुए प्रधानमंत्री का यहां पर दौरा प्रस्तावित किया गया है।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने एक सवाल में बताया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाले अन्य राजनीतिक दलों का प्रभाव एक राज्य से दूसरे राज्य में नहीं है। इन दलों के नेताओं को उनके भ्रष्टाचार के कारण जेल भेजा जा रहा है, इससे बचने के लिए ये गठबंधन बना रहे हैं। पत्रकार वार्ता के बाद केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री ने जिला स्टेडियम का दौरा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

बडगाम से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

बडगाम (हि.स.)। बडगाम से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने सेना की 62 आरआर के साथ मिलकर जिला बडगाम के बीरवाह इलाके से 04 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सहयोगियों की पहचान मुश्ताक अहमद लोन पुत्र अब्दुल रशीद लोन निवासी गोंडीपोरा बीरवाह, अजहर अहमद मीर पुत्र नजीर अहमद मीर निवासी चेवदारा बीरवाह, इरफान अहमद सोफी पुत्र अब्दुल रशीद सोफी निवासी अरवाह बीरवाह और अबरार अहमद मलिक पुत्र अब्दुल अरवाह बीरवाह निवासी अहद मलिक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह चारों प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं। उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। सभी बरामद सामग्री को आगे की जांच के लिए केस रिकॉर्ड में ले लिया गया है। इस संदर्भ में पुलिस स्टेशन बीरवाह में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है।

सीमा सुरक्षा बल के जवान ने की आत्महत्या

जैसलमेर(हि.स.)। सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बटालियन के एक जवान ने अपनी ही राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक सूचना के अनुसार जवान का नाम संदीप (32) है। वह (गुलबर्गा) कर्नाटक का रहने वाला था। घटना के बाद जवान को जैसलमेर स्थित सरकारी चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। बल के सूत्रों ने संदीप के खुद को गोली मारकर आत्महत्या की दूरभाष पर पुष्टि की है। जवान भारत-पाक सीमा पर बल की 154वीं बटालियन में धनाना फारवर्ड पर तैनात था। आत्महत्या की सूचना पर सम थाना पुलिस तथा बल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस व सीमा सुरक्षा बल संदीप के आत्महत्या के कारणों की जांच करेंगे।

रूस का एकतरफा फैसला, यूक्रेन के साथ 'काला सागर खाद्यान्न समझौता' खत्म

मॉस्को (हि.स.)। यूक्रेन पर रूसी हमले के बावजूद काला सागर के रास्ते खाद्यान्न आपूर्ति के लिए रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा समझौता रूस ने एकतरफा फैसला कर खत्म कर दिया है। रूस के इस फैसले से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य संकट उत्पन्न होने का खतरा है। यूक्रेन पर हमले के बाद दुनिया पर तब खाद्यान्न संकट मंडराने लगा था, जब काला सागर के रास्ते से खाद्यान्न आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा सामने आया था। बाद में रूस और यूक्रेन ने इस मसले पर समझौता हुआ कि दोनों देश एक दूसरे के मालवाहक जलयानों पर हमले नहीं करेंगे। अब रूस ने एकतरफा फैसला लेकर इस समझौते को खत्म करने का एलान किया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस ने खाद्यान्न समझौते से स्वयं को अलग कर लिया है। पेस्कोव ने कहा कि रूस की कुछ मांगें हैं, जब तक इन्हें पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक इस समझौते पर अमल शुरू नहीं किया जाएगा। स का यह फैसला दुनिया के लिए खतरनाक करार दिया जा रहा है और हर तरफ इस फैसले का विरोध हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कहा है कि इससे लाखों लोगों के भूख से मरने का खतरा बढ़ जाएगा।

छत्तीसगढ़ को राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों मिला भूमि सम्मान

रायपुर (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को भूमि सम्मान से नवाजा गया। उसके साथ ही प्रदेश के दो जिलों सरगुजा और बेमेतरा को भी भूमि प्रबंधन और प्रशासन के लिए भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश को भूमि प्रबंधन के लिए सम्मान मिलना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने प्रदेश के राजस्व विभाग और सरगुजा तथा बेमेतरा जिला प्रशासन को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉडर्नाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) अंतर्गत प्रदेश में बेहतर काम हुए है, जिससे आम लोगों को भूमि संबंधी जानकारियां मिलना आसान हुआ है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) अंतर्गत प्रदेश में भूमि प्रबंधन से जुड़े 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इसी तरह भूमि प्रबंधन से जुड़े चार घटकों, लैण्ड रिकार्ड का डिजिटाइजेशन, पंजीयन कार्यालय से समन्वय, मॉडल रिकार्ड रूम की स्थापना में प्रदेश के सरगुजा और बेमेतरा जिले में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ये जिले भूमि प्रबंधन में देश के शीर्ष जिलों में शामिल हैं।

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तर में नीलम नामदेव एक्का सचिव राजस्व विभाग, किरण कौशल महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, रमेश शर्मा संचालक भू-अभिलेख ने राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों लैंड गवर्नेंस और प्रशासन में छत्तीसगढ़ को मिला भूमि सम्मान ग्रहण किया। इसी प्रकार बेमेतरा कलेक्टर पीएस एल्मा और सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार ने राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान ग्रहण किया।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*), फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)